आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 142, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा 15

फिल्म मटका से वापसी करेंगी नोरा फतेही 16




**गार्ड ऑफ ऑनर**

प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमी पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए सोमवार को मॉस्को पहुंचे। जहां राष्ट्रपति पुतिन ने उनका भव्य स्वागत किया। मॉस्को हवाई अड्डे पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# कुमाऊं में चार दिन बाद थमी बारिश, राहत की सांस

संवाददाता, हल्द्वानी

- अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम तक पहुंची गौला नदी, लालकुआं में रेलवे स्टेशन डूबा, कई ट्रेनें निरस्त
- हल्द्वानी - अल्मोड़ा व टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग बंद लोगों को रही है परेशानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं में चार दिनों से हो रही बारिश सोमवार शाम थम गई। बारिश रुकने से बड़ी राहत मिली है। गौला नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से बड़े पैमाने पर भूकटाव हो रहा था। सुबह गौला नदी का तेज बहाव अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम तक पहुंच गया था।

नदी और स्टेडियम के बीच दूरी बीस मीटर रह गई है। लालकुआं में रेलवे स्टेशन व ट्रैक पानी में डूब जाने से काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, लालकुआं-बरेली पैसेंजर ट्रेन और लालकुआं-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन निरस्त कर दी गई। हल्द्वानी-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। जबकि टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग सुबह फिर बंद हो गया।



लालकुआं में रेलवे स्टेशन पानी में डूबा हुआ। ● अमृत विचार

**बंद हैं सडकें**

| | |
|---|---|
| नैनीताल | 32 |
| अल्मोड़ा | 19 |
| चंपावत | 35 |
| पिथौरागढ़ | 39 |
| बागेश्वर | 19 |

लगातार हो रही बारिश के चलते गौला नदी में सोमवार की सुबह बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। सुबह नदी का जलस्तर 37 हजार क्यूसेक को पार कर गया था। तेज बहाव से जबर्दस्त भूकटाव हो रहा था। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की तरफ नदी तेजी से कटाव कर रही थी। तेजी से हो रहे कटाव के चलते नदी और स्टेडियम के बीच दूरी सिर्फ 20 मीटर की रह गई। प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम ने मौके का दौरा कर वास्तविकता की जानकारी ली।

गौला नदी ने लालकुआं और बिंदुखत्ता क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नुकसान किया है। तेज बहाव की वजह से खेतों में कटाव कर नदी कई जगह आबादी के नजदीक तक पहुंच गई। रावतनगर, खुरियाखत्ता व श्रीलंका टापू से डेढ़ दर्जन परिवारो को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। प्रशासनिक अफसरों के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन टीमें लगातार स्थिति पर नजर रखे थी। लालकुआं व बिंदुखत्ता क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खेतों में कटान हुआ है। कई आबादी क्षेत्रों में जलभराव की वजह से दिक्कतें हुई। हल्द्वानी-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। दोपाटी व गरमपानी के बीच कई स्थानों पर बोल्डर लगातार गिर रहे थे। इसके चलते अल्मोड़ा से वाहनों को क्वारब से वाया नथुवाखान होकर भवाली भेजा जा रहा था। टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार शाम को खोल दिया गया था। लेकिन सोमवार सुबह कई स्थानों पर मलबा आ जाने से हाईवे फिर से बंद हो गया। पूर्णागिरी मार्ग भी कई दिनों से बंद है। इधर, टनकपुर से लगे गांव खेतखेड़ा में जल भराव से गौशाला में बंधी 18 बकरियों की मौत हो गई। जय सिंह पाल के गौशाला में बकरियां बंधी हुई थी जहां पानी के तेज बहाव में दम घुटने से बकरियों की मौत हो गई।




## एक नजर

### मुंबई में महंगी हुई सीएनजी और पीएनजी

**मुंबई।** दिल्ली के बाद में मुंबई में सीएनजी के दाम 1.50 रुपये प्रति किलो बढ़ गए हैं। जबकि पाइप के जरिए रसोई में पहुंचने वाली गैस यानी पीएनजी की कीमत एक रुपये बढ़ गई है। मुंबई और आसपास में वाहनों के लिए सीएनजी और पाइप के जरिए खाना पकाने की गैस उपलब्ध कराने वाली महानगर गैस लि. (एमजीएल) ने कहा कि बढ़ी हुई कीमतें 8 जुलाई की मध्यरात्रि से लागू होंगी।

### नीट-यूजी जांच : महाराष्ट्र से एक और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी में कथित हेरफेर करने के आरोप में एक व्यक्ति को महाराष्ट्र के लातूर से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने लातूर से जुड़े मामले में नंजुनेथप्पा जी नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। आरोप है कि लातूर के सरकारी स्कूल के दो शिक्षकों ने अभ्यर्थियों से सफलता सुनिश्चित करने के लिए करीब पांच लाख की मांग की थी।

# नीट पेपर लीक हुआ : कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-नीट-यूजी की शुचिता नष्ट हुई है तो पुनः परीक्षा का आदेश देना होगा**

**परीक्षा में धांधली से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी। पेपर लीक के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। कोर्ट ने गलत कृत्य करने वालों की संख्या के बारे में भी सवाल किया जिनकी अब तक पहचान हुई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई विवादास्पद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दे सकती है।

नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली 30 से अधिक याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए शीर्ष अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसकी जांच करनी होगी कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है, क्या उल्लंघन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित किया है और क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है। पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करता है और लाभार्थियों को दूसरों से अलग करना संभव नहीं है, फिर से परीक्षा का आदेश देना आवश्यक हो सकता है।



**विशेषज्ञों की टीम गठित हो ताकि फिर न हों ऐसी घटनाएं**

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जानेमाने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता 'नष्ट' हो गई है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा। पीठ ने कहा कि जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए। कहा कि यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी?

**पीठ ने कहा-हम लीक की सीमा का पता लहा रहे हैं**

पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की। पीठ ने सवाल किया कि गलत काम करने वाले कितने लोगों के परिणाम रोके गए हैं और हम ऐसे लाभार्थियों का भौगोलिक वितरण जानना चाहते हैं। पीठ नीट-यूजी में सफल गुजरात के 50 से अधिक अभ्यर्थियों की एक अलग याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को विवादित परीक्षा रद करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# कठुआ में सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, पांच जवान शहीद

कठुआ/जम्मू, एजेंसी

- छह जवान घायल, पहाड़ी इलाके में आतंकियों ने घात लगाकर फेंका ग्रेनेड
- पिछले चार सप्ताह के भीतर कठुआ जिले में हमले की यह दूसरी बड़ी घटना

जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के पहाड़ी इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए और छह अन्य घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। ये वाहन कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे माचेडी-किंडली-मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकी नजदीक के जंगलों में भाग गए। खबर लिखे जाने तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

एक अधिकारी ने कहा, 'कुल 10 सैनिक घायल हुए और चोटों के चलते उनमें से चार की जान चली गई।' अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे। पिछले चार सप्ताह में कठुआ जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है। तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।

इससे पहले रविवार कश्मीर घाटी के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। जिला कुलगाम में दो अलग-अलग जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के यह सफलता मिली। आतंकियों के पास हथियार भी बरामद किए गए। इस बीच 1एसईसी आरआर के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन के लिए एक बड़ा झटका है।

हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था। इस दौरान एक नागरिक घायल हुआ और सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ। हालांकि सुरक्षाबलों ने यहां दो आतंकी मार गिराए थे। ये दोनों आतंकी पाकिस्तानी पाए गए थे। दहशतगर्दों के कब्जे से पाकिस्तानी समान और हथियार बरामद हुए थे।

**रियासी में श्रद्धालुओं की बस को बनाया था निशाना**

रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे। बस में यूपी, दिल्ली और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे, जो शिवखोड़ी धाम में दर्शन कर कटड़ा की ओर जा रहे थे।

## मंगलौर और बदरीनाथ में उपचुनाव के लिए प्रचार थमा

**देहरादून।** राज्य में मंगलौर व बदरीनाथ सीट पर उपचुनाव हो रहा है। दोनों सीटों पर सोमवार शाम से प्रचार थम गया। 10 जुलाई को मतदान होना है।

हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट बसपा विधायक सरबत करीम अंसारी के निधन से रिक्त हुई है। अब इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने करतार सिंह भडाना को प्रत्याशी बनाया है। जबकि कांग्रेस ने पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन को मैदान में उतारा है। सोमवार की शाम से प्रचार थम गया। मंगलवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने राजेंद्र भंडारी को ही पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता लखपत बुटोला को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट के दुर्गम और अति दुर्गम स्थानों के लिए 17 पोलिंग पार्टियों को सोमवार को रवाना किया गया। 193 पोलिंग पार्टियां मंगलवार को जाएंगी। इस सीट पर पांच प्रत्याशी मैदान में हैं।

## गोशाला में घुसकर गुलदार ने 12 बकरियों को मार डाला

**टनकपुर, अमृत विचार :** बाराकोट ब्लॉक के रैघांव में रविवार की रात गुलदार ने एक गोशााला में घुसकर 12 बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। काली कुमाऊं के रेंजर आरके जोशी ने बताया कि बकरियों को गुलदार ने मारा है। पीड़ित को मुआवजा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार ग्राम रैघांव निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र मानसिंह की गोशाला में रविवार रात गुलदार घुस गया और बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। रात में बकरियों के जोर से मिमियाने की आवाज सुनकर त्रिलोक सिंह गोशाला में गए तो वहां गुलदार बैठा हुआ था। परिजनों ने शोर मचाया तो गुलदार रोशनदान से भाग निकला। गुलदार ने 10 बकरियों को गले पर वार कर मारा था। ग्रामीण हयात सिंह व धन सिंह ने बताया कि गुलदार ने उसी रात पदम सिंह की छह बकरियों को भी मार डाला। ग्राम प्रधान नेहा अधिकारी, हयात सिंह, लड़ीधुरा शैक्षिक मंच के अध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने वन विभाग से पीड़ित को मुआवजा देने और गुलदार पकड़ने की मांग की है।

# ऊधमसिंह नगर में चार युवक बाढ़ में डूबे

संवाददाता, खटीमा/शक्तिफार्म

- खटीमा में बाढ़ में फंसे परिवार को बचाने गए दो युवक डूबे, शक्तिफार्म में अलग-अलग नदियों में दो युवक बह गए

**अमृत विचार :** खटीमा में भारी बारिश और जलभराव में फंसे एक परिवार को बचाने पहुंचे दो युवकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शवों को बरामद किया। उधर, शक्तिफार्म क्षेत्र में काटना नदी में मछली पकड़ने गया युवक तेज बहाव में बह गया। एक अन्य घटना में खेत में खड़ा युवक बैगुल नदी के तेज बहाव के साथ बह गया। पुलिस व ग्रामीण युवकों की तलाश में जुटे रहे लेकिन उनका कहीं पता नहीं लगा।

खटीमा में मूसलाधार बारिश के चलते क्षेत्र में हुए जलभराव के चलते रिटायर्ड एलआईयू अफसर राजेन्द्र प्रसाद का मकान में बाढ़ में घिर गया था। सूचना मिलने पर ग्राम हल्दी घेरा निवासी प्रिंस कुमार (18) पुत्र राम कृपाल और सन्नी (20) पुत्र धर्मेंद्र कुमार बाढ़ में फंसे परिवार को रेस्क्यू करने वहां पहुंच गए। जैसे ही दोनों रेस्क्यू के लिए आगे बढ़े तभी पानी में सांप आ गया। सांप से बचने को दोनों इधर-उधर भागने लगे और तभी वे गहरे पानी में चले गए। दो युवकों के डूबने की सूचना पर तहसीलदार हिमांशु जोशी एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहायता से एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शवों को बरामद कर लिया। युवकों की मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दैवीय आपदा का शिकार हुआ सन्नी तीन भाइयों में सबसे छोटा था और आईटीआई कर रहा था। जबकि प्रिंस भी तीन भाइयों से छोटा था और कंप्यूटर का कोर्स कर रहा था।



मृतक प्रिंस कुमार और सन्नी। (फाइल फोटो)

शक्तिफार्म के निर्मल नगर ग्राम सभा के ग्राम 20 क्वार्टर निवासी संजीत मंडल पुत्र हजारी मंडल का खेत बैगुल नदी के किनारे है। बैगुल नदी में आई बाढ़ के बाद संजीत अपने भाई सूरज व एक अन्य युवक के साथ सोमवार को खेत की फसल देखने गया था। बताया जा रहा है संजीत अपने खेत पर जहां खड़ा था, वो हिस्सा बैगुल नदी के बहाव में समा गया। संजीत भी नदी में गिरकर बह गया। उसके भाई सूरज व दूसरे युवक ने जान बचाई।

वहीं निर्मल नगर निवासी जगदीश मंडल (40) पुत्र विनोद मंडल रविवार को धौरा डैम की सीमा पर काटना नदी में मछली पकड़ने गया था। देर शाम नदी में जाल फेंकते समय जगदीश नदी में गिरकर डूब गया। सूचना पर कोतवाल सितारगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम साथ रात तक उसकी तलाश में जुटे रही। लेकिन जगदीश का पता नहीं चला।

## बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार

- भागने की कोशिश में पुलिस की गोली लगने से घायल

**जालंधर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर ने एक बड़ी कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य सिमरनजीत सिंह उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी जिससे वह घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबलू पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की तीन अप्रैल 2024 को दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**कुशीनगर, बिजनौर, बलरामपुर, श्रावस्ती, पीलीभीत समेत कई जिलों में बाढ़**

# कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर, फसलें डूबीं

राज्य ब्यूरो/एजेंसी। लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में अत्यधिक बारिश से कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर हैं। कुशीनगर, बिजनौर समेत कई जिलों के गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। बाढ़ में फसलें डूब गईं। ग्रामीण पलायन कर रहे हैं।

प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। पीलीभीत में तो बाढ़ के कारण रेलवे ट्रैक ही बह गया। बलरामपुर और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर है, यहां दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। बलरामपुर में बाढ़ से 26 गांव प्रभावित हैं। श्रावस्ती में उफनाई राप्ती नदी के पानी से तीन तहसीलों के 18 गांवों के लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हैं। कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। जिले में पांच गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। शाहजहांपुर में खैतान नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी से आठ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। गोंडा जिले में तीन गांवों में कई हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। राहत आयुक्त की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से पीलीभीत में शारदा नदी उफान पर है। बाढ़ का पानी 20 गांवों में घुस गया है।



लखीमपुर खीरी के पलिया-भीरा मार्ग पर रपटा पुल के ऊपर बह रहा पानी।

**टनकपुर-पीलीभीत मार्ग पर ट्रेन सेवा बंद**

खटीमा पुल पर पानी खतरे के निशान से अधिक बढ़ने पर टनकपुर-पीलीभीत मार्ग पर ट्रेन सेवा को भी फिलहाल बंद किया गया है। तेज बहाव के कारण गजरौला-बरखेड़ा सड़क मार्ग पर एक पुलिया बह गई। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। बाढ़ से दो गांवों के लोग प्रभावित हैं। वहीं पीलीभीत-मैलानी रेलवे रूट पर सकरिया नाले पर बनी पुलिया रविवार देर रात बह गई। इस वजह से मैलानी और टनकपुर की ओर रेल का संचालन रोक दिया गया।

# मासिक धर्म अवकाश पर बनाएं आदर्श नीति

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-केंद्र-राज्य सरकारें इस पर कर सकते हैं विचार**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को ''मासिक धर्म'' के दौरान अवकाश देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को विचार करना है कि क्या वे इस बारे में कोई आदर्श नीति बना सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर गौर किया कि क्या इस तरह के अवकाश महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं या फिर इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने का मतलब महिलाओं को रोजगार से दूर रखना है। पीठ ने कहा कि यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है और अदालतों को इस पर विचार नहीं करना चाहिए।

अधिवक्ता त्रिपाठी ने देश भर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने-अपने कार्यस्थलों पर मासिक अवकाश की अनुमति देने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा कि क्या वे इस मुद्दे पर एक आदर्श नीति बना सकते हैं या नहीं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हम याचिकाकर्ता को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी के पास इस मुद्दे को ले जाने की अनुमति देते हैं।

**सैनेटरी पैड पर राष्ट्रीय नीति तैयार करने का काम अंतिम चरण में : केंद्र**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि स्कूल जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के वितरण पर राष्ट्रीय नीति बनाने का काम अंतिम चरण में है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी की दलीलों का संज्ञान लिया और संबंधित नीति तैयार करने के लिए दो महीने का समय देने का उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने केंद्र और राज्यों को छठी से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को मुफ्त सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने तथा सभी सरकारी और आवासीय विद्यालयों में अलग महिला शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

# लगातार बारिश से कई मार्ग ध्वस्त, दोपहर बाद खिली धूप

## भवाली-अल्मोड़ा हाईवे बंद, बिजली गुल, नैनीताल में मंडी तक सब्जियां नहीं पहुंचने से दाम छू रहे आसमान, दूध और ब्रेड की भी परेशानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जनपद में रविवार से हो रही मूसलाधार बारिश का दौर सोमवार को भी दिनभर चलता रहा, जिसके चलते जनपद में चार स्टेट हाईवे, चार जिला मार्ग और 30 ग्रामीण सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर कई जगह भूस्खलन होने से मार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। जिला प्रशासन और सरकारी मशीनरी जेसीबी के माध्यम से लगातार सड़कों को खोलने का काम कर रही है। साथ ही एसडीआरएफ टीम को स्टैंड बाय पर रखा गया है।

सोमवार को भी दिनभर सरोवर नगरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बारिश के चलते लोगों को घरों में ही कैद होना पड़ा।

मल्लीताल रिक्शा स्टैंड से तल्लीताल तक मॉल रोड में नालियां चोक होने से जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे कार्यालय आने जाने वालों को भी भारी फजीहत उठानी पड़ी तो वही पंगुट खुर्पाताल आदि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी भूस्खलन के डर से अपने दैनिक कार्यों के लिए नगर में नहीं पहुंच पाए, हालांकि दोपहर तीन बजे बारिश पर विराम लगने के बाद नगर में गुनगुनी धूप खिली रही। सोमवार को नगर में 60 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि झील के जलस्तर में पांच इंच को बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। वहीं तापमान भी लुढ़ककर 14 डिग्री तक पहुंच गया। माइनस 8 फीट तक पहुंच चुके झील का जलस्तर भी अब उठकर करीब 7 फीट तक पहुंच चुका है।


नैनीताल में कई दिन लगातार बारिश के बाद सोमवार को अपराह्न में खिली हल्की धूप। ● अमृत विचार

### मंडी तक नही पहुंचीं सब्जियां, टमाटर के दाम छू रहे आसमान

**नैनीताल।** रविवार से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। वहीं सब्जियों के दाम भी आसमान पहुंच गए हैं। तेज बारिश के चलते पंगुट, सौड़, बगड़, खुर्पाताल आदि ग्रामीण क्षेत्रों से रोज मंडी आने वाली सब्जियां भी मंडी तक नहीं पहुंच पा रही हैं जिससे सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हो गयी है तो वहीं काश्तकारों की सब्जियां खेतों में ही सड़ने लगी हैं। वहीं टमाटर भी 100 रुपये किलो तक पहुंच चुका है तो दूध व ब्रेड भी लोगों के घरों तक दोपहर बाद तक पहुंच रही है, जिससे खसकर बच्चों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

### बिजली-पानी की आपूर्ति ठप

**नैनीताल।** नैनीताल में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते शहर में बिजली पानी की आपूर्ति ठीक हो गई जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर में रविवार सुबह से कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप हो गई हालांकि देर रात कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को सुचारू कर दिया गया लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में सोमवार दिनभर विद्युत आपूर्ति ठप रही। पानी के पंप भी नहीं चले जिससे नैनीताल के कुछ क्षेत्रों में पेयजल किल्लत भी देखने को मिली। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया पाइंस और जोखिया क्षेत्र में विद्युत लाइनो में पेड़ गिरने से लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते शहर में विद्युत आपूर्ति ठप रही।


खनस्यू में नदी किनारे चल रहे निर्माण कार्य में हुआ नुकसान। ● अमृत विचार

### खनस्यू में निर्माण सामग्री बही

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के खनस्यू शिव मन्दिर के समीप घाटों के सौंदर्य करण योजना के तहत निर्माणधीन कार्य साइट पर रखा सीमेंट और सएटरिंग इत्यादि बह गया, मामले की जानकारी देते हुए बीडीसी मेंबर रवि गोस्वामी ने बताया कि बीते बर्षो यहां शिव मंदिर में एवं घाटों के सौंदर्ययीकरण का कार्य चल रहा था, क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी जिस कारण सामान समेटना बहुत मुश्किल हो गया। रविवार रात गौला नदी का काफी जल स्तर बढ़ गया था, जानकारी मिलने पर स्थानीय राजस्व के आपदा कर्मचारी ने मौका मुआयना किया। वहीं बताया कि क्षेत्र के कई हिस्सों में भूमिगत जल से मकान आंशिक से रूप बैठ गए।

### तेज बारिश से धारी ब्लॉक में मकान क्षतिग्रस्त

**भीमताल :** भारी बारिश से धारी ब्लॉक के अघरिया गांव में आर्थिक रूप से कमजोर राकेश चंद्र पुत्र गोविंद राम के मकान को भारी नुकसान हुआ है। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने प्रभावित परिवार को शीघ्र से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।


अघरिया में क्षतिग्रस्त मकान। ● अमृत विचार

### पुतली कोठी भारी बोल्डर गिरने से डॉग हाउस क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** सोमवार दोपहर बाद बारिश के थमते ही भूस्खलन की घटनाए बढ़ने लगी है। वहीं देर शाम को राजभवन मार्ग पर डीएसबी के समीप पुतली कोठी के आगे भारी बोल्डर गिरने से किचन व डॉग हाउस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घरों में इसका कोई असर नहीं हुआ, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवर्तमान सभासद मनोज साह की सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया।


पुतली कोठी में क्षतिग्रस्त भवन।

### कोसी नदी के उफान के बीच फंसे गोवंशीय पशु

**गरमपानी :** लगातार मूसलाधार बारिश से कोसी व शिप्रा नदी का वेग बढ़ गया है। नदियों का पानी आबादी के नजदीक तक पहुंचने से लोग सखते में आ गए। सुयालबाड़ी व आमबाडी क्षेत्र में नदी के बीचोंबीच कई बेसहारा गोवंशीय पशु भी शाम तक फंसे रहे। बारिश से गांवो से लोगों के गरमपानी, खैरना, बेतालघाट, सुयालबाड़ी आदि बाजार क्षेत्रों में न पहुंचने से बाजार सूने रहे।रामगढ़ ब्लॉक के सुयालबाड़ी व रामगढ़ ब्लॉक के आमबाड़ी क्षेत्र में कोसी नदी में पहुंचे करीब छह गोवंशीय पशु पानी का वेग बढ़ने से नदी क्षेत्र में ही फंस गए। थाना बेतालघाट, चौकी खैरना, क्वारब तथा श्री कैंची धाम तथा बेतालघाट तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मुनादी कर लोगों से नदी के नजदीक न जाने की अपील की।

### पाइंस के पास तार टूटने से बिजली संकट, लोग होते रहे परेशान

**नैनीताल।** लगातार हो रही बारिश के कारण जोखिया के पास बिजली के तार टूटने के कारण बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित है। हालांकि ऊर्जा निगम की ओर लाइनों को ठीक करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन जगह जगह फ़ॉल्ट आने के कारण पाइन्स से मेन लाइन को बन्द किया गया है। साथ ही बिजली की लाइनों को ठीक करवाने का काम भी किया जा रहा है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि भवाली जोखिया के पास बिजली के तार टूटे हैं, रविवार को भी बिजली की लाइनों को ठीक किया गया लेकिन उसके बावजूद भी अन्य जगहों में फ़ॉल्ट पाया गया। वहीं लगाकर बारिश के कारण भी बिजली की लाइनों को ठीक करने में दिक्कतें आ रही हैं।


भवाली-अल्मोड़ा मार्ग पर आए मलबे को हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

# भारी बारिश के बीच डीएम का स्थलीय निरीक्षण, लिया जायजा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को भारी वर्षा के बीच झील के बढ़ते जल स्तर के दृष्टिगत नैनी झील का वाटर लेवल को नियंत्रित करने वाले सिंचाई विभाग के गेट सिस्टम, बिजली संबंधी शिकायतों के दृष्टिगत नैनीताल खंड के अंतर्गत अतिवृष्टि के कारण ब्रेकडाउन से प्रभावित पाइंस स्थित बिजली घर, मुख्य पंप गृह जल संस्थान और बिजली घर सूखाताल आदि का स्थलीय निरीक्षण किया।

नैनी झील के वाटर लेवल चेक कर जानकारी प्राप्त की। बताया कि नैनी झील का वाटर लेवल चेतावनी बिंदु से 2 फिट नीचे है। इसके बाद उन्होंने पाइंस स्थित बिजली घर का निरीक्षण किया। उन्होंने बरसात के सीजन में 24 घंटे विद्युत विभाग की टीम को तत्पर रहने के निर्देश दिए। जल संस्थान मुख्य पम्प गृह में निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को पानी की जांच, सैम्पल आदि की जांच कर सप्लाई करने की बात कही।

सूखाताल में उन्होंने सूखाताल को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने और कार्यों की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूखाताल के आस पास सीवर लाइन लीकेज की समस्या लंबे समय से है, जिस पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान और निगम के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, जल संस्थान एक्शन विपिन चौहान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


झील नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

### कोटाबाग के तीन गांव तीन दिन से अंधेरे में

**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र बांसी, बाघनी व सल्वा ग्राम सभाओं में तीन दिन से विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण परेशान हैं। विद्युत वितरण खंड नैनीताल के अंतर्गत आने वाले तीन गांवों में तीन दिन से अंधेरा छाया हुआ है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र में लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

### मकान की छत क्षतिग्रस्त, परिवार बाल-बाल बचा

**गरमपानी :** रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव में मूसलाधार बारिश के बीच आवासीय मकान की छत क्षतिग्रस्त होने से अफरातफरी मच गई। जान बचाने को घर में मौजूद लोग बाहर की ओर भागे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना व ग्रामीणों ने प्रभावित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है। सिरसा गांव निवासी महेश राम के आवासीय मकान की छत एकाएक क्षतिग्रस्त होने से हड़कंप मच गया। छत के क्षतिग्रस्त होने की आवाज सुन आसपास के लोग मौके की और दौड़े। घर मौजूद महेश व उनकी पत्नी भी बच्चों को लेकर घर से बाहर की ओर लेकर दौड़े। गनीमत रही की सभी लोग बाल बाल बच गए और बड़ा हादसा टल गया। छत के क्षतिग्रस्त होने से घर के सामान को भी नुकसान पहुंचा है।

### नंदौर नदी के भू-कटाव से ग्रामीण रातभर रहे दहशत में

**चोरगलिया :** नंधौर नदी में आई भयंकर बाढ़ से हो रहे भू-कटाव से ग्राम आमखेड़ा, सुनारधाडा और बिहारी नगर के ग्रामीण दहशत के कारण रात भर सो नहीं पा रहे हैं उन्हें डर है कि नदी कभी भी गांव का रुख कर सकती है क्योंकि नदी का रुख मोड़ने के लिए जो ब्लॉक बनाए गए थे वह भी बाढ़ से बह गए हैं। बाढ़ का पानी कभी भी गांव में घुस सकता है। वहीं चोरगलिया बाजार में बरसात का पानी दुकानों के अंदर घुस गया। चाय विक्रेता कैलाश पनेरु के दो फ्रिज पानी में तैरने लगे और दुकान का सारा सामान भी पानी में बहने लगा भाजपा नेता पान सिंह मेवाड़ी ने दूरभाष से जिलाधिकारी को बाढ़ से हो रहे नुकसान से अवगत कराया।


चोरगलिया में नंदौर नदी के कटाव को देखते लोग।

### नाले उफान पर, किनारे रहने वालों को सजग किया

**कालाढूंगी :** बारिश से क्षेत्र में जन-जीवन प्रभावित है। उपजिलाअधिकारी रेखा कोहली ने राजस्व विभाग की टीम द्वारा तहसील कालाढूंगी क्षेत्रांतर्गत अतिवृष्टि के कारण आए नदी, नालों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने बताया कि न 67 परिवारों को सुरक्षा के दृष्टिगत अन्य सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील करने के साथ प्रशासन द पहले ही नोटिस के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर जाने तथा निकटतम विद्यालयों में रहने के निर्देश दिए जा चुके हैं। चकलुवा में नाले के किनारे रहे हेमा देवी, रूबी आर्या व लक्ष्मण के परिवार को राइका प्रतापुर में शिफ्ट किया गया है। वर्तमान में तहसील कार्यालय कालाढूंगी में आपदा कंट्रोल कक्ष स्थापित किया गया है, किसी भी घटना की जानकारी दूरभाष संख्या 05942242222 दी जा सकती है। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री युगल किशोर पांडेय, राजस्व निरीक्षक फेज़ान खान, मनोज कुमार जोशी, उपनिरीक्षक जितेंद्र मिश्रा, कमलेश पंत, इकबाल अहमद एवम् अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।


बेलगढ़ नाले में फंसे बाइक सवार। ● अमृत विचार

## बरसाती नाले में बहे दो बाइक सवार युवक, लोगों ने सुरक्षित निकाला

**रामनगर :** भारी बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। स्थानीय प्रशासन बराबर लोगों से अपील कर रहा है कि वह नदी नालों में अपने वाहन ज्यादा पानी होने पर न निकालें। मगर लोग जान जोखिम में डालकर प्रशासन के निर्देशों को अनदेखा कर रहे हैं। सोमवार को बेलगढ़ बरसाती नाले में दो बाइक सवारों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर उफनते नाले में अपनी बाइकों को डाल दिया, जिसमें वह उफनते नाले में बहने लगे जिसको आसपास खड़े राहगीरों द्वारा बचा लिया गया जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गई।

## तीन मीटर पुलिया से पास हो रहा लाखों क्यूसेक पानी

संवाददाता, कालाढूंगी

▸▸ रविवार को पानी के बहाव से पुलिया का आधा हिस्सा बह गया था

**अमृत विचार:** रविवार को मूसलाधार बारिश से देहरादून-कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे चकलुवा के पास निहाल नदी के बहाव में पुलिया का आधा हिस्सा बह गया। जिससे पुलिया का आधा हिस्सा हवा में लटक गया।

मौके पर पहुंच कर एसडीएम रेखा कोहली व लोनिवी अधिकारियों ने वाहनों का रूट डायवर्जन कर वाहनों का आवागमन रोक दिया था। निहाल नाले केलाखों क्यूसेक पानी के निकासी के लिए तीन मीटर की पुलिया छोटी पड़ रही है, जिससे स्टेट हाईवे को खतरा बना हुआ है। इधर निहाल नाले में इस बार अधिक पानी आने से रामपुर व विदरापुर गांव में कई ग्रामीणों के जमीन का भू-कटाव हो गया। नाले के उफान पर आने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं उपजिलाधिकारी रेखा कोहली द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाने वाली उक्त पुलिया का निरीक्षण किया, निरीक्षण में लोक निर्माण विभाग के कार्मिकों द्वारा बताया गया कि लगातार बारिश होने के कारण कार्य तीव्र गति से नहीं हो पा रहा है, उपजिलाधिकारी कालाढूंगी द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्मिकों को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

### उफनाई सावल्दे नदी ने किया भू-कटाव

**रामनगर :** सोमवार को भी बारिश ने लोगों को सारे दिन परेशान किए रखा, हालांकि कोसी नदी का वेग कम हुआ तो उधर सावल्दे नदी ने किसानों की भूमि का कटाव शुरू कर दिया। इसके अलावा कई क्षेत्रों में जल भराव की समस्याओं से लोगों को दो चार होना पड़ा। भू-कटाव की आशंका पर रविवार सुबह एसडीएम राहुल शाह के साथ प्रशासन की टीम ने गांव जाकर जायजा लिया। सावल्दे नदी की दिशा बदलने के लिए चेनलाइजेशन शुरू करने की तैयारी की जा रही है। एसडीएम और तहसीलदार कुलदीप पांडे के साथ राजस्व व पुलिस कर्मी दिन रात स्थिति पर नजर रखे हुए है। रविवार को निचले क्षेत्रों मसलन मालधन के शिवनाथपुर, पुरानी बस्ती, मोहननगर, नई बस्ती, गांधीनगर, चंद्रनगर, नारायणनगर समेत कई इलाकों में पानी भर गया साथ ही पीरूमदारा के पार्वती कुंज, बेनी विहार, बसई, हिम्मतपुर डोटियाल बजरंग विहार समेत कई कालोनियों में जलभराव हो गया।

**चिंता** चार्टन लॉज में हो रहे भूस्खलन ने ताजा की 144 साल पुराने हादसे की याद, स्थानीय लोगों में दहशत

# नियमों का पालन नहीं हुआ तो नैनीताल का अस्तित्व खतरे में पड़ेगा

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** बीते लंबे समय से चार्टन लॉज की पहाड़ियों में हो रहे भूस्खलन से अब स्थानीय लोगों में दहशत है तो वहीं क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन ने 144 साल पुरानी यादें ताजा करवा दी हैं।

ब्रिटिश काल में 18 सितंबर 1880 को को विनाशकारी भूस्खलन हुआ था, जिसकी चपेट में आने से 43 ब्रिटिश शासकों समेत 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, 144 साल के बाद एक बार फिर से क्षेत्र की पहाड़ियों में इस तरह की हलचल देखने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ भूगर्भीय वैज्ञानिकों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। जो वैज्ञानिकों को 144 साल पहले हुई घटना को याद करवाते हुए नैनीताल वाशियो को एक बड़ी चेतावनी दे रहा है। नैनीताल के प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं 18 सितंबर 1880 में नैनीताल के इतिहास का सबसे बड़ा भूस्खलन हुआ था। उस समय 40 घंटे में करीब 838 एमएम बारिश दर्ज हुई थी, जिसके बाद सात नंबर, स्नो व्यू क्षेत्र जिसे पुराना शेर का डांडा कहा जाता था उस पहाड़ी में बड़ा भूस्खलन हुआ था। जिसकी चपेट में नैनीताल का ऐतिहासिक मां नैना देवी मंदिर समेत कई भवन आ गए।

भूस्खलन की चपेट में आने से नैना देवी मंदिर करीब 500 मीटर आगे खिसक गया। इस विनाशकारी भूकंप को देखने के बाद ब्रिटिश शासकों ने शहर के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए हल सेफ्टी कमेटी का गठन किया जिसमें ब्रिटिश शासको ने कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। जिनका पालन करते हुए नैनीताल का अस्तित्व आज तक सुरक्षित है, लेकिन बीते कुछ समय के अंतराल में ब्रिटिश शासको द्वारा बनाए गए नियमों की जमकर धज्जियां उड़ी जिसके चलते अब एक बार फिर से शहर में भूस्खलन के खतरे मंडरा आ रहे हैं।

हिल सेफ्टी की कमेटी के नियमों के आधार पर शहर में ब्रिटिश शासको ने 62 नालों का निर्माण किया, ताकि बरसात के दौरान पहाड़ियों से निकलने वाला पानी सीधे नैनी झील में जा सके और शहर के ऊपर स्थित पहाड़ियों की ड्रेनेज व्यवस्था बेहतर हो सके, लेकिन समय के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने इन नालों पर भी अतिक्रमण कर लिया जिसके चलते पहाड़ियों से अब पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते बारिश और घरों से निकलने वाले पानी की निकासी इन नालों में नहीं हो रही है जो पानी भूमिगत होते हुए पहाड़ियों को कमजोर कर रहा है।


भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चार्टन लॉज। ● अमृत विचार

### प्रतिबंधित पहाड़ियों में बेतहाशा अवैध निर्माण किया

इसके अलावा शहर के साथ नंबर, चार्टन लॉज, अपर माल रोड की पहाड़ियों में किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगाते हुए पशुओं के पालने पर भी प्रतिबंध लगाया था, लेकिन उत्तराखंड निर्माण के बाद से इन प्रतिबंधित पहाड़ियों में बेतहाशा अवैध निर्माण हुआ है हिल सेफ्टी कमेटी के नियमों की अनदेखी करते हुए बनाए गए नियमों को पलीता लगाया है।

### अधिकांश पहाड़ियां अति संवेदनशील

नैनीताल की अधिकांश पहाड़ियां अति संवेदनशील हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों की पहाड़ियों से भर काम करने की नितांत आवश्यकता है अगर समय रहते इन पहाड़ियों से बोझ हल्का नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ी घटना देखने को मिल सकती है। लगातार हो रहे निर्माण से हल्के अर्थ वेग भूकंप में कोई बड़ी घटनाएं हों सकती है संबंधित पहाड़ों पर निर्माण कार्यों को रोकना होगा। **-प्रो. राजीव उपाध्याय, भू-वैज्ञानिक।**

### नैनीताल शहर अपनी भार ढोने की क्षमता पूर्ण कर चुका है

प्रोफेसर अजय रावत ने बताया कि एक अध्यन के आधर पर नैनीताल शहर अपनी भार ढोने की क्षमता पूर्ण कर चुका है। जिसको देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1992 में अजय रावत वर्सेस केंद्र सरकार जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए नैनीताल शहर में किसी भी प्रकार के व्यवसायिक और बड़े निर्माण के कार्य पर रोक लगा दी थी। ताकि शहर के अस्तित्व को बचाया जा सके लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद भी नियमों को तक पर रखते हुए शहर में अवैध निर्माण हो रहे हैं जिसके चलते इस तरह की घटना देखने को मिल रही है।

## चार्टन लॉज का भूस्खलन प्रशासन के लिए बना चुनौती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मानसून सीजन शुरू होते ही नैनीताल की पहाड़ियों में भूस्खलन की घटना सामने आने लगी है। चार्टन लॉज की पहाड़ियों में भूस्खलन का सिलसिला जारी रहा। जिला प्रशासन ने ऐतिहात के तौर पर भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र की पहाड़ी के ऊपर स्थित घरों को खाली करवा कर वहां रह रहे 18 परिवार के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया है। लोक निर्माण विभाग क्षेत्र की पहाड़ियों में त्रिपाल डालकर बरसात के दौरान पानी से होने वाले भू-कटाव को रोकने का काम कर रहा है वहीं स्थानीय लोग विभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### भीमताल में 144 मिमी वर्षा झील का जलस्तर बढ़ा

**भीमताल :** भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। चौबीस घंटे के भीतर 144 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है जो कि इस वर्ष की एक दिन में होने वाली वर्षा में सर्वाधिक है। सिंचाई विभाग के भीमताल कार्यालय में लगे वर्षा मापक यंत्र के मुताबिक रविवार सवेरे आठ बजे से सोमवार सवेरे आठ बजे तक यह आंकड़ा रिकार्ड किया गया है। वहीं भीमताल झील का जल स्तर एक ही दिन में तीन फीट बढ़ गया है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

**आज का मौसम**

आज
बीच-बीच
में बारिश

34.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.20 | सूर्यास्त 07.14

### आज भी बंद रहेंगे स्कूल

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग ने 9 से 11 जुलाई तक नैनीताल जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान जताया है। इसको लेकर डीएम वंदना सिंह ने सोमवार को जनपद में कक्षा 1 से 10 तक सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश की घोषणा की है।



पहाड़ों में बारिश से उफनाई गौला नदी से अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की ओर हुआ भू-कटाव। ● अमृत विचार



गौला नदी के तेज बहाव के कारण रेलवे स्टेशन की ओर हो रहा भू-कटाव। ● अमृत विचार

# गौला नदी में समाई स्टेडियम की सड़क और फुटपाथ

## भू-कटाव के चलते अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम का क्रिकेट मैदान भी आया खतरे की जद में, रेलवे की सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा नदी में बहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मूसलाधार बारिश से गौला नदी पूरे उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ने से गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम खतरे की जद में आ गया है। सोमवार की सुबह भू-कटाव होने से स्टेडियम की सड़क और फुटपाथ गौला नदी में समा गये। वहीं रेलवे की ओर से बनाई गई सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा भी नदी में बह गया। इससे रेल ट्रैक को खतरा बना हुआ है।

गौला नदी से भू-कटाव के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के पीछे बनी पार्किंग वाली सड़क, फुटपाथ और बिजली का पोल गौला नदी में बह गये। सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और तहसीलदार सचिन कुमार ने बारिश के बीच स्टेडियम का निरीक्षण किया। उप खेल निदेशक रशिका सिद्दीकी ने बताया कि इस समय गौला नदी में बहाव तेज है। ऐसे में स्टेडियम की सुरक्षा के लिए कोई भी कार्य करना मुश्किल है। वर्तमान में गौला नदी और स्टेडियम के क्रिकेट मैदान की दूरी मात्र 20 मीटर बची है। नदी का कटाव लगातार क्रिकेट मैदान की ओर हो रहा है। इधर, रेलवे की ओर से ट्रैक को सुरक्षित रखने के लिए बनाई जा रही सुरक्षा दीवार भी गौला नदी की चपेट में आ गई है। सोमवार को सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा गौला नदी में समा गया।

**तीन बार भेजा प्रस्ताव, नहीं मिली मंजूरी:** खेल विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की दीवार बनाने के लिए तीन बार प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा, लेकिन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल पाई है।

**20** मीटर बची है क्रिकेट मैदान और गौला नदी की दूरी, लगातार भू-कटाव से बढ़ रहा खतरा

**25** एकड़ झोपड़पट्टी, बजरी कंपनी और बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में जलभराव होने से कई घरों में घुसा पानी



रेलवे के निर्माणाधीन तटबंध के समीप गौला नदी का रौद्र रूप। ● अमृत विचार

### जिले में तीन राज्यमार्ग समेत 32 मार्ग बंद

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में भूस्खलन की वजह से 32 मार्ग बंद हो गए हैं। इनमें तीन राज्य मार्ग, चार जिला मार्ग और 25 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। सोमवार को मौरनौला से भीड़ापानी होते हुए पतलोट राज्य मार्ग संख्या 104 बंद हो गया। बेतालघाट क्षेत्र में शहीद बलवंत सिंह मार्ग राज्य मार्ग संख्या 71 लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा। हल्द्वानी से कालाढूंगी होते हुए देहरादून को जाने वाला मार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। चकलुवा में पुलिया बहने की वजह से यह मार्ग भी बंद है। इसके अलावा भुजान-बेतालघाट, मोना-ल्वेशाल, सिमलखां-सकदीना, कैंची-हरत्तपा, हरीशताल मार्ग, पदमपुरी-सुवाकोट, बजून-अक्सू, भंडारपानी-पाटकोट, ढोलीगांव-कैड़ा गांव, छ्यूतियाकांडा मार्ग, ओखलकांडा-तल्लातोकनाला आदि मार्ग बंद हैं। प्रशासन मार्गों को खुलवाने के लिए जेसीबी से मलबा हटा रहा है।

### कुसुमखेड़ा और बिठौरिया में जलभराव, लोग परेशान

**हल्द्वानी :** बिठौरिया क्षेत्र में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। यहां कई खेतों में पानी घुस गया, जिससे काश्तकार भी परेशान रहे। वन विभाग की चौकी पर स्थित नाले की निकासी नहीं होने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या आम है। लालडांठ में श्यामा गार्डन के पास भी जलभराव हो गया। नारायण नगर इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा में भी पानी की निकासी नहीं होने से लोग परेशान रहे। धान मिल में देव बिष्ट, संगम विहार कुसुमखेड़ा में ललित सुयाल के घर के बाहर पानी जमा हो गया। जिससे उन्हें घर से बाहर निकलने में भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। शनि बाजार स्थित नाला भी उफान पर रहा, जिससे सड़कों पर पानी व कूड़ा बहता रहा। नैनीताल व कुसुमखेड़ा रोड में भी नालियां ओवरफ्लो रहीं। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने बताया कि कुसुमखेड़ा, बिठौरिया आदि स्थानों से शिकायतें प्राप्त हुईं, वहां तत्काल टीम को भेजा गया। साथ ही सफाई निरीक्षकों ने सभी वार्डों का दौरा किया।



रामपुर रोड स्थित एक सड़क में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

> गौला नदी से स्टेडियम की ओर हो रहे भू-कटाव पर विभागीय कर्मचारी लगातार नजर बनाये हुए हैं। मौसम साफ होते ही स्टेडियम के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाएगा।
> – **रशिका सिद्दीकी**, उप खेल निदेशक

> सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा नदी में बहा है, लेकिन इससे ट्रैक को खतरा नहीं है। रेलवे की ओर से बनाई गई ग्रेविटी वॉल सुरक्षित है।
> –**डीएस बोरा**, स्टेशन अधीक्षक काठगोदाम

# हल्द्वानी में बारिश ने तोड़ा पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड



हीरानगर क्षेत्र में हुए जलभराव के दौरान गुजरती कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

- **24 घंटे में बरसा 206 मिमी पानी, 19 जुलाई 2014 को हुई थी 122.2 मिमी बारिश**
- **बारिश थमने से लोगों को मिली राहत, आज भी हल्की बारिश का अनुमान**

**अमृत विचार :** शहर और आसपास के इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश ने पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बीते 10 वर्षों में हल्द्वानी में 24 घंटे में कभी इतनी बारिश नहीं हुई। इधर, पिछले चार दिन से लगातार हो रही बारिश का सिलसिला सोमवार को थम गया। जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

बीते शनिवार की अपरान्ह तीन बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सोमवार को अपरान्ह चार बजे थम गया। सोमवार की सुबह भी हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश रही। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार हल्द्वानी में 24 घंटे में 206 मिमी बारिश हुई। पिछले 10 वर्षों में एक दिन में जुलाई माह में कभी इतनी बारिश नहीं हुई। 19 जुलाई 2014 को 24 घंटे में 122.2 मिमी बारिश हुई थी। बारिश थमने के बाद लोगों को काफी राहत मिली। धूप निकलने के बाद आसमान से बादल भी हट गये। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मंगलवार को हल्की बारिश होने का अनुमान है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**काठगोदाम गौला पुल का हाल :** बारिश के कारण सड़क पर गड्ढों की वजह से चलना मुश्किल हो गया। ● अमृत विचार

### बारिश से सड़कों को दो करोड़ का हुआ नुकसान

**हल्द्वानी :** बारिश की वजह से सड़कों को भारी नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के प्रारंभिक आंकलन में सामने आया है कि दोनों को करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बारिश के चलते नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, पंचायत घर से गोरापड़ाव, गन्ना सेंटर से मोटाहल्दू को जाने वाली सड़क को नुकसान हुआ। सड़कों का डामर उखड़कर बह गया है। इसी तरह चकलुवा में पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। लोनिवि के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक आंकलन में चार दिन की बारिश में 1.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बारिश से नगर निगम की सड़कों को भी काफी नुकसान हुआ है। नगर निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि करीब 50 लाख रुपये की सड़क खराब हुई है। दोनों विभाग नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। अनुमान है कि नुकसान की धनराशि बढ़ सकती है।

# संपर्क क्रांति समेत दो पैसेंजर ट्रेनें हुई रद

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** मूसलाधार बारिश से सोमवार की सुबह गौला रोड स्थित रेल पटरी पर जलभराव हो गया। जिस कारण लालकुआं स्टेशन से संचालित होने वाली तीन ट्रेनें रद कर दी गईं। जबकि अन्य ट्रेनों को आसपास के स्टेशनों से गंतव्य को रवाना किया गया।

स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह ने बताया कि लालकुआं रेलवे स्टेशन में सोमवार सुबह से दोपहर तक किसी भी ट्रेन का संचालन नहीं हो सका। सुबह काशीपुर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन टांडा के जंगल में ही रुक गई। जिसे 4 घंटे बाद वापस गूलरभोज ले जाकर गंतव्य को वापस रवाना किया गया। वहीं लालकुआं से बरेली, लालकुआं से मुरादाबाद को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन तथा काठगोदाम से दिल्ली को जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस भी रद कर दी गई। रेल प्रशासन ने जम्मू तवी रेलगाड़ी को रुद्रपुर स्टेशन पर रोक दिया तथा वहीं से ट्रेन गंतव्य को रवाना हुई। हावड़ा एक्सप्रेस और उत्तराखंड शताब्दी एक्सप्रेस को भी रुद्रपुर में ही रोक कर वहीं से गंतव्य को रवाना किया गया। दोपहर 2 बजे बाद लालकुआं स्टेशन का यातायात सामान्य हो गया। इसके बाद सभी रेलगाड़ियों को स्टेशन से रवाना किया गया। उधर, सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के महाप्रबंधक नरेश चंद्र ने बताया कि रेल पटरी के रास्ते मिल के अंदर घुसे पानी ने जबरदस्त तबाही मचाई है। कई प्लांट बंद हो गए हैं। पेपर और पल्प भी भीग गया है। मशीनें जलमग्न होने से मिल को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।



गौलापार अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम को हुए नुकसान का जायजा लेते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व अन्य। ● अमृत विचार

### 37 हजार क्यूसेक पहुंचा गौला का जलस्तर

**हल्द्वानी :** सोमवार को गौला नदी का जलस्तर 37 हजार क्यूसेक रिकॉर्ड हुआ, जो खतरे के निशान से मात्र 7 हजार क्यूसेक कम था। गौला नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सिंचाई विभाग ने बैराज के सभी गेट खोल दिए हैं। इसके चलते गौला नदी के तटवर्ती इलाकों में भू-कटाव की स्थिति बनी हुई है। 44 हजार क्यूसेक जलस्तर होने पर गौला नदी खतरे के निशान से ऊपर घोषित कर दी जाती है। गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि 10 हजार क्यूसेक पर बैराज के गेट खोल दिए गये थे। वर्तमान में गौला बैराज का जलस्तर 37 हजार क्यूसेक है।

### हैड़ाखान मार्ग पर लोगों ने हटाए बोल्डर

**हल्द्वानी :** हैड़ाखान मोटर मार्ग में लगातार बोल्डर गिर रहे हैं। पहाड़ी से भूस्खलन जारी है। सोमवार को एक वाहन के आगे बोल्डर गिर गए। जिसे लोगों ने खुद हटाया। काठगोदाम से मात्र तीन किलोमीटर दूर हैड़ाखान मार्ग में भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गया था। लोक निर्माण विभाग की जेसीबी ने रास्ता खोल दिया था। सोमवार को हुई भारी बारिश में फिर से पहाड़ से बोल्डर गिरने लगे। हैड़ाखान की ओर से आ रहे एक मैक्स वाहन के आगे ही भूस्खलन हो गया। वाहन में बैठी सवारियों और चालक ने बोल्डर हटाकर रास्ते साफ किया। इस मार्ग पर पसौली में सड़क पर बड़ा पत्थर आने से रास्ता बंद हो गया है।

**बारिश से आफत** | घोड़ानाला के तेज प्रवाह में बही कार, रेलवे का अंडरपास भी पानी में डूबा, गौला से सटे इलाकों में कई एकड़ उपजाऊ भूमि नदी में समाई

# बारिश से घोड़ानाला क्षेत्र में बाढ़ के हालात, सैकड़ों मकान जलमग्न

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** बारिश से गौला नदी उफान पर है। जिससे देवरामपुर गेट इंदिरानगर बिंदुखत्ता से रावत नगर और श्रीलंका टापू तक लगातार भू-कटाव हो रहा है। बारिश के कारण घोड़ानाला क्षेत्र की सेंचुरी पेपर मिल की दीवार ध्वस्त हो गई। जिससे उक्त क्षेत्र में सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए। वहीं कई झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। रेलवे की ओर से घोड़ानाला में बनाया गया अंडरपास भी जलमग्न हो गया है। इसके अलावा क्रीडा स्थल एवं आसपास बने कच्चे-पक्के मकान भी जलमग्न हो गए हैं।

बारिश के बीच घोड़ानाला के तेज प्रवाह में एक कार बहकर क्रीड़ा स्थल तक पहुंच गई। उधर, बिंदुखत्ता के इंदिरानगर प्रथम, द्वितीय, संजय नगर, शीशम भुजिया, रावतनगर और शीशमाणी में भू-कटाव के कारण कई एकड़ उपजाऊ भूमि गौला नदी में समा गई। इधर, मोटाहल्दू के पास नवीन मंडी से फल लेकर आ रही पिकअप बारिश के बीच असंतुलित होकर सड़क में पलट गई। आनन-फानन में पिकअप के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें पिकअप सवार दो लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। बजरी कंपनी, 25 एकड़ झोपड़पट्टी और बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में भी जल भराव होने से कई घरों में पानी भर गया।



गौला नदी से हो रहे भू-कटाव का दृश्य। ● अमृत विचार

### दो दशक बाद हुए बाढ़ जैसे हालात

**लालकुआं :** बारिश से बिंदुखत्ता के मुख्य बाजार कार रोड में बाढ़ की स्थिति हो गई। दर्जनों दुकानों में पानी घुस गया, जिससे लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है। हालात यह थे कि मुख्य मार्ग पर कुछ देर तक आवाजाही बंद रही। बिंदुखत्ता के लोगों को बरसात से ऐसे हालात करीब दो दशक बाद देखने को मिले हैं।

### खेतों और घरों तक पहुंचे मगरमच्छ

**लालकुआं :** घोड़ानाला से शांतिपुरी की ओर जाने वाले नाले के ओवरफ्लो होने से कई मगरमच्छ 17 एकड़ क्षेत्र में खेतों एवं घरों तक पहुंच गए। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। 17 एकड़ क्षेत्र में कई घरों में पानी भर जाने से दो परिवारों को राजस्व विभाग ने सुरक्षित स्थान में शिफ्ट किया। वहीं शास्त्री नगर क्षेत्र से तीन परिवारों को शिफ्ट किया गया। खड्डी मोहल्ला में लालकुआं रेलवे स्टेशन से आये पानी से पूरा मोहल्ला जलमग्न हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने वहां रह रहे दर्जनों परिवारों को नगर के बारात घर, अंबेडकर पार्क व दुग्ध संघ के सरकारी भवनों में शिफ्ट कराया।

### जनप्रतिनिधियों ने कराई पानी की निकासी

**लालकुआं :** लालकुआं से कार रोड तक पूरी सड़क पानी से लबालब भरी रही। इसमें दो पहिया वाहन भी बमुश्किल निकलते नजर आए। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता कुंदन सिंह मेहता, बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू व प्रदीप सिंह बथ्याल ने पानी की निकासी कराई। तब कहीं जाकर आवाजाही शुरू हुई। वहीं भाजपा कार्यकर्ता मनीष बोरा, जगदीश पंत ने भी पेपर मिल की दीवार तोड़कर पानी की निकासी कराई।

एसडीएम परितोष कुमार वर्मा, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, वन विभाग व राजस्व कर्मियों ने भू-कटाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

# दमकल विभाग को आपदा से निपटने के उपकरण मिले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आग से निपटना हो या फिर आपदा में मदद करनी हो, इसके लिए दमकल विभाग और सक्षम हो गया है। मुख्यालय से दमकल को ऐसे कई उपकरण मिले हैं, जो विषम परिस्थितियों में काम आएंगे। इन्हीं में से एक पोर्टेबल पम्प है, जो जलभराव के समय अहम साबित होगा।

पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासनिक अमले के साथ बरसाती सीजन में दमकल विभाग भी अलर्ट मोड पर है। शहर के तमाम हिस्सों में भीषण जलभराव देखा गया और क्षेत्रों में भरे पानी को निकलने के लिए भूमि का कटान करना पड़ा, लेकिन अब दमकल को मिला पोर्टेबल पम्प इस काम के लिए अब तक का सबसे बेहतर उपकरण है। इसके जरिये जलभराव वाले स्थान से बिना कटान किए पानी निकाला जा सकेगा। सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि पोर्टेबल पंप ऐसी परिस्थितियों में काम करने के लिए होता है, जहां जल भराव की स्थिति रहती हो। इसके साथ ही एक सूटकेस की तरह दिखाई देने वाली इमरजेंसी लाइट भी मिली है, जो रात के अंधेरे में दिन के जैसी रोशनी देगी। साथ ही फायर एक्स, बी सूट, फायर गल्वस, फ्लूड रोप, सीढ़ी आदि भी मुख्यालय ने भेजे हैं, जो फायर सीजन में अहम साबित होंगे।

## एक नजर

### रॉयल्टी चोरी रोकने के लिए स्थापित चेक पोस्ट सवालों के घेरे में आए

**गरमपानी :** कोसी घाटी में उपखनिज रायल्टी चोरी से सरकार को लगाई जा रही चपत पर अंकुश लगाने को स्थापित किए गए चेक पोस्ट ही सवालों के घेरे में आ गए हैं। लंबा समय बीतने के बावजूद आधी अधूरी तैयारी व तय नियमों की अनदेखी कर स्थापित चैक पोस्ट पर मिलीभगत की बू आने लगी है। राजस्व चोरी रोकने को स्थापित किए गए चेक पोस्ट पर खेला होने का अंदेशा भी है। बार बार सवाल उठ रहा है की जब चेक पोस्टों पर खुद ही नियमों की अनदेखी की जा रही है तो रायल्टी चोरी पर अंकुश कैसे लगेगा। दरअसल भूतल एवं खनिकर्म निदेशालय व एक निजी कंपनी के मध्य विभिन्न बिंदुओं पर अनुबंध हुआ है। अनुबंध के तहत कंपनी को नैनीताल जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दस आंतरिक चेक पोस्ट स्थापित कर उपखनिज से लदे वाहनों का भार तथा रायल्टी की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। कंपनी को जुर्माना लगाने का अधिकार भी सौंपा गया है पर समीपवर्ती भुजान व बेतालघाट से अमेल रोड पर स्थापित किए गए चेक पोस्ट पर ही नियमों के उलट आधी अधूरी तैयारी के साथ चेकिंग की जा रही है। वाहनों में लदे उपखनिज के तौल के लिए तौल कांटा तक स्थापित नहीं किया गया है अधूरी तैयारी के साथ चेकिंग शुरू होने से लोगों ने तमाम सवाल खड़े कर दिए।

# अनिवार्य स्थानांतरण काउंसलिंग के दौरान शिक्षकों ने किया हंगामा

## वार्षिक स्थानांतरण कमेटी के अध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी काउंसलिंग छोड़कर चले गए

**रोष**
- प्रधानाध्यापक के पदों पर काउंसलिंग होते ही विवाद खड़ा
- रिक्तियों को लेकर शिक्षक संघ ने जताया विरोध

संवाददाता, भीमताल


भीमताल में शिक्षा भवन में काउंसलिंग के दौरान हंगामा करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीमताल के शिक्षा भवन में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रारंभिक शिक्षकों के वार्षिक अनिवार्य स्थानांतरण प्रक्रिया की काउंसलिंग के दौरान सोमवार को खूब हंगामा हुआ। जिस कारण वार्षिक स्थानांतरण कमेटी के अध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी काउंसलिंग छोड़कर चले गए। उनके जाने से काउंसलिंग रुकी रही।

काउंसलिंग के प्रारंभ में सुगम से दुर्गम श्रेणी के अंतर्गत रिक्त पदों के सापेक्ष काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो गई परंतु इसके बाद जैसे ही प्रधानाध्यापक के पदों पर काउंसलिंग शुरू की गई तो विवाद खड़ा हो गया। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जब चार ही पदों पर रिक्तियों के सापेक्ष स्थानांतरण होने थे तो प्रकाशित विज्ञप्ति में 55 शिक्षकों को बुलाने का कोई औचित्य नहीं था।

इस विषय पर संघ पदाधिकारी द्वारा भी आपत्ति दर्ज कर कहा गया कि जब प्रदेश के अन्य समस्त 12 जनपदों में स्थानांतरण वास्तविक व्यक्तियों के सापेक्ष किए जा रहे हैं तो ऐसे में एकमात्र जनपद नैनीताल के लिए आरटीई के नाम से गलत व्याख्या कर शिक्षकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। शिक्षकों एवं पदाधिकारियों का यह कहना है कि ऐसे में तो 20 से 25 वर्षों से भी अधिक दूरस्थ विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक कभी भी स्थानांतरण का लाभ नहीं ले पाएंगे। समाचार लिखे जाने तक काउंसलिंग प्रक्रिया रुकी हुई थी।

## मिल में कार्यरत श्रमिक की करंट लगने से मौत



**लालकुआं :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल में कार्यरत श्रमिक दीप चंद्र पांडे (52) की ड्यूटी के दौरान करंट लगने के बाद मौत हो गई। सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के डब्ल्यूपीपी इलेक्ट्रिकल प्लांट में कार्यरत इलेक्ट्रिशियन को कार्य के दौरान बिजली काकरंट लगने से बुरी तरह झुलस चुके श्रमिक दीप चन्द्र पांडे को मौजूद श्रमिक आनन-फानन में सेंचुरी मिल की डिस्पेंसरी ले गये, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर को रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से ही सेंचुरी के श्रमिकों में शोक का माहौल व्याप्त है। वर्तमान समय में उनका परिवार हल्द्वानी बरेली रोड के पुरानी आईटीआई क्षेत्र में निवासरत था। जबकि मूल रूप से वह भीमताल नौकुचियाताल के निवासी हैं। इधर सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के महाप्रबंधक एसके बाजपेई का कहना है कि मौत के कारण की जांच की जाएगी। इधर वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष कैलाश चंद्र मेलकानी ने आर्थिक सहायता और आश्रित को नौकरी की मांग की है।

## सार-संक्षेप


स्वराज आश्रम में समीक्षा बैठक करते प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात।

### आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं

**हल्द्वानी :** स्वराज आश्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात ने समीक्षा की। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों संग संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। नवप्रभात ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूती के साथ आम जनमानस की आवाज बन कर उभरी है। कहा कि आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस ने मजबूती और एकता संग चुनाव लड़ा, परिणाम चाहे अनुकूल नहीं रहे लेकिन भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। जिलाध्यक्ष नैनीताल राहुल छिमवाल और हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस समय अभूतपूर्व जोश और ऊर्जा है। समीक्षा बैठक में हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, भोला दत भट्ट, शोभा बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।


रामनगर में पेड़ को रास्ते से हटाते फायर कर्मी। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

**रामनगर :** राष्ट्रीय राजमार्ग 309 पर स्थित रिंगोडा के पास एक विशालकाय सूखा पेड़ गिर जाने से घण्टों यातायात बाधित रहा। पुलिस एवम वन कर्मियों द्वारा फायर कर्मियों को सूचना मिलने पर तत्काल अग्निशमन केंद्र रामनगर से राहत टीम आवश्यक आपदा उपकरणों के घटनास्थल पर पहुच गई। फायर रेस्क्यू टीम द्वारा त्वरित राहत कार्य करते हुए वुड कटर की सहायता से मार्ग के ऊपर गिरे सूखे विशालकाय पेड़ को कड़ी मशक्कत से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर रोड से हटाया तथा बाधित मार्ग को सुचारु किया गया। मौके पर वन विभाग टीम के कर्मचारी भी मौजूद थे। उन्होंने बताया पेड़ बाइक सवार के ऊपर गिरा था जिसमें एक वह घायल हो गया जिसे रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले अस्पताल पहुचा दिया गया था। इस दौरान मदन सिंह राणा, रमेश बंगारी, देवेंद्र बंगारी, देवेंद्र पाल, वसीम अहमद, मो. सलीम, विक्रांत आदि फायर कर्मी मौजूद रहे।

### डॉ. महेंद्र बने न्यू क्लब के अध्यक्ष और रितेश सचिव



**नैनीताल :** सोमवार को न्यू क्लब की वार्षिक बैठक में पूर्व सांसद व हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. महेंद्र पाल को सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष व रितेश साह को सचिव पद की जिमेदारी सौंपी गयी। इस दौरान सचिव रितेश साह द्वारा क्लब का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं अध्यक्ष ने पूर्व में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों की जानकारी देकर भविष्य में नए आयाम स्थापित करने का आश्वासन दिया।

### 45 दिन के भीतर भुगतान में बदलाव करने का स्वागत



**नैनीताल :** मां नयन देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने सोमवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के द्वारा लागू 45 दिनों के भीतर भुगतान करने के वित्त वर्ष 23-24 में लागू प्रावधान पर वित्त मंत्री और मंत्रालय द्वारा आगामी 23 जुलाई में पेश होने वाले केंद्रीय बजट में बदलाव लाने तथा राहत देने के वक्तव्य का स्वागत है। नियम के तहत ऐसा न करने पर कंपनियों को देय राशि पर कर का भुगतान करना होगा।

# मुखिया विहीन विभाग से नहीं है कोई आशा

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** बारिश से जगह-जगह हो रहे भूस्खलन और जलभराव पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग में कई पद रिक्त पड़े हैं। संविदा पर कर्मचारियों को रखकर काम चलाया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार इस बात का दंभ भर रही है कि वो देश का पहला राज्य है, जिसने अलग से आपदा प्रबंधन विभाग बनाया है, लेकिन हकीकत में विभाग में राज्य स्तर पर अधिशासी अधिकारी सहित एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने इस्तीफा दे दिया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी सहित सभी कर्मचारी संविदा पर रखे गए हैं। ऐसे में मुखिया विहीन आपदा प्रबंधन विभाग और जिलों के संविदा कर्मियों से अधिक आशा करना ठीक नहीं है। आर्य ने कहा कि सरकार के आपदा प्रबंधन के इंतजामों की पोल खुल गई है। पहली बारिश में ही पूरे प्रदेश में जगह-जगह भू-धंसाव, पानी घुसने के कारण पेयजल लाइनों, आवासीय मकानों, मुख्य सड़कों और सम्पर्क मार्गों को भारी नुकसान हुआ है। सड़कें और रास्ते बंद होने से प्रदेश में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले कई वर्षों से लगातार आ रही आपदाओं के चलते सैकड़ों पुल और हजारों किलोमीटर सड़क को नुकसान पहुंचा है, जिन्हें ठीक करने में सरकार पहले से ही असफल है।

## प्रभावितों को तत्काल मुआवजा दिया जाए



**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने नैनीताल डीएम वंदना सिंह से फोन पर वार्ता कर बताया कि तीन दिनों से हो रही बारिश से ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक में भूस्खलन व मलबा आने से कई मोटर मार्ग बाधित हो गए। कई गांव के पैदल मार्ग और वर्षों पूर्व बने पुल ध्वस्त हो गए।

इस वजह से ग्रामीणों का ब्लॉक व जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। कई गांवों में बिजली, संचार, पेयजल व्यवस्था ठप हो गई है। कई गांवों में भूस्खलन से मकानों पर खतरा बना हुआ है। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल, पेयजल लाइनों की मरम्मत व प्रभावितों को तत्काल आपदा राहत राशि देने की मांग की है।

# शहर में जगह-जगह जलभराव निगम के अधिकारी रहे मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


रकसिया नाले में फंसे कचरे को जेसीबी से हटवाते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई।

**अमृत विचार :** शहर में लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों ने मुस्तैदी से नहरों व नालों की सफाई करा कर पानी की निकासी कराई और घरों व खेतों में घुसे कूड़े को हटाने के निर्देश दिए।

सोमवार की सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही थी। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी तीनपानी पहुंचे और रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे बह रही नहरों की साफ-सफाई देखी। इस बीच एक किसान ने बताया कि नहरों के उफान पर आने से खेत में पानी व कूड़ा घुस गया है। इस पर उन्होंने उप नगर आयुक्त तुषार सैनी को कूड़े की सफाई के निर्देश दिए।

साथ ही आरओबी की कार्यदायी संस्था को नहर किनारे लगे कूड़े के ढेर हटाने को कहा। इसके बाद वह काठगोदाम स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे, जहां अत्यधिक बारिश से भू-धंसाव होने से मंदिर का फर्श दरक गया है।

उन्होंने सिंचाई विभाग को इसकी निगरानी और मरम्मत के लिए कहा। इसके बाद वह नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के साथ प्रेमपुर लोश्ज्ञानी पहुंचे, जहां नहरों से पानी ओवरफ्लो होने से घरों व खेतों में जलभराव हो गया था। उन्होंने मौके पर ही जेसीबी से नहरों की सफाई करवाई और पानी निकासी कराई। इसके बाद वह, एसडीएम परितोष वर्मा, लोनिवि ईई अशोक चौधरी, सिंचाई ईई बीसी नैनवाल के साथ कमेटिया नाले के पास पहुंचे।

# मंजू बनीं सेवानिवृत्त पेन्शनर्स कल्याण एसोसिएशन की अध्यक्ष

संवाददाता, नैनीताल


सेवानिवृत्त राजकीय पेन्शनर्स कल्याण एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सदस्य।

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त राजकीय पेन्शनर्स कल्याण एसोसिएशन का नैनीताल में वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें मंजू बिष्ट को अध्यक्ष तथा बहादुर सिंह बिष्ट को सचिव चुना गया। अधिवेशन में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को भी प्राथमिकता से उठाया गया। राजकीय जूनियर हाईस्कूल मल्लीताल के सभागार में हुए अधिवेशन में पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

बैठक में पेन्शनर्स संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी गठन के लिए सेवानिवृत वरिष्ठ कर्मचारी नेता गिरीश चंद्र उप्रेती को मुख्य चुनाव अधिकारी व कर्मचारी नेता जगमोहन रौतेला को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी जी सी उप्रेती ने बताया चुनाव उपरांत मंजू बिष्ट को अध्यक्ष, उमेश चंद्र जोशी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रकांत खोलिया उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह बिष्ट सचिव, एबी पंत संयुक्त सचिव, यतेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, होशियार सिंह मेहरा संप्रेषण नियुक्त किया गया, जबकि केएस कार्की को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया।

## पुलिसकर्मी बनकर की महिला से अश्लीलता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने पुलिस वाला बनकर महिला को फोन किया। पहले तो वर्दी का रौब झाड़ा और फिर अश्लीलता पर उतारू हो गया। महिला के पति ने पुलिस से शिकायत की बात कही तो उसने फोन काट दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जीतपुर निगलटिया टीपीनगर में रहने वाली एक महिला के पास सोमवार सुबह फोन आया। फोन अंजान नंबर से था, जब महिला ने फोन उठाया तो सामने से एक व्यक्ति ने खुद का परिचय सीबीसीआईडी अधिकारी के रूप में दिया। उसने महिला को पुलिस की धौंस दिखाई और फिर अभद्र और अश्लील बातें करने लगा। पति ने जब पुलिस से शिकायत की धमकी दी तो न सिर्फ उसने फोन काटा।

# माननीयों की सुरक्षा का फिर से मूल्यांकन करें

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हरिद्वार जनपद के खानपुर से निर्दलीय विधायक उमेश शर्मा को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने के साथ ही अन्य माननीयों को गलत ढंग से सुरक्षा मुहैया कराने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार व गृह सचिव से इन माननीयों की सुरक्षा का मूल्यांकन कर फिर से आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी भगत सिंह ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि विधायकों को सुरक्षा के नाम पर उन्हें एक सुरक्षाकर्मी दिया जाता है, यदि किसी विधायक को खतरा है तो एक अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी दिया जाता है। किसी विधायक को सुरक्षा कवर देने से पहले एलआईयू की ओर से रिपोर्ट संबंधित विभाग को दी जाती है। उन्होंने विधायक शर्मा का उदारहण देते हुए कहा है कि उन्हें सुरक्षा देते वक्त अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का पालन किए बिना प्रार्थना पत्र के आधार पर उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। यही नहीं उनके पास पर्सनल एस्कॉर्ट भी है। याचिकाकर्ता का कहना है कि स्थानीय खुफिया इकाई ने रिपोर्ट में कहा कि शर्मा के जीवन को कोई खतरा नहीं है, इसलिए उनकी वाई प्लस सुरक्षा हटाई जाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से माननीयों की सुरक्षा का फिर से मूल्यांकन करने के निर्देश दिए हैं।


हेड़ाखान में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया। ● अमृत विचार

### हैड़ाखान आश्रम में मनाया गया वन महोत्सव

**भीमताल :** विकासखंड भीमताल के हैड़ाखान में हैड़ाखान आश्रम में वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आश्रम के मैनेजर राजेश मेहरा रहे। वन क्षेत्राधिकार नितिन पंत ने पौध रोपित कर पौधरोपण के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दान सिंह, ललित संभल, सुभाष बेलवाल, योगेश बेलवाल, डूंगर सिंह, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

# बारिश से 10 करोड़ का कारोबार प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देवभूमि ट्रक ऑनर्स महासंघ ने बारिश व भूस्खलन से बंद हुए मार्गों को खुलवाने की मांग की है, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में खाद्य समेत अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति की जा सके। संघ का दावा है कि मार्ग बंद होने से 10 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है।

महासंघ के अध्यक्ष राकेश जोशी एवं मंडल प्रवक्ता हरजीत चड्ढा ने बताया कि सभी पर्वतीय जिलों के मार्ग भूस्खलन एवं मलबा आने से बंद हो गए हैं। इस वजह से पर्वतीय जिलों में खाद्यान्न, सब्जी, सीमेंट, रेता, बजरी और राशन इत्यादि की आपूर्ति समय से नहीं हो रही है। मार्ग बाधित होने से अधिकांश ट्रक रास्ते या ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिनों में हुई बारिश से 10 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ है। मंडी से सिर्फ 200 वाहन ही पहाड़ की तरफ रसद लेकर जा रहे हैं। इस वजह से आढ़तियों और अन्य व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। वहीं बारिश में वाहन फंसे रहने से खाद्यान्न एवं सब्जी के खराब होने का खतरा बना हुआ है। महासचिव उमेश चंद पांडे व दया किशन शर्मा ने बताया कि अल्मोड़ा हाईवे मलबा आने से बंद है, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई है। सभी ने एक सुर में बंद मार्गों को खुलवाने की मांग की है, ताकि ट्रांसपोर्ट कारोबार शुरू हो सके।

## जोखिम भरा कदम हो सकता है स्वचिकित्सा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग ने जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें स्वचिकित्सा के दुष्प्रभाव व दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

लेक्चर थियेटर में हुए कार्यक्रम में फार्माकोलॉजी विभाग की डॉ. रीना भारद्वाज ने कहा कि स्वचिकित्सा का मतलब किसी भी दवाई को बिना डॉक्टर के परामर्श के लेना है। फार्माकोलॉजी विभाग के डॉ. कुणाल शर्मा, डॉ. शुजाउद्दीन व डॉ. नीरज राजदान ने भी स्वचिकित्सा से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरूण जोशी ने कहा कि चिकित्सक से परामर्श लेने के बाद ही दवाई लेनी चाहिए। इस दौरान डॉ. उमेश, डॉ. रीना भारद्वाज, डॉ. हरीशंकर पांडे, डॉ. पंकज वर्मा आदि रहे।

# कृष्ण भक्त नरसी की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर

संवाददाता, रामनगर


नरसी की कथा के दौरान कथा व्यास के साथ अग्रवाल महिला मंच के सदस्य।

**अमृत विचार :** रामा मन्दिर में श्री नरसी जी की कथा सुनाते हुए नारंग नागर ने कहा कि जीवन में कितने भी संकट क्यों न आये उनसे नहीं घबराना चाहिए। उन्होंने कहा कि नरसी मेहता का जन्म भावनगर के समीपवर्ती “तलाजा” नामक ग्राम में हुआ था और उनके पिता कृष्णदामोदर वडनगर के नागर थे। उनकी मृत्यु हो जाने पर बाल्यकाल से ही नरसी जी को कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ा।

बताते हैं कि आठ वर्ष तक गूंगे रहने के बाद किसी कृष्णभक्त साधु की कृपा से उन्हें वाणी का वरदान प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि नरसी कृष्ण भगवान के अनन्य भक्त रहे। उनके जीवन की अनेक दंत कथाएं श्रीकृष्ण को लेकर हैं। बोले भक्ति करना सीखना है तो नरसी जी से सीखना चाहिए। इस दौरान अग्रवाल महिला मंच की सदस्यों ने उनका कथा स्थल पर स्वागत किया। कथा स्थल पर स्वागत करने वालो में मीनू मित्तल, डौली अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, गीता मित्तल, उषा बंसल, मोना अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, अलका अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल मौजूद रही।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### मंडलायुक्त दीपक रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बारिश एवं जलभराव से नुकसान की दी जानकारी

# कुमाऊं में बाढ़ व भूस्खलन से बचाव को टीमें मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**02** सौ परिवारों को किया है शिफ्ट चकरपुर और लोहिया हेड से

**40** जवान और दो राफ्ट भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं सेना के



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मंडलायुक्त दीपक रावत से कुमाऊं मंडल में भारी बारिश एवं जलभराव की समीक्षा की। साथ ही बचाव एवं प्रबंधन को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

मंडलायुक्त रावत ने बताया कि कुमाऊं में अति संवेदनशील बाढ़ग्रस्त, भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के टीमें तैनात की गई हैं। जिन जनपदों में भूस्खलन तथा बाढ़ का खतरा ज्यादा है, वहां जिला प्रशासन मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि गौला नदी इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की ओर भूकटाव कर रही है, इसकी रोकथाम के लिए सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल फौरी राहत एवं बचाव करने के निर्देश दिए हैं।

कहा है कि दीर्घकालिक प्रस्ताव की डीपीआर आपदा मद में स्वीकृत करा सुरक्षा काम शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि बनबसा के देवीपुरा में 24 घंटे में 430 मिमी बरसात होने पर बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। कई इलाकों में जलभराव हो गया है। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल रही हैं, सेना के दो राफ्ट और 40 जवान भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र पंचपकरिया में भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। निकटवर्ती डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज में आपदा राहत कैंप बनाए हैं, लेकिन ज्यादातर लोग रिश्तेदारों के घर चले गए हैं।

रावत ने बताया कि खटीमा बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में भी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ जल पुलिस और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रेस्क्यू अभियान चला रहा है। चकरपुर और लोहिया हेड से 200 परिवारों को शिफ्ट किया गया है। नानकमत्ता के बिछुआ क्षेत्र में 11 परिवारों को सुरक्षित निकला गया है। सितारगंज में भी एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। वह स्वयं और डीआईजी खटीमा के दौरा पर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि टनकपुर तवा घाट हाईवे भूस्खलन की वजह से चार जगह पर बंद है, जिसे खुलवाया जा रहा है। मोहान और भतरौजखान में पनियाली में क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर वैली ब्रिज बनाया जा रहा है। लगभग 15 दिन में वैली ब्रिज तैयार हो जाएगा। कैंची धाम मार्ग को भी दिन में खोला जा रहा है, क्योंकि वहां तीन-चार जगह पर संवेदनशील क्षेत्र हैं तथा रामगढ़ के वैकल्पिक मार्ग से यातायात को चलाया जा रहा है। कुमाऊं के जिन क्षेत्रों में भूस्खलन हो रहा है, वहां जिला प्रशासन तत्परता के साथ मुस्तैद हैं।

## गुरुवार से शुरू होंगे एमबीपीजी में प्रवेश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में समर्थ पोर्टल में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को गुरुवार से प्रवेश के लिए बुलाया जाएगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश होने पर कॉलेज 20 दिनों से बंद है। हालांकि इस दौरान प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल में पंजीकरण की तिथि आगे बढ़ाई गई, जिससे इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पंजीकरण कर सकें।

एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि अवकाश के दौरान जिन विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया है, वे गुरुवार से कॉलेज आकर अपने दस्तावेज सत्यापित कर प्रवेश ले सकते हैं। बताया कि पूर्व में पंजीकृत जिन छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिला है, वे भी कॉलेज आकर प्रवेश ले सकते हैं।

## सार-संक्षेप



गौला पुल से भू-कटाव का निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### सांसद भट्ट ने लिया भू-कटाव का जायजा

**हल्द्वानी :** सांसद अजय भट्ट ने गौला पुल और अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के समीप हो रहे भूकटाव का निरीक्षण किया। उन्होंने ऊधम सिंह नगर और नैनीताल के जिलाधिकारियों को प्रभावितों की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

### मतदाता अभिनंदन यात्रा हुई स्थगित

**हल्द्वानी :** भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि नैनीताल संसदीय सीट में मतदाता अभिनंदन यात्रा कार्यक्रम बारिश की वजह से स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम की अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

### 15 जुलाई के बाद उग्र आंदोलन करेंगे बिठौरिया के लोग

**हल्द्वानी :** बिठौरिया में वन चौकी के पास आने वाले कमेटिया नाले से हो रही तबाही को देखते हुए स्थानीय लोगों ने बैठक की। साथ ही सिंचाई विभाग तथा प्रशासन के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। लोगों ने कहा कि वन चौकी के पास से आ रहे नाले की समस्या के समाधान पर किसी का ध्यान नहीं है। सिंचाई विभाग और प्रशासन ने 15 जुलाई तक समस्या का हल नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान रमेश चंद्र पांडे, किशोरी लाल, विजय पांडे, रेखा पांडे, बहादुर सिंह, गंगा प्रसाद थे।



सिंथिया स्कूल में आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे लोग।

### 200 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

**हल्द्वानी :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल जजफार्म में सामाजिक कार्यकर्ता उमेश बिनवाल के सहयोग से आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा फार्म व इंडेन गैस की केवाईसी का शिविर लगाया गया। जिसका 200 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। शिविर दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक चला। बिनवाल ने कहा कि शिविर को आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। ऐसे शिविर समय-समय पर हर क्षेत्र में आयोजित होने चाहिए। जिससे लोगों को घर बैठे लाभ मिल सके। इस दौरान रोहित बिनवाल, उदित पलड़िया, सुमित बिष्ट, एचएन बिष्ट, एनएस किरौला, बीएस बोरा, पीसी पंत आदि उपस्थित रहे।

### भारत रक्षा मंच की कार्यकारिणी का विस्तार

**हल्द्वानी :** भारत रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक आशीष वाजपेयी ने मुख्य संरक्षक भगत सिंह कोश्यारी की संस्तुति से कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिसमें गिरीश चंद्र पांडे को विभाग प्रमुख, पंकज मिलखानी को हल्द्वानी उपाध्यक्ष, भगवती जोशी व अलका रास्तोगी को महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेश महामंत्री विपुल गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने बधाई दी है।

### भीमताल औद्योगिक क्षेत्र में मिला शव

**भीमताल :** भीमताल में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि महेश आर्य 58 वर्ष निवासी भीमताल का शव औद्योगिक क्षेत्र की नाली में देर शाम साढ़े पांच बजे पड़ा मिला। अवगत कराया कि शव मिलने के बाद परिवार जन और पुलिस महेश आर्य को भीमताल सीएचसी के अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने महेश को मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेज दिया।



राजपुरा स्थित अस्थायी गौशाला की दशा। ● अमृत विचार

### स्थायी गौशाला में भेजे निराश्रित पशु

**हल्द्वानी :** नगर निगम की राजपुरा स्थित अस्थायी गौशाला से रविवार को 31 निराश्रित पशुओं को गंगापुर कबडवाल हल्दूचौड़ स्थित स्थायी गौशाला में भेजा गया। बरसात में दोनों अस्थायी गौशालाओं में पानी भर जाने से पशुओं को कई दिनों से बैठने के लिए सूखा स्थान नहीं मिल रहा था। नगर निगम ने शीशमहल गौशाला में मशीनों से पानी की निकासी की, लेकिन बारिश में वहां फिर से पानी भर गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि शीशमहल गौशाला के पशुओं को पास ही स्थित एक खाली पड़े हॉल में शिफ्ट कर दिया गया है, जबकि राजपुरा में सूखे स्थान पर तिरपाल से एक शेड का निर्माण किया गया है।



वाहन से प्रेशर हॉर्न निकलवा कर चालान करती पुलिस। ● अमृत विचार

### रेट्रो साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर 350 के खिलाफ कार्रवाई

**हल्द्वानी :** पटाखों की आवाज वाले साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सात दिवसीय अभियान चलाया। इस दौरान 350 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसमें 18 वाहनों की सीज भी किया गया। पुलिस के मुताबिक एक जुलाई से शुरू हुआ अभियान 7 जुलाई तक चला। इस दौरान मोडिफाइड, रेट्रो साइलेंसर, आग उगलने वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न लगे बस, ट्रक व अन्य वाहनों पर कार्रवाई की गई। 274 वाहनों से साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न उतरवाए गए। जिन 350 वाहनों पर कार्रवाई गई, उसमें मोडिफाईड और रेट्रो साईलेन्सर 89 वाहन सीज किए गए व 8 मोटर साइकिलें सीज गई। जबकि 66 वाहनों से साइलेंसर उतारे गए। इसके अलावा प्रेशर हॉर्न पर 261 चालान और 10 वाहन सीज किए गए। बस, ट्रक, डंपर, पिकअप, कार व मोटर साइकिल से कुल 208 प्रेशर हॉर्न निकाले गए।

### 31 जुलाई तक होंगे स्थानांतरण आदेश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रदेश में लोक सेवकों की स्थानांतरण प्रक्रिया चल रही है। काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी करने के बाद 10 जुलाई को स्थानांतरण आदेश निर्गत किये जाने की अंतिम थी, जिसे शासन ने अब आगे बढ़ा दिया है। लोक सेवकों के वार्षिक स्थानांतरण अब 31 जुलाई तक होंगे।

# गौलापार में डिग्री कॉलेज नहीं होगा बंद, बनेगा क्लस्टर: अंजू

### उच्च शिक्षा निदेशक ने सूचना को बताया भ्रामक, कहा-नया भवन बनाने की है योजना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज हल्द्वानी (शहर) बंद नहीं होगा। यह बात उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. अंजू अग्रवाल ने कॉलेज के बंद होने की अफवाहों को लेकर कही। कहा कि गौलापार कॉलेज के लिए नया भवन बनाने की योजना है।

प्रो. अंजू ने बताया कि हल्द्वानी के तीनों कॉलेजों को क्लस्टर बनाया जाएगा, जिससे गौलापार के छात्र-छात्राओं को एमबीपीजी और महिला डिग्री कॉलेज की सुविधाओं का भी लाभ मिल सकेगा। क्लस्टर बनाने और समायोजन के संबंध में विभाग की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों को क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। एमबीपीजी, महिला और गौलापार डिग्री कॉलेज के क्लस्टर बनने पर कम छात्र संख्या से जूझ रहे गौलापार कॉलेज में भी छात्र संख्या में इजाफा होगा। साथ ही विद्यार्थियों को एमबीपीजी व महिला कॉलेज में भी पढ़ने की सुविधा मिलेगी।

एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र गौलापार कॉलेज में संचालित मिलिट्री साइंस आदि विषय भी चुन सकते हैं। एमबीपीजी को कला और विज्ञान, महिला डिग्री कॉलेज को कॉमर्स में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की योजना है।



मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते गौलापार के लोग। ● अमृत विचार

### गौलापार में डिग्री कॉलेज बंद करने का विरोध, ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय डिग्री कॉलेज हल्द्वानी (शहर) को बंद करने की संभावना के चलते विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को क्षेत्र के लोगों ने मंडलायुक्त दीपक रावत के माध्यम से शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजा। साथ ही डिग्री कॉलेज को बंद न करने की मांग की। लोगों का कहना था कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि गौलापार डिग्री कॉलेज को बंद किया जा रहा है। कॉलेज बंद होने से प्रवेश ले चुके स्थानीय छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। कहा कि कॉलेज बंद होने की सूचना से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन बिष्ट ने बताया कि यदि डिग्री कॉलेज को बंद किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में महिपाल रैक्वाल, नंदन सिंह रावत, मुकेश जोशी, हेमंत सिंह बगड़वाल, मोहन चंद्र, जगदीश बिष्ट, हीरा सिंह, डिगर सिंह मौजूद रहे।

## संस्था के वार्षिकोत्सव में सम्मानित हुए वरिष्ठजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नवाबी रोड स्थित अरुणोदय धर्मशाला में अरुणोदय संस्था का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अरुणोदय स्मारिका का विमोचन किया गया। साथ ही संस्था व समाज के लिए सराहनीय योगदान देने पर नंदी देवी कांडपाल (74 वर्ष), भगवती देवी (72 वर्ष), नरेश चंद्र जोशी (85 वर्ष) और वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश चंद्र बेलवाल (79 वर्ष) को वृद्ध-जन सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 12 निर्धन मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के चेक भी प्रदान किये गये। इस मौके पर डॉ. गुंजन जोशी के नेतृत्व में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने अरुणोदय संस्था की ओर से समाज हित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की और विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। कर्नल प्रकाश तिवारी ने प्रेरक प्रसंग सुनाकर कर्मशील रहने की अपील की। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष डीके पलड़िया, जीवन सिंह रावत, जीडी सती, बिपिन चन्द्र पांडे, डॉ. गुंजन जोशी, डॉ. केदार पलड़िया, राकेश बेलवाल, पुष्पलता जोशी, पीतांबर दत्त तिवारी, लतेश मोहन, एमबी जोशी, राजकुमार केसरवानी, डॉ. दीपा कांडपाल, रोहित केसरवानी, बीबी जोशी, नवीन तिवारी, जितेंद्र रौतेला, कैलाश कुमार तिवारी, नारायण दत्त जोशी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित वरिष्ठजनों के साथ विधायक सुमित हृदयेश व अन्य।

# वायरल होने के लिए जान जोखिम में डाल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- गौला नदी के साथ वीडियो बनाने वालों की लगी है भीड़
- कलसिया, रकसिया, कमेटिया नाले की भी बनाई जा रही रील

**अमृत विचार :** लगातार बारिश की वजह से नाले और नदियां उफान पर हैं। इस उफान के साथ रील बनाने के शौकीन नदी, नालों के बेहद करीब पहुंच रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए पुलिस ने सख्त चेतावनी जारी की है।

काठगोदाम और हल्द्वानी में गौला नदी पर दो पुल हैं। अमूमन यहां लोग सैर-सपाटे के लिए भी आते हैं, लेकिन इन दिनों लोग गौला के साथ रील बनाते नजर आ रहे हैं। नदी का रौद्र रूप लोगों को डरा रहा है, लेकिन सेल्फी लेने और रील बनाने वाले इस आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। कुछ तो नदी के तट तक पहुंच रहे हैं। ठीक इसी तरह कलसिया, रकसिया और कमेटिया नाले का भी हाल है। इनकी आवाज ही इतनी डरावनी है कि रात में लोग नींद से उठ जाते हैं, लेकिन रील बनाने वाले जान जोखिम में डाल कर वीडियो बना रहे हैं।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि पुलिस नदी, नालों तक पहुंच कर मुनादी करा रही है। लोगों को दुर्घटना संभावित स्थलों से दूर रहने की चेतावनी दी है। बावजूद यदि लोग नहीं मानते तो कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी से फल-सब्जियों की आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** नवीन मंडी में रविवार को फल-सब्जियों की आपूर्ति ठप रही। पहाड़ों में बारिश के कारण वाहन मंडी नहीं पहुंच पाये। जिसके चलते दिनभर मंडी परिसर में सन्नाटा पसरा रहा।

बारिश से पहाड़ों में भूस्खलन और मलबा आने से कई मार्ग बंद हो गये हैं। जिसके चलते फल व सब्जियां लेने के लिए वाहन मंडी नहीं पहुंच पा रहे हैं। हालांकि मैदानी क्षेत्रों से मंडी में फल-सब्जियों की आपूर्ति सुचारू है। सामान्य दिनों में मंडी से रोजाना 30 से 35 छोटे-बड़े वाहन सब्जियां व फल लेकर पर्वतीय क्षेत्रों को जाते हैं। हल्द्वानी नवीन मंडी से बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, पिथौरागढ़ जिलो को प्रतिदिन फल-सब्जी की आपूर्ति होती है। आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जोशी ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों की करीब 10 से 15 गाड़ियां पहले से हल्द्वानी में थीं, जो मंडी से कम मात्रा में सब्जियां व फल लेकर रवाना हुईं।

चांफी, पदमपुरी, रामगढ़, पहाड़पानी, भीड़ापानी से प्रतिदिन आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, आड़ू, नाशपाती बिक्री के लिए मंडी में आती है, लेकिन बारिश के कारण मार्ग बंद होने से वाहन मंडी नहीं पहुंच पा रहे हैं। कोटाबाग व गौलापार से प्याज, भिंडी, खीरा और मैदानी क्षेत्रों से करेला, कद्दू, लौकी, आम लेकर वाहन प्रतिदिन मंडी पहुंच रहे हैं। बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार पर्वतीय क्षेत्रों से फल-सब्जियों की आवक कम हुई है। मौसम के कारण उत्पादन कम हुआ है। गुणवत्ता न होने से नाशपती व अन्य पहाड़ी फलों के अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं। इधर, मंडी समिति के सचिव दिग्विजय सिंह ने बताया कि मुक्तेश्वर से रविवार को भिंडी, खीरा, आम आदि की आवक मंडी पहुंची हैं।

## चौथे दिन भी नहीं चले फिल्टर प्लांट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पिछले चार दिन से बारिश के कारण गौला नदी से पानी की आपूर्ति नहीं होने से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट ठप पड़े हैं। इसके चलते शहर व अंतिम छोर तक के इलाकों में पानी की समस्या बनी हुई है।

सोमवार को भी जल संस्थान के शीशमहल व शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति बाधित रही। पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान प्रभावित इलाकों में पानी के टैंकर भेज रहा है, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि गौला बैराज से पानी की सप्लाई बंद होने से फिल्टर प्लांटों में पानी का शोधन नहीं हो पा रहा है, इससे पेयजल आपूर्ति बाधित चल रही है।

## एंटी वेनम इंजेक्शन की एक हजार यूनिट मंगवाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में सर्पदंश के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने एक हजार यूनिट एंटी वेनम के इंजेक्शन और मंगा लिए हैं। अस्पताल में इस समय नौ सर्पदंश से पीड़ित मरीजों का उपचार चल रहा है। बारिश के दिनों में सर्पदंश के मामले बढ़ रहे हैं। इस सीजन में एसटीएच में अभी तक सर्पदंश से पीड़ित 18 मरीज भर्ती हो चुके हैं। मौजूदा समय में नौ मरीज भर्ती हैं। सोमवार को कोई भी सर्पदंश का मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ है। अस्पताल में मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर से भी सर्पदंश के मरीज आ रहे हैं। एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि सभी इंजेक्शन इमरजेंसी में रखवा दिए हैं। अगर किसी भी व्यक्ति को सांप काटे तो झाड़-फूंक की जगह उसे तुरंत अस्पताल में लेकर आएं।

**कार्यक्रम** राजकीय आईटीआई हल्द्वानी में हुआ प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को विभिन्न कोर्सों व योजनाओं की दी जानकारी

# दूरस्थ क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर लाभार्थियों को जोड़ें : निदेशक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में आगामी अगस्त माह से प्रवेश शुरू हो जाएंगे। इसके लिए सोमवार को राजकीय आईटीआई हल्द्वानी में प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें आईटीआई के छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किये गए।

कार्यक्रम में छात्रों को आईटीआई में चल रहे 15 कोर्सों में फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, आशुलिपि हिंदी, वैल्डर, इलेक्ट्रीशियन मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल मोटर व्हीकल, मैकेनिकल ऑटो बॉडी पेंटिंग, मैकेनिकल ऑटो बॉडी रिपेयर, कोपा, आरएसी, स्वीइंग टेक्नोलॉजी, प्लंबर में प्रशिक्षण और लाभ सहित नए खोले जाने वाले कोर्स सोलर टेक्नीशियन, मैकेनिकल मशीन टूल मेंटीनेंस के बारे में बताया गया। कौशल विकास व सेवायोजन निदेशक संजय सिंह ने अधिक से अधिक प्रवेश के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार को कार्ययोजना बनाकर लाभार्थियों को जोड़ने को कहा। अपर निदेशक ऋचा सिंह ने आईटीआई के प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करने के साथ ही उनकी उपयोगिता और प्रशिक्षण के बाद होने वाले लाभों के बारे में बताया। प्रभारी संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल ने विभाग में चल रही विश्व बैंक की उत्तराखंड वर्कफोर्स डेवलपमेंट परियोजना के अंतर्गत आईटीआई के भवनों के जीर्णोद्धार के साथ ही ऑडिटोरियम के निर्माण और चल रहे कोर्सों के लिए आधुनिक मशीन उपकरणों की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संयुक्त निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी, उपनिदेशक प्रशिक्षण स्मिता अग्रवाल, आईटीआई पंतनगर के प्रधानाचार्य मोहन सिंह मेहरा, बीना जोशी, रेखा आर्य, आशा पांडे, पंकज सनवाल, मनोज पंत, गिरीश दुर्गापाल, पूनम आर्य मौजूद रहे।




जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रमाण पत्र के साथ छात्र, साथ में आईटीआई के अधिकारी। ● अमृत विचार

# बैगुल नदी में बाढ़ से तीन गांव डूबे

## करीब 250 परिवार बाढ़ में फंसे, स्थानीय प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** बैगुल नदी में आयी बाढ़ का पानी क्षेत्र के अरविंद नगर झाड़ी नंबर 7,8, 9 में भर जाने से तीनों गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए। बाढ़ में करीब 250 परिवार फंस गए। जिन्हें स्थानीय प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैगुल नदी में आई भीषण बाढ़ का पानी सोमवार सुबह करीब 4 बजे क्षेत्र के ग्राम अरविंद नगर झाड़ी नंबर 7, 8 व 9 में घुस गया। देखते ही देखते तीनों गांव जलमग्न हो गए। गांव में करीब 3 से 4 फीट तक पानी हो गया। सूचना पर एसडीएम रविंद्र सिंह जुवांठा, तहसीलदार पूजा शर्मा, कोतवाल सितारगंज, शक्तिफार्म पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश चन्द्र तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मोटरबोट के साथ पहुंची एनडीआरफ व पुलिस की टीम ने बाढ़ के पानी मे फंसे लोगों को निकालना शुरू किया।

बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकालकर उन्हें झाड़ी नंबर 9 के विद्यालय व प्राइमरी विद्यालय झाड़ी में ठहराया गया। इनके खाने-पीने की व्यवस्था तहसील प्रशासन की जा रही है। पटवारी भागीरथ लाल ने बताया कि शाम करीब 5 बजे गांव से बाढ़ का पानी उतरने लगा है। बैगुल नदी में आई बाढ़ इतनी तेज थी कि शक्तिफार्म सितारगंज मार्ग पर स्थित पुल के ऊपर 2 से 3 फुट तक पानी बहने लगा। ग्राम राजनगर में बैगुल नदी तटबंध में कई लोगों के घर पानी में डूब गए। बाढ़ के पानी में फंसे एक परिवार के दो लोगों को एनडीआरएफ के टीम ने लंबी रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर बाहर निकाला। रविवार रात से हो रही मूसलाधार वर्षा से क्षेत्र के कई गांवों मे बारिश का पानी घुसा। बैकुंठपुर में मुख्य मार्ग पर करीब 1 फुट पानी भर गया। दर्जनों लोगों के घरों में भी पानी घुसा। बैकुंठपुर मंदिर परिसर तथा सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर परिसर, गुरुग्राम राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पूरी तरह जलमग्न हो गया। शक्तिफार्म सिडकुल मार्ग पर रुदपुर के निकट सड़क पर 3 फुट से ऊपर पानी भर गया। सैकड़ों एकड़ धान की फसल भी बाढ़ के पानी में डूब गई।



घर में बाढ़ का पानी भरने पर सामान लेकर सुरक्षित स्थान पर जाता परिवार। ● अमृत विचार



शक्तिफार्म में बचाव कार्य की स्थिति का जायजा लेते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

# पानी की निकासी को लेकर वार्ड वासियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** बरसात के पानी की निकासी की मांग को लेकर वार्ड वासियों ने पालिका के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। वार्ड वासियों का कहना था कि बरसात से तीन दर्जन से अधिक घरों में पानी चला गया है। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

सोमवार को समाजसेवी नफीस अहमद के नेतृत्व में वार्ड नंबर 11 बस अड्डा कॉलोनी के दर्जनों लोग मूसलाधार बरसात के बीच प्रदर्शन करते हुए पालिका पहुंचे। बरसात से लोगों के घरों में घुसे पानी की निकासी की मांग को लेकर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पालिका में धरना प्रदर्शन भी किया। समाजसेवी नफीस अहमद का कहना था अगर पालिका समय से ठंडी नदी और नहर की सफाई कर देती तो दर्जनों लोगों के घरों में पानी नहीं भरता। उन्होंने कहा पानी भरने से दर्जनों लोगों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा से बात की गई तो उनका कहना था कि ठंडी नदी की सफाई का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जाना था उनके द्वारा इसका ठेका भी दिया गया था। लेकिन सफाई क्यों नहीं हुई इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। पालिका कर्मी बरसात में 24 घंटे मौके पर मौजूद है और समय-समय पर पानी की निकासी का कार्य कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में समाजसेवी नफीस अहमद, डॉ. सोनू विश्वास, रईस अहमद, मोहम्मद रफी, मोहम्मद रईस, मोहम्मद हसन, मोहम्मद जावेद, अनीश बानो मौजूद रहे।



गदरपुर पालिका के खिलाफ बारिश के बीच धरना देते वार्ड वासी। ● अमृत विचार

# तैयारियों के बाद भी काशीपुर में जलभराव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर नगर निगम ने मानसून सीजन से निपटने के लिए एक माह पूर्व ही तैयारियां शुरू कर दी थीं, लेकिन दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने नगर निगम की पोल खोल कर दी है। नगर निगम रोड, स्टेडियम तिराहे, मेन बाजार समेत नगर निगम के अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वहीं कई स्थानों पर दो फीट से अधिक पानी का जलस्तर पहुंच गया है। इसके चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऊधमसिंह नगर में शनिवार देर शाम से तेज बारिश हो रही है। वहीं बीते दो दिनों से हो रही बारिश ने काशीपुर के लोगों की परेशानियां कई गुना बढ़ा दी है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तराई में 200 एमएम से अधिक बारिश हुई है। इसके चलते काशीपुर नगर निगम के अधिकांश क्षेत्र जलमग्न हो गए। सड़कों पर जगह-जगह जलभराव और कीचड़ रही। हालांकि सोमवार दोपहर से बारिश कम होने के बाद पानी की निकासी से जलभराव का स्तर कम हुआ और लोगों को राहत मिली।



मानपुर नई बस्ती में जलभराव के बाद सड़क पार करते लोग। ● अमृत विचार

> मानसून सीजन को लेकर नगर निगम की टीम अलर्ट मोड पर है। जलभराव की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर पानी की निकासी का कार्य कराया जा रहा है।
> **– विवेक राय**, नगर आयुक्त, काशीपुर

### इन क्षेत्रों में जलभराव से परेशान रहे लोग

**काशीपुर :** बीते दो दिनों से क्षेत्र में हो रही तेज बारिश से काशीपुर नगर निगम के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी रही। इसमें निचले स्थानों पर बसी कॉलोनियों के लोगों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसमें पटेल नगर, नगर निगम रोड, मेन बाजार, कटोराताल, कुंडेश्वरी, हिम्मतपुर, मानपुर, गड्ढा कॉलोनी समेत कई स्थानों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई अंबेडकर पार्क की दीवार। ● अमृत विचार

## लगातार बारिश से अंबेडकर पार्क की गिरी दीवार

**काशीपुर, अमृत विचार :** दो दिन से लगातार हो रही बारिश से ग्राम भोगपुर में अंबेडकर पार्क की दीवार गिर गई। वहीं पार्क में चारों ओर जलभराव हो गया। दीवार गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है। उधर हेमपुर इस्माइल में एक मकान के टीन शेड अंधड़ से गिर गया। सोमवार को ग्राम भोगपुर में अंबेडकर पार्क की एक दीवार अचानक गिर गई और वहां हुए जलभराव में समा गई। गनीमत रही कि दीवार गिरने से कोई जन व पशु हानि नहीं हुई। उधर हेमपुर इस्माइल में बारिश व हवा से एक मकान का टिनशेड गिर गया। यहां भी किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है।



दिनेशपुर में झमाझम बारिश से बाजार में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

## दिनेशपुर में बारिश से बाजार में छाया रहा सन्नाटा

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** चार दिन से लगातार हो रही झमाझम बारिश से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सोमवार दोपहर दो बजे बारिश रुकने से शाम को बाजार में चहल-पहल देखी गई। बारिश से क्षेत्र के सभी मार्गों पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। सभी नदी नाले उफान पर हैं। इधर बारिश में हुई विद्युत कटौती जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

## कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य विकास भवन, अल्मोड़ा

पत्रांक : 121/जि.यो./मु.म.स.यो./2024-25 दिनांक : 08 जुलाई, 2024

मत्स्य विभाग, अल्मोड़ा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं जिला योजना अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं पूर्व से कार्यरत मत्स्य पालक, मत्स्य जीव सहकारी समितियां, महिला स्वयं सहायता समूह, महिला मंगल दल, नवयुवक मंगल दल एवं व्यक्तिगत लाभार्थी आदि से निम्न मदों अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

- पर्वतीय क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित मत्स्य तालाब निर्माण।
- लघु अर०ए०एस० (50 वर्गमी०का 01 टैंक)।
- लघु बायोफ्लाक (04 मी० डाया एवं 1.5 मी० ऊंचाई के तीन टैंक)।
- मत्स्य सहेली (ब्लॉक स्तर पर मछलियों के मूल्यवर्धन उत्पादों को तैयार करना)।
- समन्वित मत्स्य पालन।
- अनुदानित दरों पर मत्स्य आहार / मत्स्य बीज वितरण।
- मत्स्य तालाबों का सुधार।
- अवसंरचना एवं लाईवस्टॉक का बीमा।
- ऐंग्लिग बीट का विकास।
- ऐसे ग्राम/गाँव जहां क्लस्टर आधार पर मत्स्य पालन की विविध गतिविधियाँ की जा सकती हैं को प्राथमिकता दी जायेगी।
- मत्स्य जीवी सहकारी समितियों हेतु राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के माध्यम से व्यवहारिक मात्स्यिकी प्रोजेक्ट।

इच्छुक आवेदन कर्ता दिनांक 26 जुलाई 2024 तक कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन कमरा नं० 301 अल्मोड़ा, में आवेदन स्वयं या रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें। भूमि एवं जलीय गुणवत्ता / उपलब्धता के आधार पर निरीक्षणोपरान्त पूर्ण स्वीकृत कर एवं बजट उपलब्धता पर तदनुसार प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर लाभान्वित किया जायेगा। बैंक ऋण / समिति के माध्यम से ऋण आधारित / क्लस्टर आधारित प्रोजेक्टों को वरीयता दी जायेगी।

- पूर्व से निर्मित तालाबों/कार्यों हेतु योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले अनुदान प्रस्तावों/आवेदनों पर कोईविचार नहीं किया जायेगा।

अधिक जानकारी हेतु विकास खण्डवार निम्न दिये गये नम्बरो पर जानकारी दी जा सकेगी।

- विकास खण्ड ताकुला - 9456106850
- विकास खण्ड हवालबाग, भैसियाछाना, धौलादेवी, लमगड़ा - 7060446100
- विकास खण्ड ताड़ीखेत एवं द्वाराहाट- 9837573452
- विकास खण्ड भिकियासैण एवं सल्ट - 9758575748
- विकास खण्ड चौखुटिया एवं स्याल्दे - 8273407038

सहायक निदेशक मत्स्य
अल्मोड़ा

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर

संख्या :- जि.रजि.प्रा./अस्थाई पंजीकरण/2024-25/6125 -: जनहित में आवश्यक सूचना :- दिनांक- 08 जुलाई, 2024

जनपद ऊधम सिंह नगर में संचालित निम्न निजी पैथोलॉजी लैब, निजी चिकित्सालयों में स्थापित पैथोलॉजी एवं ब्लड़ कलेक्शन सेन्टर नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 एवं उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियमावली, 2015 के अधिनियम/नियमावली में वर्णित प्राविधनों के अन्तर्गत अस्थाई/स्थाई के रूप में पंजीकृत है तथा जनपद में पैथोलॉजी जॉच हेतु वैध है। निम्न पंजीकृत पैथोलॉजी लैब के अतिरिक्त जनपद में किसी भी पैथोलॉजी लैब/कलैक्शन सेंटर द्वारा पैथोलॉजी जॉच की जाती है तो वह जनपद में अवैध है।

**जनपद में पंजीकृत निजी पैथोलॉजी/निजी चिकित्सालयों में स्थापित पैथोलॉजी लैब का विवरण**

| S.NO. | NAME OF CLINICAL ESTABLISHMENT | NAME OF OWNER | NAME OF IN CHARGE | FULL ADDRESS | BLOCK |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AAYUSHI COMPUTERISED PATHOLOGY LAB | MADHU SINGH | DR SURESH KUMAR | KHATIMA | KHATIMA |
| 2 | AYUSH DIAGNOSTIC CENTER | DR. DEENA NATH | DR. DEENA NATH | OPP. KRISHNA HOSPITAL MORADABAD ROAD KASHIPUR | KASHIPUR |
| 3 | KASHIPUR DIAGNOTIC CENTER | ZISHAN | DR. RAKESH KUMAR | LAXMIPUR PATTI CHOWK | KASHIPUR |
| 4 | METRO PATHOLOGY LAB | RESHMA ANSARI | DR. RAI DAYANAND KUMAR | NEAR CANRA BANK BAZPUR | BAZPUR |
| 5 | R S DIAGNOSTIC AND RESEARCH CENTER | DR. NAKSHATRA AGARWAL | DR. NAKSHATRA AGARWAL | 329, RANAGAR ROAD KASHIPUR | KASHIPUR |
| 6 | SAI PATHOLOGY LAB | SREE KULWANT SINGH | DR. RAKESH BHATNAGAR | KASHIPUR | KASHIPUR |
| 7 | SHAKTIFARM PATHOLOGY | HOSHIYAR SINGH KUNWAR | JOGIMDAR SINGH BANS | SHAKTIFARM, SITARGANJ | SITARGANJ |
| 8 | SBR RADIOLOGY PVT. LTD. | DR AJAY KUMAR ARORA | DR AJAY KUMAR ARORA | D1D2 34/1 LINE NO- DOCTOR CLONY | RUDRAPUR |
| 9 | SEVA PATH LAB | MOHD DILSHAD | MANISH KUMAR VARSHNEY | MOHALLA BHOP SINGH GGIC ROAD JASPUR | JASPUR |
| 10 | VANSHIKA PATHOLOGY LAB | MR. TAPAS KUMAR KIRTUNIYA | DR.ZIAUR REHMAN KHAN | OPP. GOVT. HOSPITAL GADARPUR | GADARPUR |
| 11 | SHRI OM IMAGING CENTER | DR LALIT KUMAR | DR LALIT KUMAR | NEAR AWAS VIKASH GATE BAREILLY ROAD KICCHA | KICHHA |
| 12 | AZAD PATHLOGY LAB | AZAD AHMAD | MANISH KUMAR VARSHNEY | 742.WARD NO.08 NEAR HANIF /THANA SABIK KASIPUR | KASHIPUR |
| 13 | SAI PATHOLOGY LAB | KULWANT SINGH | RAKESH KUMAR BHATNAGAR | NEAR FIRE BRIGADE BAZPUR ROAD KASIPUR | KASHIPUR |
| 14 | ARORA PATHOLOGY LAB | VIKASH ARORA | DR. MANISH KUMAR VARSHNAY | R. R QUARTER-1 RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 15 | SAHARA DIAGNOSTICS, DARIYAL ROAD TANDA UJJAIN KASHIPUR | MR. MUSTKEEM | DR. RAKESH KUMAR BHATNAGAR | DARIYAL ROAD TANDA UJJAIN KASHIPUR | KASHIPUR |
| 16 | A TO Z DIAGNOSTIC CENTER | DR. ABDUL RAUF | DR. SANTOSH SHRIWASTVA | KASHIPUR | KASHIPUR |
| 17 | HI TECH PATH LAB | DR. PAWAN KUMAR | DR. PAWAN KUMAR | AWAS VIKAS | RUDRAPUR |
| 18 | SCIENTIFIC PATHOLGY LAB | SANJAY GUPTA | DR. RAHMAN KHAN | NEAR LAHORIYA HERO SO ROOM GANGAPUR ROAD FULSINGA | RUDRAPUR |
| 19 | BAYA PATH LAB GADARPUR | SHIVAM BATHLA | DR. MANISH KUMAR VARSHNAY | GULARBHOJ ROAD GADARPUR | GADARPUR |
| 20 | HEALTH CARE PATH LAB, PREET VIHAR COLONY RUDRAPUR | MOHD ABZAL | DR. ZIAUR RAHMAN KHAN | PREET VIHAR COLONY RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 21 | WAHE GURU DIAGNOSTICS CENTER, RUDRAPUR | DR. RAJEEV KUMAR SETIYA | DR. RAJEEV KUMAR SETIYA | 17/2, DOCTOR COLONY, RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 22 | VEEKAY X-RAY & PATHOLOGY | NIDHI CHHABRA | DR. NIDHI CHHABRA | KASHIPUR | KASHIPUR |
| 24 | AMBIKA PATH LAB | VINITA YADAV | DR. RAJESH PUNDIR | 16 RR QTR OPP. G.G.I.C. RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 25 | BAYA PATH LAB KELAKHERA | SUKHDEV SINGH | DR. PRDEEP KUMAR | KELAKHERA | BAZPUR |
| 26 | KHINDA PATHOLOGY AND X - RAY | DR.DALJEET SINGH | DR.DALJEET SINGH | SITARGANJ ROAD, KHATIMA | KHATIMA |
| 27 | AMBIKA PATH LAB JANPAD ROAD | RAJEEV YADAV | RAJEEV YADAV | JANPAD ROAD FULSUNGA RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 28 | ADVANCE PATHOLOGY LAB | MR. JUNAID AHMAD | DR.ARCHANA VARMA | NEAR PANJAB AND SINDHI BANK | BAZPUR |
| 29 | AMBIKA BLOOD SAMPLE COLLECTION CENTER | RAJEEV YADAV | RAJEEV YADAV | JANPATH ROAD FULSUNGA | RUDRAPUR |
| 30 | SHRI BALA JI COLLECTION CENTER BAZPUR | MR. J P GUPTA | MR. J P GUPTA | GURUDWARA MARKET BAZPUR | BAZPUR |
| 31 | PRIMO DIAGNOSTICS & CLINIC | DR. MAYURI SHRIVASTAVA | DR. MAYURI SHRIVASTAVA | MIG- 181/07 RING ROAD | RUDRAPUR |
| 32 | SCIENTIFIC PATH LAB | MR.MAHENDRA PAL | DR. BUSHRA ABID | TURNA HOSPITAL CAMPUS SITARGANJ | SITARGANJ |
| 33 | CENTRAL LABORATORY | AATMA SINGH | DR. VIRENDRA KUMAR CHHABRA | MAIN ROAD BAZPUR | BAZPUR |
| 34 | NATIONAL PATHOLOGICAL LABORATORY | DR.ALBERT SHAJI | DR. ALBERT SHAJI | 130 MANDI ROAD BAZPUR | BAZPUR |
| 35 | TARAI PATHOLOGICAL LABORATORY | DR.SREEJIT SIVADAS | DR. SREEJIT SIVADAS | WARD NO 27 GANDHI COLONY | RUDRAPUR |
| 36 | CENTRAL PATHOLOGICAL LABORATORY | SASIDHARAN VAZHAKALAYIL BHARGAVAN | DR. GIRDHAR GOPAL GOYAL | OPP MINI BUS STAND PILIBHIT ROAD KHATIMA | KHATIMA |
| 37 | CHANDAN DIAGNOSTIC CENTRE | CHANDAN DIAGNOSTIC CARE A-UNIT OF CHANDAN HEALTH CARE LTD | DR. PREMAWALECHA | MIG-126 AWAS VIKASH COLONY, RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 38 | SITARGANJ PATHOLOGY LAB | AMBILI | DR. UMAR FAROOQ | OPP. GOVT HOSPITAL KHATIMA ROAD SITARGANJ | SITARGANJ |
| 39 | NAINI PATHOLOGICAL LABORATORY | OMANA KUTTAN | DR. UMAR FAROOQQ | KUNJ VIHAR COLONYGADARPUR | GADARPUR |
| 40 | KUMAUN PATHOLOGY LABORATORY | DR,SARIKA GUPTA | DR,SARIKA GUPTA | D1/D2 CIVIL LINE DOCTOR COLONY | RUDRAPUR |
| 41 | MODERN PATHOLOGICAL LABORATORY | MR. PRADEEP KUMAR | DR. UMAR FAROOQUE | BORING GALI NEAR KICHHA | KICHHA |
| 42 | SANJAY PATHOLOGICAL LABOROTORY | MR. SANJAY ASGOLA | DR. JAGDISH CHANDRA MANDAL | NEAR GOVT. HOSPITAL GADARPUR | GADARPUR |
| 43 | PAWAS PATHOLOGY | MR. SANJEEV KUMAR SHARMA | DR. ARCHANA VARMA | R. R QUARTER- NEAR BHAGAT SINGH CHAUK RUDRAPUR | RUDRAPUR |
| 44 | JEEVAN DEEP PATH LAB | MR. RIJWAN | DR. SARANDEEP SINGH | OPP. GOVT HOSPITAL GADARPUR | GADARPUR |
| 45 | GURUNANAK PATH LAB | NAROTTAM GANGWAR | DR. SUNITA HUANG | VILL BHITAURA POST SITARGANJ | SITARGANJ |
| 46 | GURURAM DAS PATHOLOGY LAB, | MR JAGJEET SINGH | DR. JITENDRA SINGH | SITARGANJ ROAD NANAKMATTA | SITARGANJ |
| 47 | BAJAJ PATHLABS | MR. SACHIN BAJAJ | DR. SANJEEV GARG | OPP. GOVT.HOSPITAL SITARGANJ | SITARGANJ |
| 48 | D.S.KHINDA PATHOLOGY AND X-RAY | MR. DALJEET SINGH | DR. G.G. GOYAL | OPP. CIVIL HOSPITAL, KHATIMA | KHATIMA |
| 49 | JOSHI PATHOLOGY6 | DR. VIDYA PRASAD JOSHI | DR. VIDYA PRASAD JOSHI | D1 CIVIL LINE | RUDRAPUR |
| 50 | HIMALAYA PATHOLOGY LAB | DR. SANJAY SINGH CHAUHAN | DR. PRABHAKAR SOINGH | NAGAR PALIKA | KICHHA |
| 51 | NEW KHINDA PATHOLOGY | DR. KAMALDEEP SINGH KHINDA | | NEW TEHSIL | KHATIMA |
| 52 | LIFE CARE PATHOLOGY LAB | DR. NAJIM | DR. RITIKA RAO | OPP | BAZPUR |
| 53 | SUSHMA PATHOLOGY LAB | MR. RAM KITRI | DR. MANISH KUMAR VARSHNAY | VIVEK NAGAR | RUDRAPUR |
| 54 | HEALTH CARE PATH LAB | DR. NADEEM AHMAD | DR. SUNAIN BALA | GGIC SCHOOL KICHHA | KICHHA |
| 55 | NATIONAL PATHOLOGY LAB | AJAY DEV | DR. ADITYA BANSAL | GURUDWARA ROAD NANAKMATTA | NANAKMATTA |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ऊधमसिंह नगर

# तराई में मूसलाधार बारिश बनी लोगों के लिए आफत

## तुर्कातिसौर में एक परिवार को किया विस्थापित, सितारगंज, खटीमा, किच्छा, झनकट, चकरपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**44** परिवारों को राजकीय उच्च प्राइमरी विद्यालय झाड़ी में विस्थापित कराया, साथ ही तहसील प्रशासन के माध्यम से विस्थापित परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी

**20** लोगों को जलभराव होने के कारण गदरपुर में सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया गया जबकि ग्राम तुर्कातिसौर में एक परिवार को जेसीबी के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया


सितारगंज में बाढ़ का निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार


ग्राम तुर्कातिसौर में परिजनों को जेसीबी में बैठाता चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तराई में भारी वर्षा व जलभराव को देखते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सितारगंज, खटीमा, किच्छा, झनकट, चकरपुर, लोहियाहेड, नगला तराई समेत कई जल भराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल भराव क्षेत्रों व नदी किनारे बसे लोगों को विस्थापित करने व राहत कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं सितारगंज में 44 और गदरपुर में 20 परिवारों और ग्राम तुर्कातिसौर में अत्यधिक जलभराव होने से एक परिवार को जेसीबी के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया गया है।

सोमवार को निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी ने अरविंद नगर, झाड़ी गांव क्षेत्र सितारगंज का स्थलीय निरीक्षण कर राहत बचाव कार्य का मोर्चा संभाला। उन्होंने अरविंद नगर क्षेत्र से एसडीआरएफ, तहसील, पुलिस द्वारा राहत बचाव अभियान चलाकर 44 परिवारों को राजकीय उच्च प्राईमरी विद्यालय झाड़ी में विस्थापित कराया है। साथ ही तहसील प्रशासन के माध्यम से विस्थापित परिवारों के लिये भोजन की व्यवस्था की गयी।

वहीं तहसील गदरपुर के नगर पालिका वार्ड संख्या 11 के 20 लोगों को जलभराव होने के कारण सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया गया और भोजन की व्यवस्था की गई। जबकि ग्राम तुर्कातिसौर में अत्यधिक जलभराव होने से एक परिवार को जेसीबी के माध्यम से सुरक्षित विस्थापित किया गया। इसके अलावा जनपद के सभी जलभराव वाले क्षेत्रों में अधिकारियों ने तहसील प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के माध्यम से राहत बचाव कार्य लगातार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज उपाध्याय, प्रभारी अधिकारी आपदा गौरव पांडेय सुबह से आपदा कंट्रोल रूम बैठ कर जनपद के बाढ़, जल भराव की सूचनाएं प्राप्त कर पैनी नजर बनाये हुये हैं और मॉनिट्रिंग कर रहे हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं।

### बच्चों एवं बुजुर्गों और गर्भवतियों की करें खाने-पीने और दवाइयों की व्यवस्थाः सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में हो रही भारी बारिश के चलते टनकपुर, खटीमा, नानकमत्ता और सितारगंज क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। साथ बच्चों, महिलाएं एवं बुजुर्गों विशेषकर गर्भवतियों के रहने, खाने-पीने एवं दवाओं आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रभारी मंत्री बोले-खटीमा चकरपुर के प्रभावित 250 लोगों को किया जाए मंडी में शिफ्ट

ऊधमसिंह नगर के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने जिले में भारी बारिश के चलते प्रभावित क्षेत्र खटीमा, चकरपुर, नानकमत्ता और सितारगंज क्षेत्र में हुए नुकसान की जिलाधिकारी से फोन के माध्यम से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रभावितों को तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा कंट्रोल रूम को सक्रिय रूप से कार्य करने को भी निर्देशित किया। साथ ही बताया कि खटीमा के चकरपुर में प्रभावित 250 लोगों को खटीमा मंडी में शिफ्ट किया गया है।

# सितारगंज में देहुवा का जलस्तर खतरे से ऊपर

संवाददाता, रुद्रपुर

- अधिकतम जलस्तर से 0.22 मीटर ऊपर बह रही नदी
- अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि बारिश से जनपद में देहुवा नदी (सितारगंज) का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। जो अधिकतम जलस्तर खतरे के निशान से 0.22 मीटर ऊपर बह रहा है। उन्होंने नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक स्तर पर सावधानी, सुरक्षा एवं आवागमन में नियंत्रण रखें। साथ ही किसी भी आपदा व दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करें और सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करें। उन्होंने सभी राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहेंगे एवं बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों पर भेजने के लिए पूर्व में आवश्यक प्रबंध एवं कार्यवाही करें। साथ ही खाद्य सामग्री व मेडिकल सुविधा की व्यवस्था करें।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों व कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश दिए कि केंद्रीय जल आयोग के लिंक http//ffs.india-water.gov.in से जलस्तर व खतरे की स्थिति की सतत मॉनिटरिंग करें।

### रेलवे ट्रैक पर जलभराव से कई ट्रेनें प्रभावित

**काशीपुर :** विगत तीन-चार दिनों से पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से कुछ रेलवे स्टेशन के ट्रैकों पर जलभराव की स्थिति हो गई है। इसके चलते कई ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया है। उधर लालकुआं स्टेशन पर ट्रैक पर पानी आने से काशीपुर से लालकुआं जाने वाली ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। निरस्त हुई ट्रेनों में रामनगर-मुरादाबाद-रामनगर एक्सप्रेस, कासगंज-काशीपुर, लालकुआं-काशीपुर-लालकुआं, काशीपुर-रामनगर-काशीपुर एक्सप्रेस व सवारी गाड़ी शामिल हैं। साथ ही कुछ ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेशन और शार्ट-ओरिजिनेशन भी किया गया। इसके अलावा इज्जतनगर मंडल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार बरसात के इस मौसम में महत्वपूर्ण पुलो पर नदियों का जलस्तर मापने के लिए इज्जतनगर मंडल के गंगा, जमुना एवं देवहा, बदायूं-कासगंज रेल खंड के मध्य गंगा नदी पर बने कछला पुल संख्या 409, लालकुआं-काशीपुर रेल खंड के मध्य कोसी नदी पर बने पुल संख्या 104, पीलीभीत-भोजीपुरा रेल खंड के मध्य बने देवहा नदी पर बने पुल संख्या 270, कासगंज-मथुरा रेल खंड के मध्य यमुना नदी पर बने पुल संख्या 554 पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है।


नानकमत्ता क्षेत्र में बने बाढ़ के हालात, सड़क के ऊपर से बहता पानी। ● अमृत विचार

# बारिश से नदी नाले उफान पर

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। दर्जन भर सड़कों के ऊपर से तीन से पांच फीट पानी भरा है। आधा दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। एनडीआरएफ की टीम ने दर्जन भर परिवारों को सुरक्षित निकाला। उधर, बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा।

भारी बारिश के चलते क्षेत्र की देवहा नदी, कामन नदी, कैलाश नदी, खकरा नाला उफान पर आ गए। इसके चलते नानकसागर बांध का पानी सिंचाई विभाग ने पीलीभीत की ओर छोड़ दिया है। बिडौरा गांव की पुलिया का पानी चार से पांच फीट ऊपर से बहने लगा। इससे पुलिया से निकल रहा एक मोटरसाइकिल सवार बह गया।

इधर संवेदनसील क्षेत्र टुकड़ी, बिचुवा, पीपल गोला बरकी डांडी, कैथुलिया गांव में देवहा नदी के उफान से घरों में पानी घुस आया। खतरे को देख परिजनों ने अपने-अपने घरों का सामान सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गांव के करीब दर्जन भर परिवारों को एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। कैथुलिया गांव के परिवारों को बराही एकेडमी स्कूल में रुकवाया गया है। टुकड़ी, बिचुवा के ग्रामीणों को बिचुवा स्कूल में ठहराया गया है। ध्यानपुर गांव स्थित फौड़ी नाले में पानी आने से पुलिया के दोनों ओर तीन-तीन फीट पानी आ गया।

### बरकी डांडी गांव में पुलिया बही

नानकमता : टुकड़ी, बिचुवा गांव में दो स्थानों पर सड़क बह गई। साथ ही बरकी डांडी गांव में पक्की रोड पर बनी वर्षों पुरानी पुलिया बह गई। अन्य सड़कों के भी हालात खराब हैं।


नानकमत्ता के बिचुवा गांव में पानी के बहाव से बही सड़क। ● अमृत विचार

# पंतनगर में हुई 214.8 मिमी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

संवाददाता पंतनगर



पंतनगर एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग के सामने भरा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि पंतनगर में रविवार रात से जारी बारिश सोमवार दोपहर को 214.8 मिमी दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान जहां 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं न्यनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही उत्तर दिशा से चली हवाओं की रफ्तार 15.1 किमी प्रतिघंटा और आर्द्रता 96 प्रतिशत मापी गई।

रविवार रात से सोमवार दोपहर बाद तक हुई भारी बारिश ने विवि परिसर सहित आस-पास के क्षेत्र में लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह पंतनगर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। वह बेनी, संजय व मस्जिद कॉलोनी सहित नगला टीडीसी कॉलोनी में पहुंचे और जलभराव का जायजा लिया। साथ ही नगला टीडीसी कॉलोनी में जलभराव को देखते हुए वहां पुलिया को दैवीय आपदा मद से ऊंचा व चौड़ा किए जाने का आश्वासन दिया। विधायक बेहड़ के निर्देश पर तहसीलदार रुद्रपुर ने मौके पर जेसीबी मशीन बुलाकर मौके से पानी निकलवाया। विधायक ने अधिकारियों को स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध करने और क्षेत्रवासियों को हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक बेहड ने पंतनगर निवासी गीता से भी मुलाकात की, जिसका पिछले दिनों विवि प्रशासन ने आवास छीन लिया था। उन्होंने गीता को आवास आवंटित किए जाने के लिए सुरक्षाधिकारी से वार्ता कर तीन दिन में आवास आवंटन नहीं करने पर 11 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को चेताया। इस मौके पर तहसीलदार रुद्रपुर, आपदा आपदा प्रबंधन टीम, नगला नगरपालिका के ईओ अजय बिष्ट, जनार्दन सिंह, महेंद्र शर्मा, जगदीश कुमार, जुबैर खान, मुस्लिम, संतोष कुमार, अमित सैनी व गुरप्रीत गिल आदि मौजूद रहे।


अधिकारियों के साथ जलभराव का जायजा लेते विधायक तिलकराज बेहड़।

### एयरपोर्ट में भरा डेढ़ फुट पानी, यात्रियों को परेशानी

क्षेत्र में हुई भारी बारिश के चलते एयरपोर्ट में भी जलभराव हो गया। सोमवार को हुई बारिश से आगमन और प्रस्थान लाउंज (टर्मिनल बिल्डिंग के सामने) सहित कार पार्किंग क्षेत्र में लगभग डेढ़ फुट पानी भर गया था। इसके चलते हवाई यात्रियों को आवागमन में बहुत परेशानी हुई। हालांकि इस बारिश से कोई उड़ान प्रभावित नहीं हुई, हां फ्लाइटें विलंब से पंतनगर पहुंचीं और उन्होंने विलंब से ही उड़ान भरी। बस फ्लाई बिग की दून-पंतनगर वाया पिथौरागढ़ हवाई सेवा निरस्त रही, जो बहुत पहले से निरस्त चल रही है।

# फीका और ढेला नदी का जलस्तर बढ़ा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के दौरान फीका व ढेला नदी का जलस्तर बढ़ गया। इससे गांव राजपुर व आसपास के लोगों को बाढ़ का डर सताने लगा है। वर्षा रुकने पर नदी का जलस्तर कुछ कम हुआ। फीका नदी में बाढ़ आने की आशंका बनी रहती है। सन् 2007 में आई बाढ़ में राजपुर निवासी भोपाल सिंह का नदी किनारे बना घर बह गया था।


गांव रामनगर वन के रास्ते पर बहता पानी। ● अमृत विचार

पिछले वर्ष भी भारी वर्षा होने पर नादेही चीनी मिल परिसर से सटा इस नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था। इस बार भी प्रशासन व संबंधित अधिकारी पूरी तरह अलर्ट हैं और 24 घंटे नजर रखे हुए हैं।

वहीं जसपुर नगर के बिल्कुल पास से बहने वाली लपकना नदी का जलस्तर भी बढ़ गया। इधर वर्षा से जसपुर के मेन बाजार व नगरके गहरे तल वाले कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। जल भराव के दौरान सड़कों ने नदी का रूप ले लिया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भी जल भराव की स्थिति पैदा हो गई।

### विधायक बेहड़ ने गौला का भी किया निरीक्षण

**किच्छा :** गौला नदी का जलस्तर बढ़ने एवं जलभराव की सूचना पर कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने तमाम क्षेत्रों का मौका मुआयना किया। पुरानी गल्ला मंडी में गोला नदी के निरीक्षण के दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा विगत 2 वर्षों से लगातार भू-कटान एवं बाढ़ से निपटने के लिए पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में गौला नदी किनारे ठोकरों का निर्माण कराए जाने की सरकार से मांग की जा रही है। इसके लिए सिंचाई विभाग से चार करोड़ रुपये के आगणन को सरकार को भेजा है तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर दैवीय आपदा से इस निर्माण को कराए जाने का आग्रह किया गया। उन्होंने एसडीएम से फोन पर वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया विधायक बेहड़ ने आवास विकास स्थित कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनीं।




**सतर्कता** चार अधिकारियों को रखा गया है आरक्षित, रुद्रपुर और काशीपुर नगर निगम के लिए नामित किये गये हैं अधिकारी

# वार्डों में जलभराव की निगरानी को 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर जनपद में पिछले कई घंटों से हो रही लगातार बारिश और कई स्थानों में हुए जलभराव को देखते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने रुद्रपुर और काशीपुर नगर में 16 सेक्टर अधिकारी नामित किये हैं। जबकि चार अधिकारियों को आरक्षित सूची में रखा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नामित मजिस्ट्रेट वार्डों में जलभराव की निगरानी करेंगे और दो-दो घंटे की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को देंगे।

सोमवार को जिलाधिकारी ने नामित अधिकारियों की सूची जारी करते हुए बताया कि रुद्रपुर नगर निगम के तहत खंड विकास अधिकारी असित आनंद को फुलसूंगा व फुलसूंगी, ट्रांजिट कैंप पूर्वी, मध्य, पश्चिमी और मुखर्जी नगर का सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी तरह सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार को जगतपुरा, आजाद नगर, विवेक नगर, शिव नगर, राजा कॉलोनी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार को संजय नगर, औद्योगिक क्षेत्र, दुधिया नगर, भदईपुरा, पहाड़गंज का सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

इसके अलावा परियोजना अधिकारी उरेडा सुरेंद्र सिंह रावत को बिगवाड़ा, खेड़ा दक्षिणी, खेड़ा मध्य, उत्तरी, भूतबंगला उत्तर-पूर्वी, जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल को भूतबंगला पश्चिमी-दक्षिणी, रम्पुरा पूर्वी, मध्य, पश्चिमी और फाजलपुर महरौला, सहायक श्रमायुक्त अरविंद सैनी को सिर गोटिया, गांधी कॉलोनी, मुख्य बाजार, आदर्श कॉलोनी, डी1 डी2, जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र सिंह बिष्ट को एलाइंस कॉलोनी, भूरारानी, सिंह कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, आदर्श इंदिरा कॉलोनी, एसएफआई मत्स्य विभाग राजेंद्र सिंह चौहान को आदर्श कॉलोनी घासमंडी, कल्याणी व्यू, आवास विकास पश्चिमी, पूर्वी और सिडकुल का सैक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। वहीं जिला प्रांतीय रक्षक दल युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत और अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार आरक्षित रखा गया है।

### काशीपुर नगर निगम में भी कई अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने बताया कि काशीपुर नगर निगम क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी काशीपुर कमल किशोर पांडेय को रम्पुरा निझड़ा, जसपुर खुर्द, कृष्णा वार्ड, खड़कपुर देवीपुरा, कचनाल गोसाई का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसी तरह खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू को हेमपुर स्माइल उत्तरी, दक्षिणी, खड़कपुर देवीपुरा पूर्वी, मध्य, वैशाली, सहायक अभियंता लघु सिंचाई मदन मोहन शर्मा को फसियापुरा, लक्ष्मीपुर पट्टी, टांडा उज्जैन पश्चिमी, दक्षिणी, बाजपुर रोड, अपर सहायक अभियंता जल संस्थान मनोज गंगवार को सुभाष वार्ड, आवास विकास मध्य, शक्तिनगर, गंज, महेशपुरा मध्य, राज्य कर अधिकारी राजेंद्र मर्तोलिया को महेशपुरा पश्चिमी, लक्ष्मीपुर पट्टी मध्य, अल्लीखं पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी नरेश गोस्वामी को ओझान, सिंघान काजीबाग, लाहोरियान, किला, पक्काकोट, सहायक अभियंता सिंचाई विनोद कुमार को कटोराताल पश्चिमी, मध्य, पटेलनगर, गिरीताल, चामुंडा बिहार, सहायक अभियंता निर्माण खंड अजय कुमार को कटोराताल उत्तरी, पक्काकोट पूर्वी, आदर्श वार्ड, प्रभात कॉलोनी, कचनालगाजी का सैक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. शशि कमल और सहायक अभियंता लोनिवि परवेज आलम को आरक्षित सूची में रखा गया है।

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मूर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# कश्मीर में आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लगातार विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन आतंकवाद अब भी कायम है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर माचेड़ी इलाके में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की यह हरकत पुलवामा हमले जैसी थी। यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। एक दिन पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की। गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक ओर सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ाई अंतिम चरण में है, बीते 10 वर्षों में आतंकी घटनाओं में बड़े स्तर पर कमी आई है। लेकिन हर आतंकी हमले के बाद सरकार के दावे खोखले नजर आते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब अशांति पैदा करने के लिए पाकिस्तान नई साजिश रच रहा है। आतंकवादी अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि राज्य में भय के माहौल का स्तर पांच साल पहले की तुलना में कम है। पिछले दिनों मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। दो जवान भी शहीद हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े थे। इनमें एक पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन का स्थानीय कमांडर भी था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराना बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा माहौल को मजबूत करने की दिशा में यह मील का पत्थर है। स्वैन ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अंजाम तक पहुंचेगी।

एक महीने में सुरक्षाबलों ने नौ आतंकियों को मारा है। फिर भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर और सतर्क रहने की जरूरत है। राजौरी-पुंछ में सक्रिय आतंकवादी खास प्रशिक्षण प्राप्त हैं। आतंकियों का समर्थन करने वाले बड़ी चुनौती बनकर उभरे रहे हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच बिना किसी रुकावट के निरंतर समन्वय, कमजोर क्षेत्रों की पहचान और ऐसे क्षेत्रों की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर जोर दिया। यह भी सही है कि जब तक वहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के समुचित प्रबंध नहीं किए जाते आतंकी संगठन उन्हें मोहरा बनाते रहेंगे।

# भ्रष्टाचार के अर्थशास्त्र को मूक सामाजिक स्वीकृति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है।

मैंने नहीं सुना कि संसद ने भारत में करप्शन की एनॉटमी पर कभी अध्ययन करवाया और इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की, सिवाय इन दस बिल के जो देश की सर्वोच्च संस्था में विचारार्थ लंबित हैं। मनुष्य की सोच और गतिविधि में सबसे प्रमुख है शॉर्टकट क्योंकि यह ऊर्जा की संरक्षण के सिद्धांत के अनुसार काम करता है। दूसरा कारण है छिप कर या बे-ईमानी करके धनसंग्रह की प्रवृत्ति, जो कि मनुष्यों ही नहीं पशुओं में भी नैसर्गिक है। इसलिए रिश्वत, पेपर लीक आदि को इस नज़रिए से देखेंगे तो यह पूरी तरह से विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है और मनुष्य का स्वभाव इसका समर्थन करता है।

करप्शन की टॉलरेंस किस वजह से है इसे जानने के लिए चंद उन पेपर्स को भी पढ़ना चाहिए जिन्हें चीन के उन स्कॉलर्स ने प्रकाशित किया है जो यूरोपियन यूनिवर्सिटीज़ में पढ़ते हैं जैसा कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा सन 2020 में प्रकाशित यूएन यूएन अंग की इस किताब -चाइनाज गिल्डिड एज-द पैराडॉक्स ऑफ़ इकॉनोमिक बूम एंड वास्ट करप्शन, से साबित होता है। रूस में भी जबरदस्त करप्शन है। भारत में करप्शन का स्केल और इंटेंसिटी, व्यापकता अर्थात इन्सिडेन्स एंड प्रिवेलेंस व्यापक है और इसकी ऐतिहासिकता वेलफेयर और डेमोक्रेटिक स्टेट के लिए चित्नीय और अवनतिकारक है।

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है। एक बात यह कि नीट के रद और नए पर्चे के कंटेंट डिजाइन अर्थात प्रश्नों में शत प्रतिशत भिन्नता होने की संभावना के कारण परीक्षार्थियों के रेस्पोंस का आकलन भी भिन्न हो जाएगा। पहली बारे के पर्चे में जो परीक्षार्थी बेहतर परफॉर्म करने के बाद जितना स्कोर हासिल कर पाते वह दूसरी बार के पर्चे में दिए गए प्रश्नों में कुछ को सोल्व नहीं कर पाते तो इनकी स्कोरिंग नीची होने की प्रबल संभावना है। इस विशाल अंतर की क्षतिपूर्ति कैसे होगी और कौन, कब, किस फॉर्म में करेगा? इसलिए न तो वस्तुस्थिति के बारीक परिक्षण से काम चलता है और न ही अलग-अलग साइज़ के कंकड़ों को एक पात्र में डालकर हिलाने से बड़े साइज़ वाले ऊपर आएंगे और बारीक एवं छोटे साइज़ के नीचे चले जाएंगे। साधनहीन, विपन्न, एवरेज मनुष्य कुछ न कर पाएगा क्योंकि उसने खुद को कानून के दायरे में जकड़ लिया है, ऐसा सोशल साइकोलॉजिस्ट्स का कहना है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे।

रिश्वतखोरी या बे-ईमानी अगर स्वभावगत तो इस पर अंकुश इसलिए होता है कि न्याय की हानि न हो। लेकिन न्याय तो अब व्यक्ति-सापेक्ष हो गया है, प्रकृति सापेक्ष नहीं रहा। इसलिए भाई लोगों जितना भ्रष्ट आचरण कर सकते हैं, करें। डरें नहीं, क्योंकि न्याय सुनिश्चित करने वाले संपन्न और ताकतवर व्यक्ति ही इसे मोल्ड करके खुद के लिए अनंत सुख की कामना ही नहीं बल्कि छीनने का जुगाड़ को सही मानते हैं। इसलिए आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं को एक समाजशास्त्री ने इकॉनमी ऑफ़ कम्फर्ट, एनरूट वाया करप्शन कहा है। मुझ जैसे अल्प समझ वाले व्यक्ति को यह ख्याल सही लगता है। लेकिन, करप्शन के लिए भीरूपन नहीं बल्कि साहस की जरूरत होती है। करप्शन को फिजिक्स के बाद अगर बायोलॉजी और केमिस्ट्री के नजरिए से देखा जाए तो हमें जेनेटिक्स और परिवेशिकी एवं न्यूरो-फिजियोलॉजी के गहराई में जाकर मॉलिक्यूलर लेवल तक भी उतरना होगा। करप्शन, बहुत लोगों का जेनेटिक ट्रेंड बन चुका है और प्रसन्नता, सुख और भय की केमिस्ट्री तो व्यक्ति के लिए जानलेवा होती है। भारत के मनीषियों का यह कथन सही है कि अन्याय को कुदरत बर्दाश्त नहीं करती और कथित विप्लव, बेशक व्यक्ति के मन के भीतर है, परिवार में है, समाज में है, पॉलिटिक्स में है, बिजनेस में या फिर अंतर्देशीय संबंधों में है, कुदरती तौर पर सुधार के एक कदम के रूप में प्रकट होकर सब-कुछ बराबर कर देता है।

भारत में करप्शन को रोकने के प्रयासों के बावजूद यह बढ़ी है। इस बारे में रिसर्च भी बहुत हुई है, लेकिन जब तक इसकी स्ट्रक्चर और सोशल एक्सेप्टेन्स की वजहों पर दीप रिसर्च नहीं की जाएगी तब तक मोदी जैसे व्यक्ति होने के बावजूद इसका ढांचा ढहेगा नहीं। मेरे हिसाब से छिपे तौर से मोदी राज में भी भाजपा शासन वाले प्रान्तों में बहुत करप्शन हुई है, क्योंकि इसके बिना काम होते ही नहीं। आधे से अधिक कर्मचारी काम करने के पैसे लेते हैं और दफ्तर अटेंड करने के लिए तनख्वाह। जो रिश्वत लेने की हिम्मत नहीं रखते और इनके पास रिश्वत लेने वाली सीट नहीं है, वे लोग लेथार्जिक हैं या ढर्रे पर काम करते हैं। चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु जैसे जर्नल हमारे यहां नहीं है। कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स जर्नल में प्रकाशित पर्चा 'रिफार्म, स्टेट एंड करप्शन -इज करप्शन लेस डेस्ट्रक्टिव इन चाइना दैन रूस?' और चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु के दिसम्बर 2018 के अंक में प्रकाशित स्टडी 'करप्शन एंड एंटी-करप्शन रिसर्च इन चाइना -ए क्रिटिकल रिव्यु ऑफ़ चाइनीज टॉप जर्नल पब्लिकेशन्ज़ (1989-2017) को पढ़ने बहुत कुछ मालूम होता है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे। इनमें से कोलब्रुक केस तो मशहूर है जो मालखाने से अपने लिए शानदार वस्तुओं को मामूली दाम देकर लेता था।

सन 2002 में 102 देशों में व्याप्त भ्रष्टाचार की मात्रा और फ्रीक्वेंसी के अनुसार तैयार की गयी सूची में हमारा रैंक नंबर 71वां था। मुझे रेश्यो और प्रोपोर्शनेट कैलकुलेट नहीं करना आता, परन्तु मुझे यह शक है कि नई गणना के समय 61 नए देशों को शामिल न करके 41 उन्हीं देशों के बीच में तुलना करनी चाहिए थी जिनसे पहली पार की गई थे। अन्य स्रोतों से यह जाहिर है कि सांख्यकी अध्ययनों के अनुसार भारत में उक्त अवधि के समापन के बाद इसका इन्सिडेन्स और प्रिवेलेंस बढ़ने से भ्रष्टाचार की वॉल्यूम दुगनी हो गई। देश में प्रशासकीय स्तर पर कर्मचारियों के लिए जो भी कण्ट्रोल, क्लासिफिकेशन एंड अपील रूल्स और कंडक्ट रूल्स हैं वे सिर्फ आंशिक रूप से सक्रिय किये जाते हैं। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो के अनुसार हरियाणा में भाजपा के शासन काल 2021-2022 के दौरान ही करप्शन के केस तीन गुणा हुए हैं।

सन 2021 में इनकी संख्या 79 थी जो अगले साल बढ़कर 246 हो गई (इंडियन एक्सप्रेस, 5दिसंबर, 2023)। प्रशासन की चुस्ती या निगहबानी और एंटी-करप्शन मैकेनिज्म की सक्रियता के नाते से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ने की वजहों के नाते से इस संख्या को समझने की जरूरत अधिक है। यह अधिक चिंताजनक है कि रिश्वत के आरोपों में अकसर ही छोटे स्तर के कर्चारियों को पकड़ा जाता है और बड़ी मछलियां जाल में फंसने से बच जाती है। इंडिया पालिसी फोरम की सन 2014-15 संकलित की गई एक रिपोर्ट करप्शन इन इंडिया -ब्रिजिंग रिसर्च एविडेंस एंड पालिसी आप्शन्स में कहा गया है कि आमजन का भ्रष्टाचार के प्रति जैसा नज़रिया है उसकी पुष्टिकरण के लिए अकादमीय दृष्टि से पर्याप्त और मजबूत सबूत हैं।

कोर्ट केस, डाक्यूमेंट्री प्रूफ, ब्यान और मौके की गवाही के अलावा मटेरियल वेल्थ की रिकवरी इस बारे में पर्याप्त आधार देती है कि देश में करप्शन की स्ट्रक्चर और व्याप्तता की सीमाओं का विस्तार हुआ है। खेद की बात है कि कार्रवाई करने वाली एजेंसीज से संबद्ध कुछेक जांच अधिकारी साक्ष्य मिटाने और नष्ट करने या कार्रवाई न करने के एवज में भारी रिश्वत लेते हैं। रिश्वत के आरोप को हल्का करके भरपाई करने का प्रयास पूरी शक्ति से किया जाता। अफसर लोग अपने साथियों को बचाते हैं। 85 पन्नों की यह रिपोर्ट देश में करप्शन की स्ट्रक्चर को न केवल उघाडती है बल्कि इसमें बढ़ोतरी के संकेत भी देती है। इस रिपोर्ट के समर्थन में 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स, रिपोर्ट्स और दस्तावेजों का सन्दर्भ देकर इसे अकाट्य और विश्वसनीय बनाया गया है।

## प्रसंगवश

# हिंसक होते वन्य जीव

पिछले दिनों उत्तराखंड में बाघ ने एक आठ वर्ष के बच्चे को अपना निवाला बना लिया। उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में हिंसक वन्य जीवों के मानव पर हमले लगातार बने हुए हैं। कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों से लगे गांवों में बाघ और गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीते कुछ माह मे हिंसक हुए इन वन्य जीवों ने कई महिलाओं और पालतू जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल या अपना शिकार बनाया है। पिछले तीन माह में ही बाघ नैनीताल जनपद के भीमताल ब्लाक में दो महिलाओं और एक युवती को अपना शिकार बना चुका है। जब यह घटनाएं हुई तो लोग सड़कों पर उतर आए। जंगली जीव अपना प्राकृतिक आवास जंगल को छोड़कर हमारे क्षेत्र में क्यों आ रहे है,यह भी हमें सोचना और समझना होगा। बाघ और गुलदार का मानव के साथ संघर्ष पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक फैले विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट नेशनल पार्क से लगे गांवों में बाघ और गुलदार अक्सर देखे जाते हैं तथा वहां पर जंगल जाने वाली या खेतों में काम करने वाली महिलाओं पर जानलेवा हमला होना अब एक आम बात है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बीते सालों में यह हमले क्यों बढ़े है और क्यों बाघ, गुलदार जंगल छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं? दरअसल कथित विकास की सोची समझी साजिश के तहत हमने पहाड़ खोद डाले हैं। बिना सोचे समझे जहां-तहां जंगल काटकर सड़कें बना दी गई हैं। सड़कें बनी तो जंगल के बीच में मकान, भवन और रिसॉर्ट भी बनने लगे। जमीनें बिकने लगीं, बाहरी लोगों का प्रवेश हुआ तो जंगल में पेड़ कटने लगे और पेड़ों की जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए। इन रिसॉर्ट और बंगलों में मनोरंजन के नाम पर कभी आतिशबाजी पार्टियां, तो कभी देर रात तक डीजे बजने लगा। शांत जंगल मे शोर होने लगा। नतीजतन वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों पर हमारा हस्तक्षेप बढ़ता गया। जाहिर है इसका नकारात्मक असर हुआ। जंगल का मूल जीवन ,उसकी इकोलॉजी डिस्टर्ब हुई तो जानवर जंगल छोड़ गांव की ओर आने लगे। जानवर अब डरे-डरे से है और हमारी नासमझी के कारण ही जंगल से पलायन को विवश हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

# श्रेष्ठ प्रबंधन पर निर्भर है आपदा नियंत्रण



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर आज आम आदमी को भी दिखने लगा है। इस साल जो भीषण गर्मी पड़ी,उसने हर किसी को प्रभावित किया। जंगलों में आग लगने की घटना ने विकराल रूप धारण कर लिया था। तमाम इंतजामात कुछ काम नहीं आए। कई वनकर्मियों और नागरिकों की जान भी गई। मैंने इस वर्ष उत्तराखंड की लंबी यात्राएं कीं। इस दौरान पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, भीमताल,नैनीताल, मुनस्यारी और टिहरी सभी जगह जंगलों को जलते देखा। वन विभाग कर्मचारी प्रशिक्षण और सुविधाओं के अभाव में भी ड्यूटी निभाने के तहत आग बुझाते रहे पर जंगल नहीं बचा पाए। बिनसर क्षेत्र में 5-6 वन कर्मचारियों का झुलसकर जान गंवाना हृदय विदारक घटना थी।

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत,सब बरसात आने पर ही याद आता है। इधर कुछ दिनों की बारिश में ही आंतरिक सड़कें टूटकर ध्वस्त हो गई हैं। कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 80 छोटी-बड़ी सड़कें बंद हैं,जिनमें गांवों को जोड़ने वाली ब्रांच सड़कें भी शामिल हैं। रानीखेत और रामनगर को जोड़ने वाला अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ पुल भी बीते दिनों ढह गया। हल्द्वानी से मात्र 28 किलोमीटर दूर रेलवे का मुख्य स्टॉपेज लाल कुआं में पानी भर जाने से रेल यातायात बाधित रहा। व्यस्ततम भवाली-अल्मोड़ा हाईवे भी साल भर काम चलने के बावजूद भी बाधित होता रहता है। इसी तरह चारधाम और आदि कैलाश यात्रा भी स्थगित करनी पड़ी है। आपदाओं से बचने के लिए हमें पहाड़ों की प्रकृति को समझना पड़ेगा। उत्तराखंड के लगभग सभी पहाड़ अपनी युवावस्था में हैं। उन्हें परिपक्व होने में अभी वर्षों लगने हैं,पर लगातार सड़क विस्तारीकरण के कारण उन पर चोट की जा रही है, पेड़ काटे जा रहे हैं,जो गंभीर परिणामों को न्यौता देने वाली बात है। सड़क में मलवा आने से अक्सर यात्री मार्ग में फंस जाते हैं। कुमाऊं में काली, गोरी और सरयू नदी उफान पर है तो गढ़वाल क्षेत्र में अलकनंदा, मंदाकिनी और पिंडर का भी यही हाल है।

इस बार भी मानसून की शुरुआत से ही लगभग सभी जिलों से तबाही की खबरें आने लगी हैं। अपने आसपास अगर नैनीताल की बात करूं तो जलवायु परिवर्तन का असर इस शहर में पिछले कई वर्षों से दिखाई देने लगा है। मानसून की बारिश की प्रवृत्ति में भी अब काफी बदलाव आया है। पुराने समय में कई-कई दिनों तक लगातार बारिश होती थी जिसे स्थानीय भाषा में सतझड़ कहते थे,लेकिन आज के दौर में कुछ देर के लिए मूसलाधार बारिश हो जाती है,जो सब कुछ तहस-नहस कर देती है और फिर कई-कई दिनों तक सूखा पड़ जाता है। अगर पिछले 10 वर्षों की बात करें तो नैनीताल और इसके आसपास के क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। यह सब जलवायु परिवर्तन का असर है और अंधाधुंध पर्यटन भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। जब नए-नए भवनों और रिसॉर्ट्स का निर्माण होगा तो परिणति यही होनी है। यहां की प्रसिद्ध लोअर मॉल रोड पिछले कई वर्षों से धंसती जा रही है। पाषाण देवी मंदिर के पास ठंडी सड़क में दो साल पहले जो भूस्खलन की शुरुआत हुई थी,उसकी पुनरावृत्ति हर साल हो रही है। इसने कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास को भी अपनी जद में ले लिया है। तराई भाबर के क्षेत्र में जैसे-जैसे कृषि भूमि का रकबा कम हुआ,जल आपूर्ति करने वाली नहरों को अवैध तरीके से पाट दिया गया है, जिससे जल भराव की समस्या बढ़ रही है।

बरसात का मौसम अपने साथ कई बार जलजला लेकर आता है। कई मकानों और पुलों की बलि बरसात के मौसम में चढ़ जाती है। इसीलिए निर्माण कार्य में भी प्रबंधन की जरूरत है। बारिश इस तबाही का बहाना बन जाती है,लेकिन सच्चाई यह है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री और लापरवाही इसका मुख्य कारण होता है। बरसात का मौसम पोल खोलने का काम जरूर करता है। अंधाधुंध निर्माण के चलते पहाड़ियां यूं ही जर्जर अवस्था में हैं उस पर गर्मियों में लगने वाली आग इन्हें और कमजोर बना देती है। बोल्डर गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि ये बॉल्डर ही पहाड़ों को थामे रहते हैं। इनका गिरना मतलब पहाड़ों का कमजोर होना। आज पहाड़ की सहन क्षमता से अधिक पर्यटक यहां आ रहे हैं,जो एक गंभीर मुद्दा है। इन तमाम तथ्यों को ध्यान में रखकर एक ठोस प्रबंधन नीति जरूरी है,जो आपदा के मौसम की मार को कम कर सके।

## सोशल फोरम

# शिक्षा में सुधार के लिए

सरकार की नीति कहती है कि स्कूल सरकारी हो या प्राइवेट,उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक ट्रेंड होने चाहिए। ट्रेंड मतलब बीएड, डीएलएड आदि। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पष्ट कर दिया है कि जो ट्रेंड नहीं है वह किसी भी स्कूल में पढ़ा नहीं सकता।

इन हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के इस दिशा निर्देश का पालन प्राइवेट स्कूलों में हो रहा है या नहीं। अगर नहीं हो रहा है तो यह समाज और बच्चों के साथ धोखा है, साथ ही सरकार के प्रति अपराध है। हाकिमों को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए, अखबार वालों को, टीवी और यू-ट्यूब वालों को ऐसी कार्रवाइयों के बारे में खबरें और वीडियो चलानी चाहिए।

आज के दौर में शहरों में रिक्शा वाले, खोमचे वाले, घरेलू नौकर का काम करने वाले तक अपने बच्चों को किसी प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाने की चाहत रखते हैं। ऐसे न जाने कितने पढ़ाते भी हैं। तमाम आर्थिक जद्दोजहद को झेलता लोअर मिडिल तो बड़ी संख्या में अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ही भेजता है। यह वर्ग महंगी ही होती जाती फीस और अन्य तमाम शुल्कों से बुरी तरह हलकान है। उनकी मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च हो जा रहा है।

हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के दिशा निर्देश, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षकों के वेतन स्तर आदि का मेल कैसा है इन प्राइवेट स्कूलों में। प्रिंसिपल से लेकर चपरासी तक,किसी को अंग्रेजी नहीं आती और तब भी अंग्रेजी स्कूल खोलकर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का दम भरने वाले स्कूल भी हजारों में हैं। ऐसे भी बहुतेरे प्राइवेट स्कूल हैं, जिनके शिक्षकों और शिक्षण का स्तर निम्न है। वे बड़ी मात्रा में अधकचरी जमात पैदा कर रहे हैं छात्रों की और इनका सबसे बड़ा शिकार लोअर मिडिल क्लास है। हाकिमों को यह सब देखना चाहिए। सिर्फ सरकारी मास्टरों को खूब-खूब टेंशन दे देने से शिक्षा नहीं सुधरने वाली। इन शिक्षकों के मानस और उनके हितों से भी सामंजस्य बिठाना होगा।

-फेसबुक वॉल से



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

# शिव, तुम्हारी गंगा कहां खो गई



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है।

हरिद्वार में एक प्रश्न यह जन्मा कि यदि हिमालय शिव का वास है तो इसका नाम 'हरद्वार' क्यों नहीं है? इसे हरिद्वार के रूप में क्यों लोकप्रिय बनाया गया? सिर्फ बद्रीनाथ (विष्णु) की वजह से इसे हरिद्वार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आगे केदारनाथ, कैलास- मानसरोवर और 'शिव की जटा' पर उतरी गंगा है। हिंदू धर्म में कम से कम दो प्रवृत्तियां स्पष्ट हैं, आक्रामक आत्मसातीकरण और प्रेमभरा अंतरमिश्रण। एक-एक समय कट्टर वैष्णवों ने दूसरे धार्मिक बिंबों का आक्रामक आत्मसातीकरण किया है। इसका एक उदाहरण 'हरद्वार' को 'हरिद्वार' बनाना है। इसी तरह प्रेमसक्त अंतरमिश्रण के उदाहरण हैं, हरि-हर और अर्धनारीश्वर के बिंब, शैव-वैष्णव विवाद का राम और शिव द्वारा एक-दूसरे की प्रशंसा के रूप में समाधान।

आक्रामक आत्मसातीकरण की प्रवृत्ति धर्म को मूल्यों की खोज की जगह कर्मकांड प्रधान तो बनाती ही है,उसे हिंसात्मक भी बना देती है और आज के दौर में व्यापार का उपजाऊ क्षेत्र भी। धर्म के दो पक्ष हैं-मूल्य चेतना और कर्मकांड। धर्म का महज कर्मकांड में सीमित होना धर्म का अंत है। जब भी धर्म-धर्म का बहुत शोर हो तो समझ लेना चाहिए,वहां सब है सिवाय धर्म के। मेरे लिए चिंता का विषय आक्रामक आत्मसातीकरण का नया रूप है,जो एकरूपतावादी स्वरूप है। यह 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' के आक्रमण का भ्रम पैदा कर रहा है। स्पष्ट है कि उत्तर भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ हिंदुओं की आस्थाओं और रीतियों में भी विविधता है। वस्तुतः 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज नहीं है। अपनी विविधताओं और अंतरमिश्रण के साथ हिंदू धर्म जरूर एक बड़ी वास्तविकता है। मेरा इससे सरोकार गर्व और शर्म से भिन्न है।

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है। इससे जुड़े प्रचार हिंदुओं को ही संकुचित कर रहे हैं। मुझे हिंदू देवताओं में शिव सबसे ज्यादा प्रिय हैं। शिव एक गैर वैदिक उत्पत्ति के देवता हैं,पशुपति से विकसित, वैदिक रुद्र और दक्षिण भारतीय नटराज आदि के बिंबों से अंतरमिश्रित। दक्षिण में शिव भक्ति का प्रचार ज्यादा रहा है। कश्मीर में शैव दर्शन बना है, भले हिंदी क्षेत्र में कई बड़े शिव मंदिर हों। शिव से संबंधित जो कथाएं बाद में बनीं,उनसे स्पष्ट बोध हो सकता है कि दक्षिण-उत्तर संवाद कितना अर्थपूर्ण है। शिव का संबंध गंगा और कैलास से होना। दक्षिण-उत्तर के बीच धार्मिक सांस्कृतिक अंतरमिश्रण का एक बड़ा उदाहरण है। मुझे शिव इसलिए भी प्रिय हैं कि उनकी छवि भले संहारक की बनाई गई है,वे जरा भी मार-काट मचाने वाले देवता नहीं हैं,बल्कि काली की हिंसात्मकता को रोकने के लिए वे उनकी राह में सत्याग्रह करते दिखते हैं। वे स्वर्णाभूषण और राजमुकुट वाले देवता नहीं हैं, लोक देवता हैं और कई स्थानीय लोक परंपराओं के साथ उनका व्यापक अंतरमिश्रण होता है। वे सर्वसुलभ देवता हैं और सबसे कम हथियाए जा सके हैं। एक और खूबी है, वे भोले हैं, सहज हैं, घर-परिवार वाले हैं। कोई अन्य देवता इस तरह घर-परिवार वाला नहीं है।

समुद्र मंथन में कोई ऐरावत ले गया, कोई लक्ष्मी ले गया, कोई अमृत ले गया, शिव के हिस्से में जहर आया। उन्हें नीलकंठ कह कर महिमामंडित कर दिया गया,पर क्या किसी ने उनके विषपान के दर्द को पहचाना? यह मुक्त बाजार एक तरह का समुद्र मंथन ही तो है। कोई ऐरावत ले जाएगा, कोई लक्ष्मी ले जाएगा,करोड़ों लोगों के हिस्से में जीवन का हलाहल आएगा। हरिद्वार में एक जगह साधारण सा बना एक स्कूल देखा जिसका नाम 'संस्कृति स्कूल' है,पर यहां शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। धर्म की तरह संस्कृति की धारणा किस तरह सिकुड़ी है,इसका यह एक उदाहरण है। देहरादून में दून स्कूल है,जो इस देश के 'रुलर्स', शासक तैयार करता है,बड़े लोगों के बच्चे यहां पढ़ते हैं। दूसरी तरफ, हिंदी माध्यम के हजारों विद्यालय हैं,जो देश को चपरासी,क्लर्क,नर्स और झंडा ढोने वाला देते हैं। पूरे देश में राम का हल्ला है,पर यह देश तो हलाहल पी रहा शिव बना हुआ है। एक बार फिर गंगा की तरफ लौटें। गंगा को एक महान नदी कहने का अर्थ यह कभी नहीं होना चाहिए कि देश की नर्मदा, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियां गौण हैं। सिर्फ गंगा के गुण गाना भारतवासी को सीमित करेगा, यह आक्रामक 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' का चिह्न होगा। फिर गंगा के सैकड़ों स्थानीय नाम हैं और बांग्लादेश में तो इस नदी का नाम पद्मा है। यह नहीं है कि भारत में वह हिंदू नदी है और बांग्लादेश में वह मुसलमान हो गई। नदियां, पहाड़, खेत, जंगल कभी हिंदू-मुसलमान नहीं होते।

मैं गंगा के किनारे कुछ नहीं,गंगा को ही ढूंढ रहा हूं। मुझे लगा कि मैं जैसे अपने ही घर में खो गया हूं। मेरे सांस्कृतिक असबाब मेरे घर से बाहर फेंक दिए गए हैं और हर तरफ अपरिचित चीजें भर गई हैं। इतना ताम-झाम, इतना ग्लैमर, इतने जयकारे, इतने नाट्य, इतने शक्तिशाली प्रचार हैं कि मेरी आवाज कौन सुनेगा! फिर भी हमें तूती की तरह बोलना तो होगा। तसल्ली यह हुई कि गंगा निर्विकार बह रही हैं। वह अपने संसार को पहले की ही तरह बचा रही हैं। इसी तरह कहीं नर्मदा बह रही होगी,कहीं गोदावरी बह रही होगी,कहीं कोसी बह रही होगी और सैकड़ों नदियां बह रही होंगी। वे बह-बह कर यही कहती हैं, धर्म को तालाब न बनाओ और न उसे बाढ़ बनाओ। गंगा की बाढ़ का पानी पवित्र नहीं होता।

# शारीरिक दृष्टि से अयोग्य होते व्यस्क

लगभग आधी व्यस्क आबादी शारीरिक दृष्टि से अयोग्य हो रही है। लांसेट ग्लोबल हेल्थ अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग आधी व्यस्क आबादी 2030 तक शारीरिक रूप से अयोग्य हो जाएगी। शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो रहे लोगों की संख्या 2000 में 22.3 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 49.4 प्रतिशत हो गई। भारत में इस मामले में महिलाओं की संख्या और भी ज्यादा है, जो लगभग 57 प्रतिशत है जबकि पुरुष 42 प्रतिशत शारीरिक रूप से अयोग्य पाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ रहने को एक व्यस्क को सप्ताह में 150 से 300 मिनट हल्की एक्सरसाइज की जरूरत है। ऐसा न करने से डायबिटीज और हार्ट की समस्या बढ़ने की आशंका रहती है। वर्ल्ड स्टेटिक्स के आंकड़ों के अनुसार भारत में जिम में जाकर एक्सरसाइज करने वालो की संख्या मात्र 50 लाख ही है,जो की पूरे विश्व के मुकाबले काफी कम है। जानकारों का मानना है कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह-सुबह का टहलना और छोटे-छोटे व्यायाम करना व्यस्कों के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही साथ अपने को फिट रखने के लिए जंक फूड के स्थान पर पौष्टिक आहार भी जरूरी है जैसे ताजा भोजन,दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ, अंडे और अन्य प्रोटीन युक्त आहार आदि।

अभी तक सबसे स्वस्थ देश नहीं होने के बावजूद,भारत 195 देशों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में 12 वें स्थान पर है। भारतीय जनता में पहले से ही हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों की प्रवृत्ति है। भारतीयों को दूसरों की तुलना में बहुत पहले पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यायाम बहुत जरूरी है,व्यायाम करेगा तभी तो स्वस्थ बनाएगा इंडिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली



रुद्रपुर के जगतपुरा में एक घर में पानी में फंसे जानवर। ● अमृत विचार। ● अमृत विचार



रुद्रपुर के जगतपुरा में कॉलोनी में भरा कल्याणी नदी का पानी। ● अमृत विचार

# मंडलायुक्त और डीआईजी ने किया खटीमा में प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण

## रेस्क्यू और राहत कार्यों का लिया जायजा, लोगों से संयम बरतने की अपील, 500 लोगों को रेस्क्यू कर निकाला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त दीपक रावत और डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने खटीमा बाजार, नगला तराई गांव, मेलाघाट जमौट, प्रतापपुर आदि जलभराव क्षेत्रों का ट्रैक्टर से और स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही रेस्क्यू और राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लोग संयम व धैर्य से काम लें, किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की राहत पहुंचाई जाएगी।

सोमवार को खटीमा में निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, उपजिलाधिकारी रवीन्द्र बिष्ट, एनडीआरएफ के अधिकारियों व कर्मचारी से रेस्क्यू, राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि रविवार की रात से क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जलभराव हो गया था। सुबह से ही रेस्क्यू राहत बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। यह कार्य जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के माध्यम से सुचारू है। जलभराव क्षेत्रों से लोगों को रेस्क्यू कर निकालने का कार्य सुबह से ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ द्वारा क्षेत्र के करीब 500 लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया है व उन्हें रिश्तेदारों के घर पहुंचाया गया है। जो घर में रहकर ही पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं उन्हें खाना-पानी दिया गया है।

उन्होंने बताया कि राजीव नगर अमाऊ, पकड़िया, प्रतापपुर व तराई नगला क्षेत्र में पानी भरा हुआ था। राहत बचाव एवं राहत शिविर की पूर्ण तैयारियां हैं। सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी वहीं कैम्प कर रहे हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, उपजिलाधिकारी रवीन्द्र बिष्ट सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व एनडीआरएफ व एसडीआरएफ पुलिस मौजूद थे।



खटीमा के जल प्रभावित क्षेत्रों का ट्रैक्टर से भ्रमण करते मंडलायुक्त दीपक रावत और डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत। ● अमृत विचार

### सांपों से बचने के लिए ऊंचे स्थानों पर सोयें लोग

कुमाऊं आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि वर्षाकाल में सांपों के काटने का भय रहता है। इसलिए चारपाई में और ऊंचे स्थानों पर सोयें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सालयों में एन्टी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में रखने व जल जनित बीमारियों की दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए।

# रुद्रपुर में नदी-नाले उफान पर लोगों के घरों में घुस गया पानी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तराई में पिछले 48 घंटे से अधिक समय से हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। इससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बारिश से रुद्रपुर में नदी-नाले उफान पर आने से कई स्थानों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। वहीं कल्याणी नदी का जल स्तर बढ़ने से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। पानी लोगों के घरों में चला गया है। इससे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं मुख्य बाजार में कई स्थानों पर जलभराव से नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गयी है।

तराई में लगातार बारिश से शहर के डीडी चौक, सिविल लाइन, गांधी पार्क, अग्रसेन चौक, बाटा चौक के आसपास जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं किच्छा रोड पर तीनपानी के पास नाला उफान पर आने से पानी कई घरों में घुस गया। इतना ही नहीं पानी सड़कों पर ओवर फ्लो होकर बहने लगा। इस दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों और नगर निगम कर्मियों ने रस्सी बांधकर लोगों को आने-जाने से रोक दिया। दोपहर बाद स्थिति सामान्य होने पर लोगों को आने-जाने दिया गया।

वहीं कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी भूतबंगला, जगतपुरा, शिवनगर और खेड़ा में जलभराव हो गया है। नदी का पानी लोगों को घरों तक पहुंच गया है।

रविवार की रातभर बारिश होने से नदी का जल स्तर बढ़ता चला गया और लोगों के घरों में पानी भरना शुरू हो गया। किसी तरह रात काटने के बार सुबह से ही लोगों ने सामान सिर पर रखकर सुरक्षित स्थानों को जाना शुरू कर दिया। तो कई ऐसे लोग थे जिन्होंने जानवर पाल रखे तो उन्होंने घरों में पानी घुसते ही जानवरों को भी खुला छोड़ दिया।



रुद्रपुर के जगतपुरा में सामान सिर पर रखकर ले जाता व्यक्ति।

### आपदा

- जगतपुरा, शिवनगर में लोग सुरक्षित स्थानों को जाने के लिए मजबूर
- तीनपानी के पास लोगों को रस्सी लगाकर रोका



नदी से हो रहे कटान का निरीक्षण करते तहसीलदार। ● अमृत विचार

# काशीपुर में कई पोल टूटे, बिजली गुल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। बीती देर काशीपुर क्षेत्र में तारों के टूटने से आधे शहर की बिजली रात करीब 10 घंटे गुल रही। वहीं ग्रामीणों क्षेत्रों में बिजली के पोल टूटने व ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली व्यवस्था ठप रही। इससे 20 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित रही।

बिजली व्यवस्था ठप होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे यूपीपीसीएल के कर्मचारी जर्जर तारों व पोल को बदलने व नुकसान का आंकलन लगाने में जुटे हैं।

बीते दो दिनों से हो रही बारिश के बीच रविवार देर रात बारिश के साथ अंधड़ चलने से काशीपुर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गयी। इसके चलते मेन बाजार, हेमपुर स्माइल, बहला समेत अन्य स्थानों पर बिजली के तार टूट गए और इन स्थानों पर बिजली व्यवस्था ठप रही। जबकि कई अन्य स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए ऊर्जा निगम ने बिजली की सप्लाई रोक दी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अंधड़ के चलते 10 से अधिक पोल टूट गए। इसके चलते बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी व मानपुर व पक्का कोट क्षेत्र में एक-एक ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली व्यवस्था ठप हो गयी। वहीं सोमवार दोपहर बारिश कम होने के बाद ऊर्जा निगम की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तारों को ठीक कर बिजली सुचारु की। हालांकि मानपुर, पक्काकोट व 20 नंबर समेत कई स्थानों पर शाम तक बिजली सुचारु नहीं हुई है। यूपीसीएल की एसडीओ महक मिश्रा ने बताया कि मानपुर व पक्ककोट समेत ग्रामीण स्थानों पर अधिक नुकसान हुआ है। नुकसान का आंकलन लगाया जा रहा है।



रुद्रपुर के तीनपानी के पास लोगों को रोकने के लिए रस्सी बांधते निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी व पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# बहला नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचा

संवाददाता, काशीपुर

- काशीपुर में खतरे के निशान पर बह रही नदी
- नदी किनारे के लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के आदेश

**अमृत विचार:** मानसून की वजह से काशीपुर का बहला नदी का जलस्तर खतरे के करीब पहुंच चुका है। इसको लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने अपनी टीम मौके पर तैनात कर दी है। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारी काशीपुर क्षेत्र के आसपास जलभराव वाले स्थानों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। काशीपुर तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि नगर क्षेत्र के शक्ति नगर व मालवा फार्म क्षेत्र में जलभराव एवं ढेला नदी में जलस्तर की समस्या बढ़ रही है। जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या आ रही है वहां पर प्रशासन की टीम जेसीबी की मदद से जलभराव की समस्या दूर कराने की कोशिश में जुटी है।

पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते काशीपुर के ढेला नदी व बहला नदी में जलस्तर बढ़ने लगा है। इसके साथ ही काशीपुर सर्कल के करीब दर्जन भर गांवों एवं कालोनियों में जलभराव हो गया है। इसकी वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रामनगर रोड स्थित गोपीपुरा, गढ़ी इंद्रजीत, गढ़ी गंज, लक्ष्मीपुर लच्छी, सीतारामपुर, खरमासी व भोगपुर में जलभराव हो गया है। इससे लोगों के घरों में पानी भर गया है। जिससे लोगों के घरों में रखे घरेलू सामान बह गया। साथ ही खाद्य सामग्री भी नुकसान हो गया है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बाजपुर रोड स्थित हेमपुर इस्माइल, हेमपुर-हिम्मतपुर आदि इलाके में जलभराव हो गया है।

वहीं काशीपुर एसडीएम अभय प्रताप सिंह और तहसीलदार पंकज चंदोला ने प्रशासनिक टीम के साथ हेमपुर इस्माइल क्षेत्र में नदी के कटान क्षेत्र का मुआयना किया। जहां उन्होंने पत्थर से पिचिंग कार्य तेज गति से किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही हेमपुर इस्माइल में जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों से मिले। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में के नाले में बहाव न होने से जलभराव हो रहा था। तत्काल जेसीबी के जरिये काम कराया गया। जलभराव से काफी हद तक कम हो गया है। एसडीएम ने बताया कि ढेला व बहेला नदी पर लगातार बाढ़ चौकियों से नजर रखी जा रही है। कंट्रोल रूम से भी लगातार जानकारी ली जा रही है।

# शांतिपुरी में पाहा नहर पर बनी पुलिया की पिचिंग गिरी, खतरा बढ़ा

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी मुख्य सड़क पर मात्र दो महीने पहले पाहा नहर पर बनी नई पुलिया की पिचिंग पहली बारिश में ही एक तरफ से गिर गई है। जबकि अन्य साइडों में मोटी दरारें आ गई हैं। इससे वहां पुल से होकर गुजरने वाले वाहनों के लिए खतरा बना हुआ है।

गांव के इस मार्ग पर खनन वाहनों व स्कूली वाहनों का अत्यधिक लोड होने के कारण शांतिपुरी गेट से नंबर चार तक करीब तीन किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण व चौड़ीकरण तथा शांतिपुरी नंबर एक व जवाहरनगर के मध्य पाहा नहर में नई पुलिया का निर्माण कार्य बीते दो माह पूर्व ही संपन्न हुआ था। लेकिन पहली ही बरसात ने निर्माण गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी है।

आलम ये है कि पुलिया की पिचिंग टूटने से वहां लगातार सड़क का डामर एवं मिट्टी गिरती जा रही है। इससे वहां से गुजरने वाले हल्के एवं भारी सभी वाहनों को भारी खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान विमला कैलाश जोशी, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित काण्डपाल समेत तमाम ग्रामीणों ने इसे संबंधित ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा बताते हुए पुलिया की पिचिंग को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।



शांतिपुरी में बारिश के दौरान टूटी नवनिर्मित पुलिया की पिचिंग। ● अमृत विचार



शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में कृषि भूमि का कटाव करती गौला नदी।

> पुलिया पूर्ण रूप से सुरक्षित है और क्षतिग्रस्त पिचिंग को ठीक कराने के लिए संबंधित ठेकेदार को बुलवा कर मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया है। जैसे ही मौसम खुलेगा तो इसकी पक्की पीचिंग बनवाई जायेगी।
> –**प्रकाश लाल**, ऐई, लोक निर्माण विभाग रुद्रपुर



### शांतिपुरी में गौला नदी कर रही भू-कटाव

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी क्षेत्र में बीते 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से जहां गौला नदी उफान पर है। वहीं नदी के तेज भू कटाव से किसानों की गन्ना, लिप्टिस व पॉपुलर की फसलें लगातार बह रही हैं। शांतिपुरी में बीते दो दिनों से लगातार हो रही मानसूनी बारिश से जहां क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर हैं तो वहीं गौला नदी के तेज बहाव ने शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में देवीदत्त जोशी, तेज सिंह मेहरा, गिरीश भट्ट, मालती देवी, लक्ष्मण राम, शुभम पाल, सुरेंद्र पाल, नरी राम, खड़क राम व रमेश राम आदि किसानों की गन्ना, लिप्टिस व पॉपुलर की फसलें भू-कटाव की भेंट चढ़ रही हैं। किसानों का कहना है कि नदी के भू-कटाव से उनकी डेढ़ से दो बीघा जमीनें बह गई हैं। उन्हें भय सता रहा है कि अगले एक दो दिन में वर्षात नहीं रूकी तो उन्हें भारी नुकसान हो सकता है। इधर शांतिपुरी नंबर तीन मुख्य सड़क पर तेज वर्षात से सोमवार प्रातः भारी भरकम पेड़ सड़क पर आ गिरा। साथ ही बिजली के तार टूटने से कई घंटों तक बिजली सप्लाई बाधित रही।

## सार-संक्षेप

### एसी चोरी का प्रयास करता युवक पकड़कर पुलिस को सौंपा

**काशीपुर :** गृहस्वामी की गैरमौजूदगी में मकान का ताला तोड़कर एसी चोरी का प्रयास करते चोर को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। अजय टंडन का नगर के मोहल्ला रहमखानी में आवास है। साथ ही मोहल्ला खालसा में भी एक घर है। इसमें ताला लगा है। बरसात के चलते अजय टंडन रविवार शाम उक्त घर की देखरेख को गये तो ताला टूटा मिला। साथ ही वहां हथौड़ी आदि सामान पड़ा हुआ था। अंदर जाने पर एक युवक एसी खोलते नजर आया, जोकि उन्हें देखकर भाग निकला। अजय टंडन ने शोर मचाते हुए दौड़कर कुछ दूरी पर युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। मामले में उन्होंने पुलिस को तहरीर भी दी है। पकड़ा गया युवक मोहल्ला कानूनगोयान का बताया जा रहा है। उधर पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

### इलाज के लिए बाहर गई महिला, घर में हो गई चोरी

**काशीपुर :** इलाज के लिए बाहर गई महिला के घर से गैस सिलेंडर, अंगूठी और नकदी चोरी हो गई। मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कटोराताल पुलिस चौकी में तहरीर देकर मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अमिता सक्सेना ने बताया कि वह अपने इलाज के लिए बाहर गई हुई थी। जब 6 जुलाई को घर वापस आई, तो देखा कि चोर घर की चौखट निकालकर घर में रखा घरेलू गैस सिलेंडर, तथा सेफ का लॉक तोड़कर सोने की दो अंगूठी और दस हजार रुपये की नकदी चुरा ले गए हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।



विजेता छात्राओं को बधाई देते विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी।

### योगा प्रतियोगिता में चार छात्राओं ने लहराया परचम

**जसपुर :** पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज, जसपुर की चार छात्राओं ने मुजफ्फरनगर में आयोजित हुई योगा प्रतियोगिता में परचम लहराकर विद्यालय और जसपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली तीन बहनों का चयन खेलो इंडिया के ट्रायल राउंड के लिए किया गया है। एसवीएम कॉलेज ऑफ योगा एंड हेल्थ साइंस मुजफ्फरनगर में योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ भारत की ओर से खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित योग प्रतियोगिता में पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा सिमरजीत कौर ने आर्टिस्टिक योगा डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उसकी दो छोटी बहनों निमरत कौर और सरगुन कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय की ही कक्षा 6 की शगुन अरोरा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सिमरजीत कौर, सरगुन कौर और निमरत कौर का चयन खेलो इंडिया के ट्रायल राउंड के लिए भी हुआ है। विद्यालय की चारों छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक पुष्पेंद्र मोहन सिंघल, अध्यक्ष प्रदीप गोयल, उपाध्यक्ष अंकुर बंसल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बाबू सिंह शाक्य ने बधाई दी है।

### चेक बाउंस के मामले में आरोपी को छह माह की सजा

**काशीपुर :** चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को छह माह के कारावास और ढाई लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जसपुर के मोहल्ला गुजरातियान निवासी सुरेंद्र कुमार ने अपने अधिवक्ता कमल कश्यप के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था कि उसकी इनवर्टर, बैट्री व सीलिंग फैन आदि बेचने की फर्म है। जबकि आरोपी रोशनपुर, मुरादाबाद निवासी रिजवान बिजली का सामान रिटेल में बेचने का व्यवसाय करता है। रिजवान ने उससे समय–समय पर अपनी दुकान के लिए 2,78,250 रुपये के इनवर्टर, बैट्री व सीलिंग फैन बतौर उधार लिए थे। देनदारी की एवज में उसने 1,50,000 रुपये का चेक 24 मई 2018 एक्सिस बैंक की काशीपुर शाखा का दिया। 25 मई 2018 को उसने चेक अपने खाते में लगाया तो चेक बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर अदालत ने आरोपी को एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने आरोपी को छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# 147 अंक पाकर हरियाणा के पहलवानों ने बनाया दबदबा

## भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंडर 17 कुश्ती चैंपियनशिप का समापन, विजेताओं को दी गई ट्रॉफी

- तीस-तीस पहलवानों ने जीते स्वर्ण पदक और 60 खिलाड़ियों ने हासिल किए सिल्वर पदक
- 135 अंक पाकर महाराष्ट्र दूसरे तथा 114 अंक पाकर दिल्ली की टीम रही तीसरे स्थान पर

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित "अंडर 17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप" प्रतियोगिता का विधिवत समापन हो गया। चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 30-30 खिलाड़ियों ने स्वर्ण एवं सिल्वर पदक एवं 60 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने-अपने राज्यों के साथ देश का भी नाम रोशन कर दिया।

भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में नगर के भारतीयम स्कूल में तीन दिवसीय अंडर 17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों के अलग-अलग भार वर्ग के लगभग 750 से अधिक महिला/ पुरुष पहलवानों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान देश के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रशिक्षक एवं डबल्यूएफआई के निर्देशन में 100 से अधिक प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित हुई। भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के समापन अवसर पर दिव्य प्रेम सेवा संस्थान हरिद्वार के प्रमुख आशीष भैया, उप नेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, उत्तराखंड कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव शिव वर्धन सिंह, संयुक्त सचिव अंकित त्यागी, कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, पूर्व खेल मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता टीम एवं खिलाड़ी पहलवानों को ट्रॉफी एवं मेडल भेंट कर सम्मानित किया। चैंपियनशिप में 45 किलो भार वर्ग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के केदार ने गोल्ड मेडल, झारखंड के रंजीत कुमार ने सिल्वर एवं उत्तर प्रदेश के प्रिंस यादव तथा राजस्थान के हंसराज जियान ने कांस्य पदक जीता लिया। प्रतियोगिता में 48 किलो वर्ग में झारखंड के विकास कचप्पा ने गोल्ड मेडल, हरियाणा के विजय ने सिल्वर तथा यूपी के अमित कुमार एवं महाराष्ट्र के उत्कृष्ट ने कांस्य पदक, 51 किलो भार में झारखंड के आदित्य कुमार ने गोल्ड मेडल, एसएससीबी के राहुल कुमार ने सिल्वर पदक तथा महाराष्ट्र के सांई नाथ तथा कर्नाटक के अदागौड़ विलगई ने कांस्य पदक, 55 किलो भार वर्ग में महाराष्ट्र के सामर्थ ने गोल्ड पदक, दिल्ली के प्रवीण ने सिल्वर और पंजाब के गुरप्रीत सिंह एवं हरियाणा के रवि ने कांस्य पदक, 80 किलो वर्ग में हरियाणा के गौरव ने गोल्ड मेडल, राजस्थान के योगेश यादव ने सिल्वर पदक तथा पंजाब के सूरज सिंह एवं उत्तर प्रदेश के चित्रांशु ने कांस्य पदक, 65 किलो भार वर्ग प्रतियोगिता में दिल्ली के आकाश ने गोल्ड, पंजाब के सिकंदर सिंह ने सिल्वर और हरियाणा के अनुज एवं एसएससीबी के रोविंद ने कांस्य पदक, 71 किलो भार वर्ग में हरियाणा के सचिन ने गोल्ड मेडल, महाराष्ट्र के शुभम ने सिल्वर तथा उत्तर प्रदेश के मुकुल एवं दिल्ली के यश ने कांस्य पदक, 80 किलो वर्ग में चंडीगढ़ के निशांत पाल ने गोल्ड, हरियाणा के उमेश ने सिल्वर तथा पंजाब के मनजोत सिंह एवं उत्तर प्रदेश के सन्नी ने कांस्य पदक, 92 किलो वर्ग में दिल्ली के लक्की ने गोल्ड, राजस्थान के कुणाल आचार्य ने सिल्वर तथा महाराष्ट्र के सूरज एवं जम्मू कश्मीर के अभिषेक सिंह ने कांस्य पदक, 110 किलो भार वर्ग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में दिल्ली के रौनक ने गोल्ड, उत्तर प्रदेश के आकाश राणा ने सिल्वर तथा हरियाणा के अनुज एवं पंजाब के करण सिंह ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अंडर 17 कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा के पहलवानों ने 147 अंक हासिल कर प्रथम स्थान, महाराष्ट्र ने 135 अंक पाकर दूसरा स्थान तथा दिल्ली ने 114 अंक पाकर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया।

समापन अवसर पर उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव एवं प्रतियोगिता आयोजन शिववर्धन सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भारतीयम स्कूल के संस्थापक गुरजीत सिंह कामरा, प्रबंधक भरत गोयल, रश्मि आनंद, भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार सिंह, लवी सहगल, रवि राज यादव, संदीप तिवारी, शक्ति वर्धन सिंह, जयवर्धन सिंह, गोल्डी, अजीत सिंह रंधावा, कुणाल सिंह, दिनेश भाटिया, अभिषेक शुक्ला, शशांक सिंह, प्रबल चौहान, विवेक सिंह डब्बू, आशीष जैन आदि मौजूद रहे।



किच्छा में विजेता पहलवानों के साथ उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

# तीन नए कानूनों को लेकर की कार्यशाला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम सहित तीनों नए कानून के संबंध में बार भवन में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें काशीपुर, जसपुर व बाजपुर के अधिवक्ताओं को काशीपुर न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा नए कानूनों की जानकारी दी गई।

सोमवार को काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन नए कानून को लेकर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रथम अपर जिला जज रितेश कुमार श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के अवधेश कुमार चौबे, सचिव निपेंद्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा व उपसचिव सूरज कुमार ने मां सरस्वती की वंदना कर और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। साथ ही प्रथम अपर जिला जज रितेश कुमार श्रीवास्तव ने तीनों नए कानून की जानकारी दी। परिवार न्यायाधीश मोनिका मित्तल, सिविल जज सीनियर डिवीज़न पायल सिंह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव ने तीनों नए कानूनों की बारिकियों को अधिवक्ताओं को बताया। साथ ही अब नए कानून के तहत चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी भी दी। पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 12 जुलाई तक किया जाएगा। इस दौरान न्यायिक अधिकारीगण सचिन कुमार, करिश्मा डंगवाल, दीप्ति पंत, चेतन सिंह, हर्षिता शर्मा सहित सौरभ शर्मा, हिमांशु विश्नोई, कामिनी श्रीवास्तव, अर्पित सौदा मौजूद रहे।

# 90 अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना

- रवाना होने से पहले की गई पूजा अर्चना
- संभ्रांत लोगों ने किया यात्रियों का स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** अमरनाथ यात्रा के लिए रुद्रपुर से यात्रियों का जत्था रवाना हो गया। यात्रियों ने पांच मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद संभ्रांत नागरिकों ने यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया। रविवार की देर शाम को भाजपा नेता भारत भूषण चुघ की मौजूदगी में अमरनाथ यात्रा के 90 यात्रियों का दल शहर के मुख्य पांच मंदिर पहुंचा। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद यात्रियों का स्वागत किया गया।

इसके बाद चुघ ने यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा नेता चुघ ने बताया कि 90 यात्रियों का जत्था अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा और महामंत्री मनीष चुघ की मौजूदगी में जा रहा है।

मंडल की यह 22वीं यात्रा है। सभी यात्री 9 जुलाई को दिल्ली से रवाना होंगे और 12 जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ होगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुनील ठुकराल, राजकुमार खनिजों, महेश छाबड़ा, गुलशन छाबड़ा, मंदिर समिति अध्यक्ष रेनू अरोरा, किशन नारंग, अशोक भल्ला, निशांत ढल्ला, राजन राठौर, अजय लूथरा, सुरेश छाबड़ा, राजीव मिड्ढा, अशोक गुंबर, जगदीश टंडन, अर्पित पाल, सुमित घई, लक्ष्य अरोड़ा, बलवान सिंह, कुशल मलिक, प्रेम अरोड़ा, रमेश कालरा, हिमांशु दुआ आदि मौजूद रहे।



रवाना होने से पहले अमरनाथ यात्रियों का स्वागत करते संभ्रांत नागरिक। ● अमृत विचार

# कार्बेट एफसी ने जीती फुटसल चैंपियनशिप

- हिमाचल प्रदेश की गोलाजो एफसी को हराया
- गुजरात के बड़ोदरा में हुई थी प्रतिस्पर्धा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट एफसी की टीम ने हिमाचल प्रदेश की गोलाजो एफसी की टीम को हराकर ऑल इंडिया फुटसल चैंपियनशिप पर अपना कब्जा कर लिया।

अमेनिटी पब्लिक स्कूल में स्थापित फुटबॉल क्लब के निदेशक सुभाष अरोरा ने बताया कि विद्यालय परिसर में क्लब द्वारा कॉर्बेट एफसी क्लब को प्रशिक्षण दिया जाता है। 7 जुलाई को गुजरात के बड़ोदरा में ऑल इंडिया फुटसल चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ था। इसमें देश भर के 19 क्लब की टीमों ने प्रतिभाग किया था। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में कॉर्बेट एफसी का मुकाबला हिमाचल प्रदेश के गोलाजो एफसी से हुआ। जहां कॉर्बेट एफसी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का परिचय दिया और मुकाबला 2-2 पर आकर बराबर हो गया। कार्बेट एफसी के खिलाड़ी पीसी लालरूत्संगा ने शानदार गोल कर दागकर अपनी टीम को 3-2 की बढ़त दिला और चैम्पियनशिप जीत ली। इसके बाद कॉर्बेट एफसी ने उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार फुटसल प्रतिस्पर्धा में प्रदेश का नाम रोशन किया। इस मौके पर अमेनिटी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पिल्ले को पीटकर किया अधमरा

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके के गांव कीरतपुर में एक कुत्ते के पिल्ले को पीट-पीटकर अधमरा करने का मामला सामने आया है। घटना की भनक लगते ही एनजीओ ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एनजीओ संचालिका चीना शर्मा ने बताया कि 6 जुलाई की दोपहर साढ़े 12 बजे ग्राम कीरतपुर दानपुर निवासी ज्योति शिल्पी ने अपने साथी राजदीप और परमजीत सिंह के साथ मिलकर गांव के ही एक छोटे से कुत्ते के पिल्ले को डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। घटना के दौरान उसके दोनों साथियों ने पिल्ले को कार से दबाने का भी प्रयास किया। इससे साफ है कि आरोपियों ने जानबूझकर बेजुबान जानवर पर क्रूरता दिखाई। घायल पिल्ले को पशु चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक है।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली

- श्रद्धालुओं ने हरे कृष्णा के जय उद्घोष के साथ जमकर किया नृत्य
- हर वर्ष की भांति इस बार भी दिनेशपुर में किया गया भव्य आयोजन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर सुंदरपुर ग्रामीणों द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से निकाली।

भगवान श्री कृष्णा के अवतार के भगवान जगन्नाथ व बड़े भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा को साथ रथ पर विराजमान किया था। रथ यात्रा के आगे श्रद्धालु ढोल व शंख ध्वनि के साथ हरे श्री कृष्णा-हरे श्री कृष्णा के उद्घोष के साथ नृत्य करते हुए आगे चल रहे थे। सोमवार को प्रातः बारिश में सुंदरपुर के ग्रामीणों ने नाचते-गाते हरे श्री कृष्णा.... के उद्घोष के साथ भव्य रथ यात्रा निकाली। दन्तकथाओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ उड़ीसा के पुरी शहर में रथ की सवारी पर घूमने आए थे।

तब से इस यात्रा को श्रद्धालु रथ यात्रा के नाम से मनाते आ रहे हैं। इस मौके पर विश्वनाथ दास, कल्याण दास, कृष्णा मंडल, संध्या ढाली, कुशल मंडल, सुषमा राय, श्यामल मंडल, बहुतोष बाछाड़, भैरव मंडल, चंदन ढाली, डब्लू जोद्दार, महानंद मंडल, अनूप ढाली, गौतम विश्वास आदि मौजूद थे।





दिनेशपुर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**पंतनगर।** संजय कॉलोनी पंतनगर निवासी रियाजुद्दीन अंसारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 14 जून की दोपहर उसकी मां रुसायदा खातून पत्नी मुख्तार अंसारी पंतनगर गैस गोदाम की ओर से घास लेकर से आ रही थी।

इसी दौरान विवि के मुख्य द्वार के सामने बाईपास रोड पर तेज गति से अज्ञात नंबर की स्विफ्ट चालक ने तेज रफ्तार में कार चलाते हुए उसकी मां को टक्कर मारकर फरार हो गया। उसकी मां को तत्काल रुद्रपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसकी मां को एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पंतनगर थाना प्रभारी प्रदीप कोहली ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 279 व 304ए के तहत केस दर्ज किया है।

**हालात** लोगों ने सरकारी मशीन हटा पाइप में कर दिया सबमर्सिबल का कनेक्शन

# सरकारी हैंडपंपों का हो रहा निजी उपयोग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में जल संस्थान द्वारा हैंडपंप लगाए हैं, लेकिन कई स्थानों पर लोगों ने सरकारी हैंडपंप से अपना निजी सबमर्सिबल बना लिया है। वहीं मामले में जलसंस्थान और स्थानीय ग्राम प्रधानों के बीच आपसी समन्वय नहीं होने से हालात जस के तस बने हुए हैं।

काशीपुर के ग्राम सांडखेड़ा, शिवलालपुर डल्लू , कुंडेश्वरी समेत कई स्थानों पर जल संस्थान व विधायक निधि से हैंडपंप लगाए हैं, ताकि ग्राम पंचायत में रहने वाले सभी लोगों को इन हैंडपंप का लाभ मिल सके। उधर एक व्यक्ति ने हैंडपंपों को निजी स्वार्थ के लिए हैंडपंप मशीन हटाकर उसके पाइप में सबमर्सिबल का कनेक्शन कर दिया है और उसे अपने निजी प्रयोग में ला रहा है तो कई स्थानों पर लोगों ने सरकारी हैंडपंप पर अपनी छोटी मशीन लगाकर अपने निजी उपयोग में ले लिया है।

लोग अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में आपसी समन्वय न होने का फायदा उठाकर सरकारी हैंडपंप को हटाकर अपने निजी स्वार्थ में इस्तेमाल कर रहे हैं। लोगों ने इस पर कार्रवाई करने की मांग की है।



सरकारी हैंडपंप की मशीन हटाकर बनाया गया सबमर्सिबल। ● अमृत विचार

> एडीओ पंचायत की ओर से इसकी जांच कराई जाएगी, जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कारवाई की जाएगी।
> –**कमल किशोर पांडेय**, बीडीओ, काशीपुर

## गल्ला मंडी में ठेके के सामने मिला शव

**रुद्रपुर :** गल्ला मंडी स्थित शराब के ठेके के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत अत्यधिक शराब पीने की वजह से हुई होगी।

बाजार चौकी पुलिस को सूचना मिली कि गल्ला मंडी स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान दीपक बिष्ट चौखा देवल थल पिथौरागढ़ के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि व्यक्ति अक्सर शराब पीकर आसपास के इलाकों में घूमता रहता है।

# मां हिडम्बा मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** मां हिडम्बा देवी मंदिर में खाटू श्याम बाबा और बाबा नीब करौरी की नवनिर्मित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

जसपुर के समीपवर्ती गांव गोरा फॉर्म, हल्दुआ व दादू वाला के पास स्थित महाभारत कालीन मां हिडम्बा देवी के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। इस दौरान मंदिर परिसर में खाटूश्याम बाबा व नीब करौरी बाबा के नए मंदिर बनाए गए हैं और इन मंदिरों में संबंधित मूर्तियां स्थापित की गई हैं। सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना के साथ इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, आर्किटेक्ट राम रघुवीर चौधरी, सर्वजीत सिंह छब्बा, मनोज त्यागी, राधे सिंह, रंजीत सिंह, मोहित त्यागी आदि मौजूद रहे।



मां हिडम्बा देवी मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**जसपुर।** मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य करने वाले ठेकेदार हल्द्वानी निवासी सुशील दोहन ने अपने खर्चे से दोनों मूर्तियों को स्थापित कराया है। उन्हीं के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

# शारदा नहर का तटबंध टूटा, फास्ट फूड की दुकान बही

## कटाव के चलते खटीमा-पूरनपुर मार्ग भारी वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद, नहर में पानी की सप्लाई रोकी गई, कई जगह मार्ग क्षतिग्रस्त

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** नगरा तराई के कालापुल क्षेत्र में जलभराव के बढ़ते दबाव से लोहियाहेड से यूपी को जाने वाली शारदा नहर का तटबंध पूरी तरह से टूट गया है। वहीं नहर में हुए कटाव के चलते झनकईया पुल पर स्थित फास्टफूड की एक दुकान नहर में बह गई है। वहीं नहर की पटरी पर बने खटीमा पूरनपुर मार्ग के कटाव के चलते यह मार्ग भारी वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है। यदि रात में और वर्षा होती है तो हल्के वाहनों का भी आवागमन ठप हो सकता है। भारी वर्षा से नहर दर्जन भर स्थानों पर मार्ग कट रहा है। अलबत्ता नहर की सप्लाई बंद कर दी गई है।


खटीमा के झनकईया में नहर में समाई दुकान। ● अमृत विचार


पूरनपुर मार्ग के टूटकर नहर में समाने से वाहनों का आवागमन हुआ ठप।

# 48 घंटे लगातार बारिश से खटीमा का पालिका क्षेत्र जलमग्न

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** पिछले 48 घंटे से अधिक समय तक लगातार बारिश से नगर और ग्रामीण क्षेत्र में हाहाकार मच गया है। तबाही का आलम यह है कि जहां कभी पानी नहीं भरा वहां भी जलभराव की स्थिति है। पालिका क्षेत्र पूरी तरह जलभराव की चपेट में है। मुख्यमार्ग और गलियों में तेज गति से पानी बह रहा है तो लोगों के घरों में पानी घुस गया है। पुलिस, अग्निशमन दल और एसडीआरएफ की टीमें लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटी हैं।


खटीमा के हल्दी घेरा में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे विधायक कापड़ी और तहसीलदार हिमांशु जोशी। ● अमृत विचार


खटीमा के हल्दी घेरा में रोते बिलखते परिजन।

भारत नेपाल सीमा पर बहने वाली जगबुड़ा नदी उफान पर है। वहीं मेलाघाट बस अड्डे पर मुख्य मार्ग पर तेज बहाव के चलते आवागमन बाधित है। इधर नगर में भारी जल भराव और मेलाघाट रोड पर जगह-जगह मुख्य मार्ग पर तेज बहाव के चलते जगह जगह वाहन बंद पड़े हैं। पुलिस ने झनकईया से नगर के लिए बैरिकेट लगाकर आवागमन रोक दिया है। गोटिया और इस्लामनगर की गलियों में तीन से चार फीट पानी बह रहा है। पटपुरा जसारी मार्ग पर बनी पुलिया टूटने से आवागमन ठप हो गया है। नगर के लोहियाहेड रोड, टनकपुर मार्ग, पीलीभीत और सितारगंज मार्ग के साथ ही कंजाबाग, अमाऊं, टोल प्लाज़ा पहेनियां में मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया है। खेलड़िया में लोचन की झोपड़ी और घर का सामान तेज बहाव में बह गया है। परवीन नदी के आसपास के गांव मोहम्मदपुर भुड़िया, प्रतापपुर, नौसर सहित बरी अंजनिया, भिलैया, उल्धन, बिसौटा, गांगी, रतनपुर फुलैया, वगुलिया, खेलड़िया, सिसैया, बंधा आदि में भारी जलभराव है। खाली महुवट, राजीवनगर, बंगाली कालोनी में झनकईया थानाध्यक्ष अनिल जोशी, एसआई प्रदीप शर्मा, मनोज देव अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। हल्दी, दाह ढाकी, खेलसंडा, खालीमहुवत, इस्लामनगर, गोटिया, प्रतापपुर सहित कई गांवों के पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। कालापुल के विद्यालय की कक्षाओं में तीन फीट तक पानी भर गया है। नगर के रिलायंस पेट्रोल पंप, नागरिक अस्पताल, सहकारी समिति कार्यालय भी जलभराव की चपेट आ गए हैं। इधर दोपहर बाद बरसात बंद होने और धूप खिलने से लोगों ने कुछ राहत की सांस ली है।

### मेलाघाट रोड और कंजाबाग बिजलीघर में घुसा पानी, 24 घंटे से बिजली ठप

**खटीमा :** वर्षा से बीती रात्रि बिजली विभाग के मेलाघाट रोड और कंजाबाग रोड स्थित विद्युत केंद्रों में दो से तीन फीट पानी भर गया है। वहीं नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह बिजली के तार टूट गए हैं और पोल गिर गए हैं। इसके चलते पिछले 24 घंटे से विद्युत सप्लाई पूरी तरह से ठप है। विद्युत उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने कहा कि बरसात बंद होने के बाद भी आपूर्ति सुचारू होने में समय लगेगा।


इंदिरा कॉलोनी के सामने आए बाढ़ के पानी के विरोध में प्रदर्शन करते आक्रोशित युवा।

# युवाओं ने बाढ़ के पानी में खड़े होकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** लेवड़ा नदी की बाढ़ का पानी बाजार व दुकानों में घुसा तो युवाओं में आक्रोश फैल गया। मुख्यमार्ग, रामराज एवं बेरिया रोड पर बह रहे लेवड़ा नदी के बाढ़ के पानी से आक्रोशित इंदिरा कॉलोनी के लोगों ने विरोध स्वरूप जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन-प्रशासन पर बाजपुर क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया। बाढ़ के पानी के कारण लोग खासे परेशान हैं। सबसे ज्यादा समस्या स्कूली बच्चों को हो रही है जिन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं तो वहीं दुकानें में पानी घुसने से व्यापारी का सामान बर्बाद हो गया है। प्रदर्शन करने वालों में रणजीत सिंह, पृथ्वी कुमार आदि शामिल रहे।

**गदरपुर विधायक पांडेय ने किया बाजपुर के जलमग्न**

### साइकिल समेत बहे बच्चे को लोगों ने बचाया

बाजपुर : साइकिल से बाजार सामान लेने आ रहा ग्राम मरियमपुर निवासी लगभग 8 वर्षीय बालक रामराज रोड पर तीन मूर्ति मंदिर के निकट टीचर कॉलोनी को जाने वाले मोड़ पर पानी के तेज बहाव में साइकिल समेत बह गया। गनीमत रही कि जिधर बालक बहकर गया उधर गली में कुछ लोग खड़े हुए थे जिन्होंने उसे पकड़ लिया। 200 मीटर तक बच्चा बहता हुआ चला गया था। इस घटना के बाद से स्थानीय प्रशासन ने रामराज रोड पर रोड क्रास करके बह रहे बाढ़ के पानी से होकर लोगों का निकलना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**क्षेत्रों का निरीक्षण :** भारी वर्षा के चलते बाजपुर के जलमग्न क्षेत्रों का गदरपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय ने भारी वर्षा के बीच निरीक्षण किया। पांडेय ने कहा कि भारी वर्षा से क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं।


बाजपुर में बाढ़ के बीच अपनी बेटी को ठेले पर बैठाकर घर जाता फल व्यापारी।

## सार-संक्षेप


खालिद इकबाल को मनोनयन पत्र सौंपते वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष बने खालिद

**किच्छा :** नगर निवासी युवा कांग्रेसी नेता खालिद इकबाल अहमद को कांग्रेस कमेटी में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने से कांग्रेसियों में खुशी है। जिला कार्यालय पर प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने खालिद इकबाल को ऊधम सिंह नगर का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात सिंह ने खालिद इकबाल को मनोनयन पत्र सौंपते हुए बधाई दी।


पदकों के साथ काशीपुर के विजेता बच्चे।

### अंडरवाटर फिनस्विमिंग में काशीपुर का दबदबा

**काशीपुर :** उत्तराखंड अंडरवाटर फिनस्विमिंग एसोसिएशन द्वारा हल्द्वानी के एपीएस स्कूल लामाचौड़ में हुई द्वितीय उत्तराखंड राज्य चैंपियनशिप में लिटिल स्कालर्स स्कूल की टीम ने 15 स्वर्ण समेत 40 पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। चयनित खिलाड़ी 19-21 जुलाई तक राजस्थान के जयपुर में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। सात जुलाई को हल्द्वानी के एपीएस स्कूल लामाचौड़ में द्वितीय उत्तराखंड राज्य चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें लिटिल स्कालर्स स्कूल के नीरज नेगी ने दो स्वर्ण व एक रजत, निकिता ने तीन स्वर्ण, यशवर्धन ने एक स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य, अनहद ने दो स्वर्ण व एक कांस्य, रुद्र पीएस भंडारी ने एक स्वर्ण व दो कांस्य, करन नेगी ने दो स्वर्ण व एक रजत, देव रस्तोगी ने एक स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य, आदित्य नेगी ने एक स्वर्ण व दो रजत, अनमोल गिल चीमा ने एक स्वर्ण तथा दो रजत पदक पर कब्जा जमाया। जबकि कशिश ने तीन कांस्य, दीपांशु ,अनर्व पीएस भंडारी, मुकुल ने कांस्य, ध्रुवांशु ने तीन रजत पदक प्राप्त किये। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंधिका रितु भल्ला, रोहित भल्ला, पंकज भल्ला, प्रधानाचार्य शिखा गौतम, कोच दयाल सिंह, जीवन बोरा, गोपाल बिष्ट, संजय भारद्वाज व गौरव शर्मा ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दंपति के साथ अभद्रता व मारपीट का आरोप

**काशीपुर :** लगातार हो रही बारिश के कारण मोहल्ला आर्य नगर स्थित पॉश कॉलोनी में जलभराव हो गया था। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने एक विभाग द्वारा लगाए गेट को हटाने का प्रयास किया तो आरोप है कि विभाग के कर्मियों ने कॉलोनी के एक दंपति के साथ अभद्रता व मारपीट की। यह भी आरोप है कि गर्भवती महिला को पानी में डुबाया भी गया। इसमें महिला घायल हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी बिहार से दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोप था कि युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया और बिहार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि काशीपुर हाईवे कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने छह मई 2024 को सूचना दी थी कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री लापता हो गई है। इसके आधार पर पुलिस ने पहले गुमशुदगी दर्ज की और जब तफ्तीश की तो पता चला कि ग्राम बिहारीगंज बिहार निवासी मोहम्मद आसिफ किशोरी को शादी का झांसा देकर फरार हो गया है।

सुरागरसी के बाद 7 जुलाई को पुलिस की एक टीम बिहार पहुंची और आरोपी युवक मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार कर लिया और मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म किए जाने की बात भी सामने आई। वहीं नाबालिग ने भी युवक पर बहला फुसलाकर बिहार ले जाने और जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पॉक्सो की धारा के तहत मुकदमा तरमीम किया और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। अब उसे जेल भेजा जाएगा।

## मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार

**बाजपुरः** नगरीय क्षेत्र में झपट्टामार चोर गिरोह पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसके चलते बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने झपट्टा मारकर युवक के हाथ से फोन छीन लिया और जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपित फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार फोन के कवर में 3000 रुपये भी थे। नगरपालिका के वार्ड नंबर-1 मोहल्ला माजरा प्रभु निवासी राजीव सागर रविवार की देर रात बाजार में दुकान पर काम करके अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह रामलीला ग्राउंड में पहुंचा पीछे से पहुंचे बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से फोन छीन लिया और फरार हो गए। युवक ने शोर मचाते हुए आरोपितों का पीछा भी किया, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ पाए।

# सनातन धर्म मंदिर में हुई चोरी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** देर रात्रि चोरों ने सनातन धर्म मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर लाखों रुपये चांदी के छत्र उड़ा लिए। मंदिर कमेटी ने कार्रवाई की मांग की है।

रविवार रात्रि मूसलाधार बारिश के बीच चोरों ने बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर का मेन गेट का ताला तोड़कर मूर्तियों के ऊपर लगे लाखों रुपये के चांदी के छत्र उड़ा लिए। प्रातः 5 बजे मंदिर के पुजारी पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर मंदिर कमेटी के लोग पहुंचे और घटना की जानकारी थानाध्यक्ष जसवीर चौहान को दी। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान पुलिस टीम के साथ पहुंचे और मौका मुआयना किया।


थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान से कार्रवाई की मांग करते मंदिर कमेटी पदाधिकारी।

दोपहर बाद मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लेखराज भुड्डी के नेतृत्व में कमेटी पदाधिकारी थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर में कहा गया कि चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर तीन चांदी के छत्र, एक चांदी की बांसुरी खाटू श्याम बाबा की, चार गुल्लक तोड़कर 15 हजार रुपये नगद ले उडे.। उन्होंने कहा कि करीब 3 किलो चांदी चोरी हुई है, जिसकी कीमत तीन लाख रुपये है। इस दौरान कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी, रविंद्र बजाज, विजय सुखीजा, जयकिशन भुड्डी, जगमोहन बजाज, अजय खेड़ा, लेखराज नागपाल, राजकुमार झाम, सीताराम चौहान, विजय छाबड़ा मौजूद रहे।

# शहीद स्मारक के लिए भूमि की मांग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष व खटोला प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों पूर्व सैनिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर राधाकान्तपुर तिराहे पर शहीद स्मारक व राष्ट्रीय ध्वज का चबूतरा बनाने के लिए भूमि दिलाने की मांग की। एसडीएम ने शीघ्र सर्वे करवाकर भूमि दिलाने का आश्वासन दिया।


उपजिलाधिकारी अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपते खटोला प्रधान व पूर्व सैनिक।

सोमवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर व खटोला ग्राम प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा ने नेतृत्व दर्जनों पूर्व सैनिकों ने एसडीएम अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की ग्राम पंचायत खटोला के ग्राम राधाकान्तपुर तिराहे पर शहीद स्मारक व 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज का चबूतरा बनाने के लिए जमीन दिलाने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष कुंवर ने बताया कि एसडीएम शर्मा ने जल्द ही जमीन की सर्वे करवाकर जमीन उपलब्ध करने का आश्वासन दिया। जो भूमि अखिलेखो में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन के नाम अंकित की जाएगी। इसमें शहीद स्मारक एवं 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज के लिए चबूतरा बनवाया जाएगा। ग्राम प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा ने कहा कि भारतीय सेना से क्षेत्र के पांच जवान देश की रक्षा के लिए शहीद हुए हैं। शहीदों की स्मृति में शहीद पार्क होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक बनवाने में वह अपना पूर्ण सहयोग करेंगे। ज्ञापन देने वालों में सूबेदार मेजर कन्हैया लाल स्वर्णकार, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व दुर्गा सिंह राणा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोरंगा, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, लोकपाल सिंह शाही, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कैलाश पाठक, दान सिंह बड़ती, रमेश कन्याल, विनोद भट्ट, हीरा सिंह पानू , मनोज पानू, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, राजेंद्र सिंह पानू आदि शामिल थे।

## हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

**रुद्रपुर, अमृत विचारः** थाना पंतनगर इलाके में सड़क हादसे में घायल महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाना पंतनगर की संजय कॉलोनी निवासी रियाजुद्दीन अंसारी ने बताया कि 14 जून की दोपहर एक बजे उसकी मां रुसायदा खातून घास काटकर लौट रही थी। अचानक पंतनगर गैस गोदाम के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई और आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत बताते हुए हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। चालक को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।


गदरपुर में आयोजित बैठक का शुभारंभ करते भाविप के पदाधिकारी।

# हरेला पर्व पर पौधरोपण करेगा भाविप

**गदरपुर :** भारत विकास परिषद उत्तराखंड पूर्व प्रान्त की प्रांतीय कार्यकारिणी की एक बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही हरेला पर्व पर पौधरोपण करने की चर्चा की गई।

भारत विकास परिषद की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय एवं नगर अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ने पूरे प्रांत में शाखाओं के विस्तार पर चर्चा की। संयुक्त क्षेत्रीय महासचिव नरेन्द्र अरोड़ा ने प्रांत के ऐसे स्थानों पर भी शाखा गठन पर जोर दिया, जहां पर अभी तक शाखा का गठन नहीं हुआ है। क्षेत्रीय सचिव आरके गुप्ता ने अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने पर जोर दिया। क्षेत्रीय संयोजिका महिला एवं बाल विकास पाला मेहता ने शाखाओं में महिलाओं हेतु अधिक कार्यक्रम करने का आग्रह किया। प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समितियों द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को संपन्न कराएं। संचालन प्रांतीय महामंत्री हरीश शर्मा ने किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, सचिव प्रमोद बजाज आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में सोमवार को बारिश के बीच ग्रामीण इलाकों में मलबा आने से घंटों बंद रही सड़कें। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा सोबन सिंह जीना विवि के प्रशासनिक भवन जाने वाली सड़क की टूटी दीवार। ● अमृत विचार

## सीएम धामी टनकपुर और बनबसा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का आज करेंगे दौरा

**टनकपुर :** जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में लगातार हुई बरसात से हुए भारी नुकसान को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को टनकपुर और बनबसा क्षेत्र का दौरा कर जायजा लेंगे। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया की अपने भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 9 जुलाई मंगलवार को पौड़ी गढ़वाल से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11 बजे एन.एच.पी.सी हेलीपैड बनबसा पहुंचेंगे तथा टनकपुर एवं बनबसा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का हवाई एवं स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करेंगे साथ ही बाढ़ प्रभावितों से भेंट करेंगे।

# अल्मोड़ा में एनएच समेत 19 सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित

## पिछले 24 घंटों में जैंती में सर्वाधिक 122 एमएम बारिश रिकॉर्ड, दो स्टेट हाईवे में भी घंटों बाधित रहा यातायात, लोग होते रहे परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में अब मानसूनी बारिश आफत बनकर बरस रही है, इससे मलबा और बोल्डर आने से जिले की 19 ग्रामीण सड़कों में सोमवार को वाहनों की रफ्तार थमी रही, जबकि काफलीखान-भनोली-सिमलखेत और खैरना-रानीखेत-रामनगर राजमार्ग में भी घंटों यातायात बाधित रहा।

अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत जिलेभर में रविवार से सोमवार देर शाम तक भारी बारिश हुई। बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकांश समय लोग घरों के अंदर ही दुबकने को मजबूर हुए।

आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, 24 घंटों के भीतर सोमवार सुबह आठ बजे तक सबसे अधिक बारिश 122 एमएम जैंती में दर्ज की गई, जबकि जिला मुख्यालय में 67.0 एमएम, रानीखेत में 14.2 एमएम, द्वाराहाट में 61 एमएम, चौखुटिया में 3.0 एमएम, सोमेश्वर में 28 एमएम, भिकियासैंण में 6.0 एमएम, ताकुला में 59 एमएम, भैसियाछाना में 72.5 एमएम, शीतलाखेत में 49 एमएम बारिश हुई।



अल्मोड़ा में मलबा आने से बंद मार्ग को खोलने के लिए पत्थर हटाती जेसीबी।

### बारिश से टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग दिनभर रहा बंद

**टनकपुर :** लगातार हो रही बारिश से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वर्षा के कारण सोमवार को दिनभर टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं अपराह्न बाद जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में धूप निकलने से लोगों ने जरूर राहत की सांस ली। वही मां पूर्णागिरि धाम के पास मलबा और चट्टान ना हटाए जाने से पूर्णागिरि मार्ग बंद रहा जिससे श्रद्धालुओं को वापस लौटना पड़ा। इधर डीएम नवनीत पांडेय ने भारी बारिश से जनपद में हुए नुकसान का आंकलन कर प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। भारी बरसात के कारण शारदा नदी और छोटे नाले भी ऊफान पर रहे। जगह-जगह जल भराव होने से लोगों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ी। दोपहर बाद धूप और मौसम साफ होने से लोगों ने राहत की सांस ली। साथ ही जगह-जगह जल भराव की समस्या भी हल हो गई। वहीं पीलीभीत चुंगी में हो रहे जल भराव की निकासी के लिए सीएम कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल के नेतृत्व में टीम ने वहां पहुंचकर कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया। जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों द्वारा लगातार बचाव व राहत आदि कार्य जारी रखे हैं। सोमवार को डीएम नवनीत पाण्डे द्वारा जिला आपदा परिचालन केन्द्र में आईआरएस प्रणाली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर भारी बारिश से हो रहे नुकसान की जानकारी लेते हुए तत्काल आंकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराते हुए रिस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी रिंकू बिष्ट, सौरभ असवाल, डीडीओ दिनेश दिगारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि मोहन पलड़िया, एनएच आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में भारी बारिश होने से उफनाई शारदा नदी। ● अमृत विचार

### 33 केवि लाइन में पेड़ गिरने से टूटा बिजली का तार

**लोहाघाट :** रविवार की की देर रात 11:27 बजे पिथौरागढ़ से चम्पावत को जोड़ने वाली 33 केवी लाइन में पाटन पुल के पास पेड़ गिरने से पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। सुबह एसडीओ संजय भंडारी, जेई बसंत गहतोड़ी, अशोक कुमार, लाइनमैन लक्ष्मण कन्याल, चारू चंद्र ओझा, रवि ढेक, सुरेश ढेक मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त तार को ठीक कने का काम शुरू किया। सुबह नौ बजे करीब फाल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल की गई। इस दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बारिश का पानी घरों और दुकानों में घुसा

**बनबसा :** तीन दिनों से जारी भारी बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। संपर्क मार्गों में पानी भरने से वाहनों की आवाजाही में भी दिक्कतें पैदा हुई। बारिश का पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी व उपाध्यक्ष आशीष गर्ग ने बताया कि अधिकतर दुकानों में पानी भरने से व्यापारियों का लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर, मुख्य बाजार, बमनपुरी, पचपकरीया, चंन्दनी, देवीपुरा, मझगांव, फागपुर, धर्मशाला मार्ग, चूनाभट्टा, आदि झेत्र में जलभराव से लोगों को नुकसान पहुंचा। वहीं देवीपुरा के ग्राम प्रधान दीपक चंद ने बताया कि देवीपुरा में लाल सिंह की तीस बकरी तथा शेखर तिवारी की दो गाय तीन बकरी डूब के मर गई।

### जलभराव में फंसे 11 लोगों को किया रेस्क्यू

**बनबसा :** एसडीआरएफ की टीम ने रविवार देर रात ग्राम देवपुरा में जलभराव में फंसे 11 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है जिनमें पांच पुरुष, चार महिलाए और दो बच्चे शामिल हैं। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम में कांस्टेबल प्रदीप मेहता, कृष्ण सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेश मेहरा, राहुल, ललित कुमार शामिल थे।

### पाड़ासोंसेरा में आवासीय भवन जमींदोज, जनहानि टली

**लोहाघाट :** विकास खंड बाराकोट में रविवार की दोपहर पाड़ासोंसेरा में बसंत सिंह पुत्र नारायण का आवासीय भवन जमींदोज हो गया। भवन के अंदर रखा सारा सामान भी मलबे में दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त बसंत सिंह गाय चुगाने और बच्चे निमत्रंण में गए थे।

### जिले की ये सड़कें रहीं बाधित

जिले में लगातार बारिश के चलते मलबा और बोल्डर आने से खूंट-धामस-बसर, अल्मोड़ा घाट, जैती-पिपली-सेल्टा-चापड़, ज्याड़नैड़ी-बक्सवाड़, ध्याड़ी-मिरगांव, दन्यौली-चौकुना, बसोली-पोखरी, द्वाराहाट-पोखरी, बसोलीखान-माण्डू, पोखरी-बैगनिया, मकडाऊ-दशौला, चलमोड़ी-गाढ़ा, थुवासिमल-बिमौला कुंजअरा, भुजान-पोखरी ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित रहा।

### 11 हजार केवी लाइन में पेड़ गिरा

**अल्मोड़ा।** खराब मौसम और तेज बारिश के बीच सोमवार तड़के पांडखोला स्थित संपेक्षण गृह के समीप 11 हजार केवी लाइन में चीड़ का विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। तार टूटकर लोगों के आवासीय भवनों की छत पर गिर गए, हालांकि सुबह का वक्त होने से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन तार टूटने से पांडे खोला के बड़े हिस्से में दिन भर बिजली गुल रही। इससे लोग परेशान रहे। देर शाम तक बिजली लाइन को ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### दिल्ली समेत कई रूटों की बसें नहीं चलीं

**अल्मोड़ा :** बारिश के चलते अल्मोड़ा से रोडवेज की कई सेवाएं भी प्राभावित रहीं। सोमवार को दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार व टनकपुर की बसें संचालित नहीं हो सकीं। रोडवेज के एआरएम विजय तिवारी ने बताया कि इस बीच बारिश से पड़े प्रभाव के कारण अकेले अल्मोड़ा डिपो को रोजाना 80 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। इधर, केमू के इंचार्ज बीसी चंदोला ने बताया कि मार्ग अवरुद्ध होने से तीन दिन से रामनगर जाने वाली बसें रद्द हैं और हल्द्वानी के लिए बसें संचालित हैं, मगर खैरना रूट बाधित होने से बसों को रामगढ़ रूट से चलाया जा रहा है। इस कारण यात्रियों को हल्द्वानी जाने के लिए 23 किमी का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ है।

### भारत-नेपाल सीमा पर तीन दिनों से यातायात बंद

**बनबसा :** भारत-नेपाल के बीच तीन दिन से यातायात बंद है। इससे दोनों देशों के नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक लाख क्यूसेक से अधिक जलस्तर होने के बाद उप्र सिंचाई विभाग ने शारदा बैराज से चौपहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। दोनों देशों के लोग पैदल व टू व्हीलर ही शारदा बैराज से आवाजाही कर रहे हैं। वहीं नेपाल से संचालित भारत नेपाल मैत्री बस सेवा के बंद होने के चलते यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। यूपी सिंचाई के एसडीओ प्रशांत कुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार को शारदा बैराज का जलस्तर लगभग 2.60 लाख क्यूसेक है जिस से बैराज से चौपहिया वाहनों पर रोक लगा दी गई है।

# बच्चों को उनका अधिकार दिलाने मिलकर काम करें

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** बच्चों के हितों की रक्षा के लिए गठित अम्ब्रेला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि बच्चों को उनके अधिकार दिलाने के लिए सभी हितकारी विभाग मिलकर कार्य करें। उन्होंने किशोरियों के ब्लाग बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए।

अपने कार्यालय सभागार में अम्ब्रेला टास्क फोर्स की संपन्न बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किशोरों के वाहन चलाने वाले किशोरों के अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने स्कूल वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश एआरटीओ को दिए। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए कि वे ब्लागरों पर नजर रखें तथा किशोरियों के ब्लाग बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने पंचायत विभाग को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों की खुली बैठक में बच्चों के अधिकार व नशा उन्मूलन की जानकारी दी। श्रम विभाग को निर्देश दिए कि वे बिना किसी पूर्व सूचना के नियमानुसार होटल, रेस्टोरेंट समेत खदान क्षेत्र व निर्माणाधीन भवनों का औचक निरीक्षण करें ताकि बाल श्रम को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने सीईओ को निर्देश दिए कि स्कूलों में सभी विभाग मिलकर नशामुक्ति, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अधिकार आदि के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने को कहा। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम तिवारी, सीडीओ आरसी तिवारी, सीईओ गजेंद्र सिंह सोन, सीओ अंकित कंडारी, एटीओ हरीश रावल, दीप चंद्र रहे।

## पर्यावरण संरक्षण में सबकी भागीदारी जरूरी

**अल्मोड़ा :** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को जीबी पंत संस्थान में वन महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान के लोगों ने इको स्मार्ट ग्राम पंचायत ज्योली, कुज्याड़ी में वृहद पौध रोपण अभियान चलाया। विभिन्न प्रजाति के चौड़ी पत्ती वाले पौधों को रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एमएस लोधी ने प्रकृति संरक्षण, भूमि प्रबंधन एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर समस्त ग्रामवासियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. महेशा नंद पर्यावरण के परिवेश में वनों का मानव जीवन में क्या महत्व आदि के बारे में जानकारी दी। यहां प्रधान डीएस भोजक, कमल टम्टा, हेम तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# खत्याड़ी में बार का विरोध, धरना



खत्याड़ी में बार के विरोध में ग्रामीणों ने धरना देकर जमकर प्रदर्शन किया।

- शराब बार के बाहर धरना देकर जमकर प्रदर्शन किया, जल्द बार बंद नहीं होने पर एनएच जाम की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी ग्राम सभा खत्याड़ी के बीचों बीच खुले शराब बार के विरोध में ग्रामीण उग्र हो गए हैं। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने बारिश के बीच शराब बार के बाहर धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी।

जल्द बार बंद नहीं होने पर आगामी 10 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लगातार विरोध के बाद भी ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग में शराब बार खोल दिया गया है। कहा कि बार खुलने के बाद ग्रामीण इसका लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अब तक बार बंद करने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कहा कि शासन प्रशासन लगातार ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। ग्रामीणों ने एक स्वर में बार बंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन और 10 जुलाई से प्रथम चरण में एनएच को एक घंटे जाम करने की चेतावनी दी। इस दौरान पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हवालबाग आनंद कनवाल, प्रधान राधा देवी, प्रताप सिंह कनवाल, कलावती, ललित कनवाल, प्रेमा देवी, कमला देवी, मीना कनवाल, पुष्पा देवी, हीरा कनवाल, पुष्पा कनवाल, जानकी देवी, बचुली देवी, बिमला देवी, मीना, बसंती देवी, हेमा कनवाल, शांति देवी, भगवती देवी, रेखा देवी, सरस्वती नेगी, भूपेंद्र सिंह कनवाल, हर्ष कनवाल, गंगा, तुलसी देवी, जीवंती देवी, मानव कनवाल, हिमांशु, गोविंद, उमेद सिंह, नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपा बिष्ट, रमा कनवाल, नंदन सिंह, श्याम सिंह, मनीष सिंह, गोलू, बसंत सिंह, दीवान सिंह, महेंद्र सिंह, देब सिंह, कमल सिंह, लक्षम सिंह, जीवन सिंह, संजय समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आज और कल दो दिन तक बंद रहेंगे टनकपुर और बनबसा के विद्यालय

**टनकपुर :** चम्पावत जिले में भारी वर्षा के कारण तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) अंतर्गत जल भराव की समस्या तथा छात्र-छात्राओं व ननिहालों की सुरक्षा को देखते हुए दृष्टिगत जिलाधिकारी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नवनीत पांडेय ने तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) के मैदानी क्षेत्र टनकपुर एवं बनबसा में 9 जुलाई एवं 10 जुलाई को समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा एक से कक्षा 12 तक संचालित समस्त शैक्षिक संस्थानों एवं समस्त आंगनबाड़ी केंद्र में दो दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने लूटपाट के आरोपी को गिरफ्तार किया

**अल्मोड़ा :** भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी देने और लूटपाट के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी को लोअर मालरोड स्थित बेस चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही आरोपी के कब्जे से नगदी भी बरामद की गई हैं। नगर के नरसिंहबाड़ी निवासी और भाजपा नेता गोपाल जीना ने आरोपी प्रदीप वर्मा के खिलाफ मारपीट, जान से मारने समेत लूटपाट के संबंध में अल्मोड़ा कोतवाली में तहरीर सौंपी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इधर, पुलिस कोतवाल जगदीश देऊपा ने बताया कि आरोपी प्रदीप वर्मा, निवासी तल्ला जोशी खोला को बेस चौराह के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कब्जे से 860 रुपये भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



सोमवार को सीवर लाइन निर्माण की जांच की मांग को स्थानीय लोगों ने धरना दिया।

### दो सूत्रीय समस्याओं के निराकरण को अड़े रानीधारावासी

**अल्मोड़ा :** रानीधारा में सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच की मांग को लेकर लोगों का धरना जारी है। सोमवार को 17वें दिन भी स्थानीय लोग धरने में डटे रहे। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जल्द दो सूत्रीय समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से रानीधारा मार्ग बदहाल बना हुआ है। पूर्व में भी मार्ग के सुधारीकरण को लेकर जनता विभिन्न माध्यमों से शासन प्रशासन से गुहार लगा चुकी है, जबकि बीते 17 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। नाराज लोगों ने एक स्वर में दो सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने तक आंदोलन को जारी रखने की चेतावनी दी। यहां तनुजा पंत, मुन्नी बिष्ट, संगीता भंडारी, मीनू पंत, गीता पंत, गीता पांडे, माया बिष्ट, मनीषा पंत, नीमा पंत, मीनाक्षी पांडे, पुष्पा तिवारी, विनय किरौला, माया बिष्ट, दीपा बिष्ट, ज्योति पांडे, अर्चना पंत, बसन्ती भोज, कमला द्रमवाल, संगीता भंडारी, बीना पंत, हिमांशु पंत, राहुल पंत, पवन पंत, मोहित गुप्ता, दीप्ती गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**व्यवस्था** जिलेभर के 190 निजी स्कूलों में निर्धारित हैं 827 सीटें

# 190 निजी स्कूलों में आरटीई की 604 सीटें रिक्त

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

- 223 सीटों में कक्षा एक में गरीब परिवार के बच्चों ने लिया है प्रवेश
- रिक्त सीटों में दोबारा शुरू हुई आवेदन की प्रक्रिया

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में कक्षा एक में बीपीएल परिवार के बच्चों के लिए सरकार ने 25 सीटें आरक्षित कर रखी हैं।

चालू शिक्षा सत्र में अल्मोड़ा जिले में 190 निजी विद्यालयों में रिक्त 604 सीटों में गरीब बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश नहीं हुआ है। निजी विद्यालयों में निर्धारित कुल 827 सीटों में से 223 सीटों में कक्षा एक में गरीब परिवार के बच्चों ने प्रवेश लिया है। चालू शिक्षा सत्र में इस बार आरटीई के तहत विभिन्न विकासखंडों से कुल 304 बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इसमें 238 आवेदन सही पाए गए और नोटरी के माध्यम से 223 बच्चों को प्रदेश दिया गया।

जिसमें कुल 190 विद्यालयों में गरीब बच्चों के लिए 827 सीटें शिक्षा विभाग ने निर्धारित कर रखी है। चालू सत्र तक 223 गरीब बच्चों को प्रवेश मिला है, जबकि 604 सीटें खाली है। अब इन रिक्त सीटों के लिए दोबारा पंजीकरण शुरू हो गया हैं।




"निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत चालू सत्र में निर्धारित 827 सीटों में से 304 बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें 223 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। रिक्त सीटों के लिए दोबारा आवेदन मांगें गए है।
**-अंबा दत्त बलोदी**, सीईओ अल्मोड़ा।

### एक से आठवीं तक दी जाती है मुफ्त शिक्षा

**अल्मोड़ा।** शिक्षा के अधिकार के अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में कक्षा एक में न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क प्रवेश देना अनिवार्य है। इसकी फीस शासन की ओर से दी जाती है। यह शिक्षा कक्षा आठ तक बच्चों को दी जाती है।



रानीखेत में श्रीमद् भागवत कथा में पूर्णाहुति देते यजमान। ● अमृत विचार

### पूर्णाहुति के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

**रानीखेत :** स्थानीय पंचेश्वर महादेव मंदिर में 28वां मूर्ति स्थापना वार्षिकोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रविवार को पूजा अनुष्ठान एवं पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। श्री 1008 मौनी महाराज के सानिध्य में हुए पूर्णाहुति यज्ञ में मुख्य यजमान भुवन चंद्र नेगी, दया नेगी सहित नेगी परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। विद्वान पुरोहितों ने पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। कथा ज्ञान यज्ञ 30 जून से प्रारम्भ हुआ था जिसमें नित्य सायं तीन बजे राष्ट्रीय संत राजेन्द्र महाराज श्रीधाम वृंदावन की ओर से व्यासपीठ पर विराजमान होकर श्रीमद् भागवत कथामृत का रसास्वादन कराया गया। समापन दिवस पर अपराह्न से भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर धर्मशाला समिति अध्यक्ष कैलाश चंद्र पांडे, महासचिव अतुल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, अगस्त लाल साह मौजूद रहे।

# टमाटर का शतक पूरा, दूसरी सब्जियां भी महंगी

## 15 से 30 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा, लगातार बारिश के कारण बढ़े दाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं दैनिक जीवन में खाने पीने की चीजों के साथ-साथ सब्जियों के दाम में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। लोग रोजमर्रा की जरूरतों के सामान और सब्जी खरीदने के पहले अपनी जेब टटोलने को मजबूर हो गए हैं। यहां पर टमाटर भी 100 रुपये किलो पहुंच गया है।

अल्मोड़ा में सभी प्रकार की सब्जियों के दामों में 15 से 30 फीसद तक बढ़ोत्तरी हुई है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है।

पिछले कुछ दिनों में ही टमाटर के दाम 50 रुपये से सीधे 100 रुपये प्रति किलो पहुंच गये हैं। लोअर मालरोड स्थित सब्जी विक्रेता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों लगातार बारिश के चलते जगह-जगह सड़कें में मलबे से पट गई है और यातायात पूरी तरह प्रभावित है। वहीं, हल्द्वानी मार्ग भी अवरूद्ध होने से यहां सब्जियों मंडी से बढ़कर पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर टमाटर और सब्जियों के दामों में भारी इजाफा हुआ है। इसका असर जेब पर पड़ रहा है।


अल्मोड़ा बाजार की एक दुकान में रखी विभिन्न प्रकार की सब्जियां। ● अमृत विचार

### बोली गृहिणियां


मध्यवर्गीय एवं गरीब वर्ग के लिए इस महंगाई में गुजारा करना बेहद चुनौतिपूर्ण हो गया है। अचानक सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई चलाना मुश्किल हो गया है।
–राधा देवी


सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। टमाटर सौ रुपए पहुंच गए हैं। कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में खर्च चलाना मुश्किल हो गया है।
– सरस्वती नेगी

बता दें कि कुछ दिनों से कुमाऊं मंडल के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश होने के कारण कई सड़क मार्ग ध्वस्त हो गए हैं। साथ ही लगातार बारिश के कारण खेतों में भी सब्जियां नष्ट हो गई हैं। ऐसे हालात में स्थानीय मंडियों तक सब्जियों के नहीं पहुंचने व कम आने के कारण इनके मूल्य में वृद्धि देखी जा रही है।

### सब्जियों की मूल्य सूची

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| प्याज | 30 | 50 |
| टमाटर | 50 | 100 |
| बैंगन | 40 | 50 |
| करेला | 60 | 80 |
| बीन्स | 60 | 120 |
| लौकी | 20 | 60 |
| शिमला मिर्च | 50 | 100 |

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ विकास

▶▶ केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** सड़क एवं परिवहन केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के यहां पहुंचने पर भाजपायों ने इनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संपूर्ण भारत में जनहित पर ऐतिहासिक पहल की गई, जिसके चलते देश की जनता ने उन पर विश्वास कर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री का दायित्व सौंपा।

सड़क एवं परिवहन केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचने पर स्थानीय भाजपाइयों ने उनका गर्म जोशी के साथ बहुत स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक प्रमोद नैनवाल के नेतृत्व में विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। अजय टम्टा ने कहा देश व प्रदेश में मोदी जी के नेतृत्व में कई विकास कार्यों को गति दी गई। कहां ऑल वेदर रोड को लेकर उच्च स्तर पर कार्य तेज कर दिया गया है। उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र से लेकर दुर्गम सीमावर्ती क्षेत्रों तक टू लेन रोड का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि कैंची धाम से जाम की मुक्ति दिलाने के लिए दो टैनल एवं बाईपास, काठगोदाम से नैनीताल टू लैन, अल्मोड़ा रानीखेत द्वाराहाट से कर्णप्रयाग, बद्रीनाथ तक डबल लैन को स्वीकृति मिल चुकी है। रानीखेत में बाईपास सड़क को भी जल्द ही अस्तित्व में लाने का प्रयास उनके द्वारा किया जाएगा। स्वागत समारोह में क्षेत्रीय विधायक प्रमोद निर्माण ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनके द्वारा पूर्व में सांसद रहते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा। इस अवसर पर दीप भगत विनोद भट्ट जिला अध्यक्ष लीला बिष्ट मोहन नेगी ग्रीस भगत राजेंद्र जसवाल, जगदीश अग्रवाल नरेंद्र रौतेला मनीष चौधरी सहित द्वाराहाट सल्ट भिकियासैंण से कार्यकर्ता सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन साल्ट महामंत्री पूरन रजवाल ने किया।



रानीखेत में स्वागत समारोह को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा।

## भीमताल में हरेला मेले को लेकर बैठक संपन्न

**भीमताल :** भीमताल में 16 जुलाई से आयोजित होने वाले हरेले मेले की तैयारी को लेकर अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न कार्यों के लिए लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि दुकानों का आवंटन 10 जुलाई को किया जाएगा और इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का उद्घाटन 16 जुलाई को होगा। बैठक में निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनौतिया, दिनेश सांगुड़ी, मनोज भट्ट, नीरज कुमार, उमेश पाठक, हिमांशु रौतेला आदि मौजूद थे।



व्यापारियों से जलभराव से हुए नुकसान की जानकारी लेते पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल

## प्रभावित लोगों को मिले मुआवजा

**बनबसा :** पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने बनबसा के नगरीय और ग्रामीण के जल भराव क्षेत्र का दौरा कर शासन प्रशासन से लोगों को उचित मुआवजे दिए जाने की मांग की है। पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने ग्राम सभा चंदनी, भजनपुर, बमनपुरी, पचपकरिया के अलावा नगर क्षेत्र के मुख्य बाजार, चंद मार्केट, रेलवे बाजार, मीना बाजार क्षेत्र का दौरा कर व्यापारियों और ग्रामीणों से जल भराव की स्थिति की जानकारी ली। मौके पर ही उन्होंने जिलाधिकारी चंपावत से वार्ता कर पीड़ितों के नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। इस दौरान, रमेश चंद, सौरव गिरी, भूपेंद्र चंद, साहिल गिरी, राहुल राज, बाबी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भवानीगंज में हाईवे पर बने गड्ढे

**रामनगर :** तेज बारिश ने राष्ट्रीय राजमार्ग की पोल खोलकर रख दी है। बता दें कि भवानीगंज पर बड़ी नहर की पुलिया के पास काफी समय से छोटे बड़े गड्ढे हो गए थे, जिन्हें विभाग द्वारा फिलहाल पैचिंग करके पूर्व में भर तो दिया था। मगर चार दिन से पड़ रही बारिश ने विभाग के ठेकेदार द्वारा कराए गए कार्य की सारी कलाई खोद दी है। फिर स्थान पर गड्ढे हो गए हैं। कई बार तो स्कूटी चालक व बाइक सवार गिरते बचे हैं। गौरतलब है जिस स्थान पर यह गड्ढे हुए हैं उस स्थान से एक मार्ग हल्द्वानी को बाईपास के रूप में तैयार किया गया है।


सोमवार को दोपहर तक बागेश्वर में बारिश होती रही, जबकि दोपहर बाद मौसम साफ होने पर हिमालय के हल्के दर्शन हुए। बारिश के कारण कई दिन से अपने घरों में कैद लोग बाहर निकल आए। मध्यम बादलों के बीच जौलकंडे गांव से मौसम का नजारा कुछ इस तरह का नजर आया। ● अमृत विचार

# धर्म दर्शन

## जरासंध का आक्रमण और रणछोड़



कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंचकर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिंतित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था। साम्राज्यलिप्सा थी, इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिलाकर मथुरा जा पहुंचा। चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्ध पितामह भीष्म इस समय सजग थे, लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादवगण राज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था, किंतु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किंतु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यंत फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादव प्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादव प्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए। जरासंध से यादवसेना की एक और लड़ाई विदर्भ में हुई थी, जब श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका चल दिए थे। वहां भी यादवसेना से परास्त होकर जरासंध भाग निकला था।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## जैन धर्म में अयोध्या का महत्व

अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है- 'अयुद्ध्या' अर्थात युद्ध के अयोग्य। स्पष्ट है यह शब्द युद्ध में शत्रुओं के लिए युद्ध में अयोध्या की अपराजेयता का द्योतक है। जैनियों के अनुसार अयोध्या जैन धर्म के पांच तीर्थं करों क्रमशः ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ और अनंतनाथ की जन्मस्थली रही है। जैनसाहित्य में प्राकृत या अपभ्रंश में दूसरीशती में विमलसूरि द्वारा लिखित "पउमचरियं" (पद्मचरित) विस्तार से रामकथा वर्णित है। जैन साहित्य श्रीराम का मूल नाम "पउम" या पद्म बताता है तथा यह भी स्पष्ट करता है कि अंत मे वह अर्थात श्रीराम जैन संप्रदाय में दीक्षित हो गए थे। जैनसाहित्य में 'पउमचरियं' के अतिरिक्त प्रथम शती में आचार्य यति वृषभ ने अपने 'तिलोयपण्णति' नामक ग्रंथ में अयोध्या के कई नामों का उल्लेख है। संस्कृतभाषा में प्राप्त रविषेणकृत 'पद्मपुवाण', गुणभद्र कृत संस्कृत ग्रंथ सभी के राम का नाम "पद्म" है। यही नहीं बाद मेंलिखित, सभी जैन ग्रंथ एकमत हो, श्रीराम के अंतिम समय में जिनेन्द्र की शरण में जाने का उल्लेख करते हैं। जैन परंपरा में अयोध्या नामक शाश्वत तीर्थ के अयुध्या, विनीतानगरी, साकेत, सुकौशल, रामपुरी और विशाखा जैसे विभिन्न नाम उल्लिखित है। यही नहीं सभी प्रमुख जैन ग्रंथ एक स्वर से, चौबीस तीर्थंकरों में प्रथम ऋषभ देव, द्वितीय अजित नाथ, चौथे अभिनंदन नाथ,पांचवें सुमति नाथ और चौदहवें अनंतनाथ इन पांचों की जन्मभूमि अयोध्या कही गई है। स्पष्ट है कि जैन धर्मावलंबियों के लिये अयोध्या एक अत्यंत पवित्र तीर्थस्थली रही है। परवर्ती ऐतिहासिक ग्रंथों से यह तथ्य निर्विवाद रूप से प्रमाणित है कि बाबर के समय राममंदिर के ध्वस्तीकरण से पूर्व ही मुस्लिम शासकों के शासनकाल में सुनियोजित ढंग से हिन्दू,जैन तथा बौद्ध मंदिरों का ध्वस्तीकरण किया गया। विस्तार भय से, यहां उनका विवरण, अंकित नहीं किया गया है।

अंत में इतना लिखना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन परंपरा में अयोध्या भारत ही नहीं वरन् विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केन्द्र रहा है। यही पर प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव ने अपने पुत्रों एवं पुत्रियों को अंक विद्या और लिपि विद्या की शिक्षा दी थी। जैन परंपरा अयोध्या के सरयू तट पर होने का समर्थन करती है। सिखों के लिए भी अयोध्या एक पवित्र स्थान है। गुरु नानकदेव अपनी अयोध्या यात्रा के क्रम में सरयू नदी के तट पर रूके थे। यही नहीं संवत् 1725 में सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर जी भी अपनी यात्रा के क्रम अपनी पत्नी गुजरी देवी के साथ अयोध्या आए थे। पिथौरागढ़ एवं वर्तमान नवसृजित जनपद बागेश्वर जिले के उत्तरी भाग में स्थित नंदा कोट पर्वत के निकटवर्ती "सरमूल" (सरयू का मूल) नामक स्थान से निकल कर सरयू नदी दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर प्रस्थान करती है। यह उद्गम स्थान रामभक्तों के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में सम्पूजित हो चुका है। हिमालय की तलहटी में ही आगे चलकर इसमें पूंगुर और लाहूर नदियां मिलती हैं। अपनी प्रवाह यात्रा में आगे चलकर सरयू स्वयं को पिथौरागढ़ जनपद नंदा देवी पर्वतमाला के पूर्वी ढलान से लगभग 3600मीटर या 12,000 फीट की ऊंचाई से निकल, नेपाल और भारत के बीच सीमारेखा बनाकर बहने वाली महाकाली या काली नदी में प्रवेश कर जाती है।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-125

**बाएं से दाएं**

1. 1. हाथ की सफ़ाई, ऐसा काम या खेल जिसका रहस्य दर्शक न समझ कर आश्चर्यचकित हों, अलौकिक या अमानवीय समझा जाने वाला कार्य, बाज़ीगरी, नज़रबंदी, इंद्रजाल, (मैजिक) 2. दूसरों को मोहित करने या लुभाने की शक्ति, वशीकरण, मोहिनी, माया, जंतर-मंतर, टोना। (मु.) -करना : किसी को चमत्कृत करना, वश में करना। -चलना : जादू का प्रभाव होना, किसी बात का असर होना। -डालना : जादू करना, मोहित करना, प्रभाव डालना।

3. इंद्र का हाथी ऐरावत।

6. 1. मैलापन, गंदगी 2. गाढ़ापन 3. मोटाई, स्थूलता।

7. 1. जिसमें तथ्य एवं वास्तविकता न हो 2. ऊपरी, बाहरी, दिखाऊ 3. नकली, कृत्रिम।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मध्यकाल में राजा या राज्य की ओर से विशेष सेवा के बदले या पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली भूमि या प्रदेश 2. संपत्ति 3. (अ-अ.) पुराने समय में गांव में नाई

2. 1. पाला पड़ना 2. बरफ गिरना, हिमपात 3. ऐसा प्रहार जो विनाश का सूचक हो 4. अरमानों या आशाओं पर पानी फिरना,निराश होना।

4. तीसरी बार।

5. 1. विस्तृत करना, फैलाना, छितराना 2. आगे की ओर करना, आगे बढ़ाना




### वर्ग पहेली -124 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 पे |
| धि | ■ | 3 रि | हा | इ | श |
| रो | ■ | सा | ■ | ■ | गी |
| 4 ह | थ | ल | प | 5 क | ■ |
| ण | ■ | दा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | र | ■ | हं | ■ |
| 6 स | रो | ■ | 7 आ | स | रा |

### सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 6 | | 8 | | | 7 | | |
| 2 | 5 | | 9 | | | 4 | 1 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 1 |
| | 7 | | | | | | 6 | |
| 9 | | | | 2 | | 5 | | |
| | 1 | 3 | | | 5 | | 9 | 2 |
| | | 4 | | | 6 | | 3 | |
| 6 | | | | 9 | 8 | | 4 | |

### सुडोकू -37 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 06 .08 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 07 .52 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** – आज व्यापार में आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। किसी कार्य के बनते बनते विघ्न बाधा आ जाएगी। नौकरी में उच्च अधिकारी से व्यर्थ का वाद विवाद हो सकता है। भोग विलास पर अत्यधिक धन खर्च होगा।

**वृष** – आज भूमि क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज नौकरी में उच्च अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। सामाजिक कार्य में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी। किसी महत्वपूर्ण अभियान, आंदोलन का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को कोई सुखद सूचना मिलेगी। देव स्थल के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। बुजुर्ग परिजनों के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नए सहयोगी बनेंगे।

**सिंह** – आज किसी महत्वपूर्ण कार्य में अकारण व्यवधान आ सकता है। रोजगार के लिए इधर से उधर भटकना पड़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक भरोसा करना घातक सिद्ध हो सकता है। उद्योग धंधे की योजना को खूब सोच समझकर गुप्त रूप से आगे बढ़ाएं।

**कन्या** – आज राजनीति में उच्च पद मिलने के योग हैं। नौकरी में अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिलने के योग है। धन संपत्ति मिलने की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। वाहन खरीदने के इच्छुक लोगों को सफलता मिलेगी।

**तुला** – आज किसी महत्वपूर्ण योजना पर कार्य करेंगे। किसी पुराने मुकदमे में जीत आपकी होगी। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज किसी लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। पैतृक धन संपत्ति को लेकर परिवार में वाद हो सकता है। आप किसी के कहे सुने में न आएं। उद्योग धंधे में किसी अनुभवी व्यक्ति से विशेष सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन होगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। बौद्धिक कार्य लोगों को सफलता एवं सम्मान मिलेगा। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आज उद्योग धंधे की कोई बड़ी बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। राजनीति में सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे। खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** – आज किसी व्यापारिक योजना के सफल होने के योग हैं। नौकरी में आपके कार्य से बॉस का ध्यान आपकी ओर आकर्षित होगा। किसी प्रियजन के कारण समाज में मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अस्त्र-शस्त्र में अभिरुचि रहेगी। शस्त्र खरीदने की योजना बन सकती है।

**मीन** – आज नौकरी में नवीन दायित्व मिलने के संयोग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने में अचानक मनोबल में वृद्धि होगी। कला, खेल,विज्ञान की दुनिया में लोगों को सरकार से महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता
सुबह : 11.31
कहानी किस्मत की
शाम : 06 .20

**&pictures**
कार्तिकेय 2
सुबह :11.06
स्क्वाड
रात : 08 .00

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन
सुबह : 10 .26
मॉन्स्टर हंटर
रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
बंगाराजू
सुबह : 11 .06
गदर 2
रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
कसम
सुबह : 09 .25
दामिनी
रात : 09 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल
कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## एक नजर

### मुनाफावसूली से सेंसेक्स में 36 अंक की गिरावट

**मुंबई।** निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स सोमवार को मामूली 36.22 अंक की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर बंद हुआ। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही। अंत में यह 36.22 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 79,960.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.77 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 3.30 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र गिरावट के साथ 24,320.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, अडाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे। आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में बढ़त दिखी।

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

## दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मी. टन से बढ़कर 32.55 लाख मी. टन हो गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** तीन चार साल में दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो जाएगा। दरअसल, राज्य सरकार के इस दिशा में तय किए गए लक्ष्य पर चलते हुए बीते सात साल के नतीजे शानदार रहे हैं। इस दौरान दलहन उत्पादन में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि इसका प्रमाण है। इस दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 32.55 लाख मीट्रिक टन हो गया।

- दलहन उत्पादन में रिकॉर्ड 36 फीसद की वृद्धि

शासन से साझा की गई जानकारी के अनुसार, राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अरहर, उरद एवं मूंग की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 27200 हेक्टेयर फसल प्रदर्शन आयोजित होंगे। इसी क्रम में दलहन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 31553 कुंतल बीज वितरण एवं 27356 कुंतल प्रमाणित बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### आत्मनिर्भरता से विदेशी मुद्रा भी बचेगी

सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा उत्तर प्रदेश का ही है। ऐसे में पूरे दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की,और म्यांमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश की पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है। ऐसे में अगर उत्तर प्रदेश दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाय तो विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

### एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित

दलहनी फसलों के उत्पादन के बाद बाजार में उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए सरकार इन सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। किसान इनके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित हों इनके लिए अन्य फसलों की तुलना में इनकी एमएसपी में भी अधिक वृद्धि कर रही है।

### बुंदेलखंड में विकसित होंगे आदर्श दलहन ग्राम

दलहन उत्पादन में अग्रणी बुंदेलखंड के जिलों- बांदा, महोबा, जालौन, चित्रकूट और ललितपुर में आदर्श दलहन ग्राम विकसित किये जाएंगे। उत्तर प्रदेश दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता राज्य है। लेकिन, अभी उपभोग का आधा ही उत्पादन प्रदेश में होता है।

## अमर कौल सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक-सीईओ

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बिजली क्षेत्र की कंपनी सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के निदेशक मंडल ने अमर कौल को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कौल की नियुक्ति 25 जलाई, 2024 से पांच साल के लिए की गयी है। यह जरूरी मंजूरियों पर निर्भर है।

निदेशक मंडल ने कौल को नौ जुलाई से 24 जुलाई, 2024 तक के लिए मनोनीत प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। वह नटराजन श्रीनिवासन का स्थान लेंगे। श्रीनिवासन 26 नवंबर, 2020 से कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं और 24 जुलाई, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

# पॉलिटेक्स इंडिया और स्टार फिनसर्व का पंजीकरण रद्द

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण देने की प्रथाओं के कारण स्टार फिनसर्व इंडिया लिमिटेड और पॉलिटेक्स इंडिया लिमिटेड का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रद्द कर दिया गया है।

उसने कहा कि कंपनी ने अपने डिजिटल ऋण परिचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है, जिसमें क्रेडिट मूल्यांकन, ऋण स्वीकृति के साथ-साथ केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया जैसे मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को सेवा प्रदाता को आउटसोर्स किया गया है। कंपनी ने सेवा प्रदाता को ग्राहक डेटा तक पूरी पहुँच प्रदान करके डेटा गोपनीयता और ग्राहक जानकारी की सुरक्षा पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। कंपनी ने अपने ग्राहकों को स्थानीय भाषा में ऋण समझौते और स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न कराकर निष्पक्ष व्यवहार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

## भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का यूएई में निधन

**दुबई।** प्रमुख भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का 83 वर्ष की उम्र में यूएई में रविवार को निधन हो गया। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने आईटीएल कॉसमॉस समूह के चेयरमैन के निधन पर शोक जताया है।



उन्होंने कहा, उनके निधन से समुदाय ने एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक संरक्षक खो दिया है। बक्सानी ने यूएई में भारतीय समुदाय को गौरवान्वित किया है। वह उन भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, जो यूएई को अपना घर कहते हैं।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल (दाम प्रति क्विंटल में) :** शरबती- 5500 मसूरी- 5400 बासमती- 9500-10500 परमल- 3800-4000 **दाल दलहन :** काला चना- 7600 साबुत चना दाल- 7500-8600 मूंग साबुत- 10800 राजमा- 14000-16000 दाल उड़द- 11000 साबुत मसूर दाल- 7400- 7600 मसूर दाल- 8600 उड़द साबुत- 12000 काबुली चना- 12000-12800 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/करमानी- 9200 सोयाबीन- 4400 मूंगफली- 11300 मटर (सूखी)- 5200 मक्का- 2600

# यूरोपीय व विकसित देशों में कृषि उत्पाद का निर्यात आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरकार जल, वायु व सड़क मार्ग के खर्च पर 25 फीसद देगी अनुदान
- तीनों मार्गों पर 10 लाख से बढ़कर 20 लाख हुआ वार्षिक अनुदान



**अमृत विचार :** सरकार ने उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पाद के निर्यात की राह आसान कर दी है। अब जल, वायु व सड़क मार्ग से फल, सब्जी व अन्य उत्पाद भेजने पर जो खर्च आएगा उस पर 25 फीसद प्रोत्साहन राशि कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) और निर्यातकों को मिलेगी। इसकी वार्षिक अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये की है। इससे खासकर यूरोपीय व विकसित देशों में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि, अधिक दूरी होने के कारण फल व सब्जियों के साथ जल्द खराब होने वाले अन्य उत्पाद वायु मार्ग से जाते हैं। इसमें खर्च अधिक आता है और अनुदान कम मिलता है। इस वजह से निर्यात बढ़ नहीं पा रहा है। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर किसानों को समृद्ध करने के लिए यह प्रस्ताव कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय ने शासन में रखा था। उप निदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला ने बताया कि कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। इससे निर्यात बढ़ेगा और किसानों की आय में इजाफा होगा।

### इन वर्षों में यह हुआ निर्यात

| वर्ष | उपज (एमटी में) | रुपये (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1,763,534 | 17,729 |
| 2021-22 | 1,844,770 | 18,049 |
| 2022-23 | 1,763,534.83 | 17,729 |

### एक समान अनुदान, वार्षिक 10 लाख की बढ़ोतरी

अब तक जल व वायु मार्ग पर प्रति किलो 10 रुपये अनुदान मिलता था। जबकि वार्षिक वायु मार्ग पर 10 लाख रुपये और जल मार्ग पर 20 लाख रुपये अधिकतम अनुदान थी। इसके अतिरिक्त सड़क व रेलवे मार्ग पर पांच रुपये प्रति किलो अनुदान राशि दी जाती थी। लेकिन, अब सभी मार्गों पर एक समान 25 फीसद और वार्षिक 20 लाख रुपये व्यय पर अनुदान मिलेगा।

### वायु मार्ग पर 200-250 रुपये प्रति किलो खर्च

प्रदेश से यूरोपीय देश बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड आदि में वायु मार्ग से निर्यात करने पर एक किलो पर 200-250 रुपये दूरी के हिसाब से खर्च आता है। इसी तरह विकसित देश अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस, रूस व आस्ट्रेलिया आदि में 150-200 रुपये, जबकि खाड़ी देश कतर, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान आदि की दूरी कम होने पर 50 से 70 रुपये प्रति किलो खर्च आता है। इन सभी में अनुदान 10 रुपये प्रति किलो होने पर खाड़ी देश में ज्यादा निर्यात होता है।

## नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली नौवीं संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित बनाने से जुड़े दस्तावेज पर चर्चा की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नीति आयोग की शीर्ष नीतिगत इकाई परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। मोदी नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 जुलाई को होगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बिहार में 24 घंटे में वज्रपात से 12 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के सात जिलों में पिछले 24 के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 12 लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई इन मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जमुई और कैमूर में तीन-तीन, रोहतास में दो, सारण, सहरसा, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को आज ही चार-चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं।

### पांच हजार शिक्षकों के तबादले पर रोक दिल्ली वालों की जीत : आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा निदेशालय द्वारा दो जुलाई को एक आदेश के तहत पांच हज़ार से अधिक शिक्षकों का तबादला कर दिया गया था जिस पर अब रोक लगा दी गई है जो दिल्ली वालों की जीत है। आतिशी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए आज कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों, बच्चों और उनके अभिभावकों का संघर्ष सफल रहा। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आज एक आदेश के माध्यम से दो जुलाई को जारी किए एक ग़लत आदेश के तहत 5000 से ज़्यादा शिक्षकों का तबादला कर दिया गया था लेकिन अब रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश इन सभी राज्यों में सरकारी स्कूल टूटे-फूटे हाल में हैं, जहां ग़रीब से ग़रीब परिवार भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजना चाहते।

# असम में बाढ़ के कारण 28 जिलों में करीब 23 लाख लोग प्रभावित

## राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की जान जा चुकी है

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही और 28 जिलों की लगभग 23 लाख की आबादी इससे प्रभावित हुई। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के अनुसार, अधिकतर नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है। राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की मौत हुई जबकि इनमें से केवल बाढ़ के कारण 66 लोगों की मौत हुई।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का सोमवार को सिलचर पहुंचने और मणिपुर जाते समय कछार जिले के फुलेर्तल में बाढ़ राहत शिविर का दौरा करने का कार्यक्रम है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में सभी राहत शिविरों में पूरी व्यवस्था की गई है और स्थिति सामान्य होने तक आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों की सुरक्षा और स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता है और उनकी टीम लोगों के संपर्क में है। वर्तमान में, 28 जिलों में 3,446 गांवों के लगभग 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ की दूसरी लहर से 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है। धुबरी में सबसे अधिक 7,54,791 लोग प्रभावित हुए, इसके बाद कछार में 1,77,928 लोग और बारपेटा में 1,34,328 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। कुल 53,689 लोगों ने 269 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि शिविरों में नहीं रह रहे 3,15,520 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

### भूस्खलन के कारण अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का सड़क संपर्क टूटा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई जिलों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को शि-योमी जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य में प्राकृतिक आपदाओं के कारण अप्रैल से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

### गोवा में मूसलाधार बारिश से कई इलाके जलमग्न, तीन लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा में सोमवार को लगातार तीसरे दिन मूसलाधार बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार को उत्तर गोवा में भारी बारिश के बीच कुंदैम इंडस्ट्रियल एस्टेट में दीवार गिरने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में मजदूर दिलीप यादव (37), मुकेश कुमार सिंह (38) और ट्रिनिटी नायक (47) की मौत हो गयी।

### मुंबई में भारी बारिश से उपनगरीय रेल, विमान सेवाएं प्रभावित, स्कूल बंद

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण पटरियों पर जलभराव के चलते मध्य रेलवे की उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं और हवाईअड्डे पर भी परिचालन पर असर पड़ा जिसके कारण सोमवार को 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारी बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को जलमग्न सड़कों से गुजरते देखा गया। राज्य सरकार ने मुंबई, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मुंबई के कुछ इलाकों में सुबह सात बजे तक मात्र छह घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे सड़कें और निचले इलाके जलमग्न हो गए। पूरे दिन शहर में भारी बारिश हुई। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई, क्योंकि भारी बारिश के कारण कई सदस्य और अधिकारी विधान भवन नहीं पहुंच सके।



### 30 से अधिक जानवरों को बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश के बीच 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों को बचाया गया है। रेस्किंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर के संस्थापक और अध्यक्ष एवं वन विभाग के मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया, हमें 24 घंटों में 60 से अधिक फोन कॉल प्राप्त हुए हैं और मुंबई तथा आसपास के जिलों ठाणे, रायगढ़ और पालघर से 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों, सरीसृपों को बचाया है।

# कीर्ति चक्र विजेता की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पुलिस से इस पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के अहमद के. ने सोशल मीडिया पर कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी की फोटो पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी की है। यह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 79 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के अंतर्गत अपराध है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इसकी कडी निंदा की है और पुलिस से इस पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने को कहा है। उन्होंने इस संबंध में दिल्ली के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

# एक्स से महुआ की पोस्ट की डिटेल मांगी

नयी दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंपनी को भेजा पेत्र

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी एक्स से लोकसभा सदस्य की अब हटाई जा चुकी टिप्पणी का विवरण मांगा।

मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द का इस्तेमाल, भाव-भंगिमा या कृत्य करने से संबंधित है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किये गए एक वीडियो पर यह टिप्पणी की थी। वीडियो में, शर्मा उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ स्थल पर चार जुलाई को जाती हुई दिख रही थीं। हालांकि, मोइत्रा ने बाद में उस पोस्ट को हटा दिया, जिसमें एनसीडब्ल्यू प्रमुख के साथ छाता पकड़े एक व्यक्ति के चलने का जिक्र किया गया था। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' को पत्र लिखा है और सोशल मीडिया कंपनी से जवाब मिलने का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि पोस्ट का विवरण जांच के लिए जरूरी है, हालांकि जांचकर्ता इसका स्क्रीनशॉट पहले ही ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर, आगामी दिनों में मोइत्रा को तलब किया जा सकता है।

# मणिपुर पहुंचे राहुल, जातीय हिंसा पीड़ितों से की बात

इंफाल, एजेंसी



- राहत शिविरों का दौरा कर सुनीं समस्याएं
- 200 से अधिक लोगों की मौत

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों में राहत शिविरों का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। राज्य में पिछले साल मई में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे गांधी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस द्वारा राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार यहां आए हैं। कांग्रेस ने 'एक्स' पर कहा कि हिंसा के बाद मणिपुर की उनकी (राहुल गांधी की) तीसरी यात्रा लोगों के मुद्दों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# हेमंत सोरेन सरकार को विश्वास मत, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

रांची, एजेंसी

झारखंड विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच, हेमंत सोरेन सरकार के सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।



रांची के राजभवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य मंत्रिमंडल के नव शपथ ग्रहण मंत्रियों के साथ झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन। ● एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के विधायक मतों की गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। विश्वास मत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा, आज एक बार फिर सबको सत्तारूढ़ गठबंधन की एकता और ताकत देखने को मिली। मैं (विधानसभा) अध्यक्ष और गठबंधन के सभी विधायकों का आभार जताता हूं।

सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन 2019 में सत्ता में आने के बाद से संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहा है और यह आज एक बार फिर देखने को मिला। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, सदन में मुझे फिर से देखने के बाद कोई भी भाजपा विधायकों का व्यवहार देख सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा के पास राज्य के लिए कोई एजेंडा नहीं है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने उनको (भाजपा) आइना दिखा दिया। आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ेगा।

# दिव्यांगों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभावपूर्ण

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दृश्य मीडिया और फिल्मों में दिव्यांग व्यक्तियों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभाव और असमानता को बढ़ावा देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी भाषा जो दिव्यांग व्यक्तियों को अपमानित करती है, उन्हें और अधिक हाशिये पर धकेलती है तथा उनकी सामाजिक भागीदारी में आने वाली बाधाओं को बढ़ाती है, उस पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए।



- शीर्ष अदालत ने कहा- अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शब्द संस्थागत भेदभाव पैदा करते हैं और दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में सामाजिक धारणा में अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं। शीर्ष अदालत ने दृश्य मीडिया में दिव्यांग व्यक्तियों के चित्रण की रूपरेखा पर कहा कि वे नकारात्मक आत्म-छवि में योगदान करते हैं और समाज में भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और प्रथाओं को कायम रखते हैं। उन्होंने कहा, ऐसी भाषा जो दिव्यांगता को वैयक्तिकृत करती है, उससे बचा जाना चाहिए या उसे सामाजिक मानक के विपरीत भाषा के रूप में पर्याप्त रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए।

# भारतीय हॉकी टीम स्विट्जरलैंड रवाना

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया है।

इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा हमने अभी बेंगलुरू में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विटजरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का

ओलंपिक की तैयारी



केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी।

भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में रहना होगा।

## जेसविन-अंकिता को एथलेटिक्स टीम में मिली जगह



**नई दिल्ली।** जेसविन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद) और महिला वर्ग में अंकिता ध्यानी (पांच हजार मीटर दौड़) में विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स टीम में शामिल किया है। दोनों एथलीटों के टीम में शामिल होने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीमें सदस्यों की संख्या अब 30 हो गई हैं। विश्व एथलेटिक्स ने आधिकारिक तौर पर जेसविन एल्ड्रिन और अंकितना ध्यान के भारतीय टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद में 31वें स्थान पर हैं। उन्हें शीर्ष 32 एथलीटों में शामिल होने के कारण पेरिस में जगह बनाई है। वहीं अंकिता महिलाओं की पांच हजार मीटर में 42वें स्थान पर हैं, जो कि उस स्पर्धा में कटऑफ रैंक है। अंकिता आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में इसी स्पर्धा में 29वें स्थान पर रहीं और हमवतन पारुल चौधरी पांच हजार मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ जुड़ेंगी। अंकिता ध्यानी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15 :28 .08 है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में कैलिफोर्निया में ट्रैक फेस्ट में हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16 :10 .31 के समय के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।

# अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग में खरीदी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है।

लंदन में 3 से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। अश्विन के हवाले से कहा गया कि हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। हमारी टीम खेल को फिर से परिभाषित करने का लक्ष्य रखती है। सह मालिक के रूप में मैं उनकी यात्रा का गवाह बनने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। लीग के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली पांच अन्य फ्रेंचाइजी अल्पाइन एसजी पाइपर्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, गैंगेस ग्रैंडमास्टर्स, गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और मुंबा मास्टर्स हैं।

# भारत के खिलाफ शृंखला से पूर्व सनत जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच

कोलंबो, एजेंसी



- टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर सिल्वरवुड ने दे दिया था इस्तीफा एसएलसी ने सनत को सौंपी जिम्मेदारी

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू शृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में स्थायी समाधान मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है।

भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा श्रीलंका क्रिकेट सनत जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम के अंतरिम प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। वह सितंबर 2024 में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के पूरा होने तक इस पद पर कार्य करेंगे। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के पूर्व वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह अंतरिम आधार पर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिल्वरवुड ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था।

वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए इस विश्व कप में टीम लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। अपने समय के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक जयसूर्या टी-20 विश्व कप के दौरान टीम के सलाहकार थे। एसएलसी ने कहा जयसूर्या वर्तमान में श्रीलंका क्रिकेट के पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। एसएलसी के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा जब तक कि हमें स्थायी समाधान नहीं मिल जाता तब तक सनत जयसूर्या राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त हैं।

## खेल डायरी

### ओडिशा के दो खिलाड़ियों को 15 लाख देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी। माझी ने कहा कि जेना और रोहिदास ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके अपने गृह नगरों के साथ पूरे राज्य को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के प्रयास, इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता से राज्य में युवाओं और उभरती प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार राज्य के हर कोने में ऐसी प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुरुष फुटबॉल के लिए अमेरिका की टीम घोषित

**वॉशिंगटन।** पेरिस ओलंपिक 2024 में फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अमेरिका ने सोमवार को मिहेलोविच, रॉबिन्सन और जिमरमैन सहित 18 पुरुष खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। चार अतिरिक्त खिलाड़ियों को वैकल्पक रूप में रखा गया है। गोलकीपर : पैट्रिक शुल्टे , गागा स्लोनिना, डिफेंडर : मैक्सिमिलियन डाइट्ज, नाथन हैरियल, माइल्स रॉबिन्सन, जॉन टोल्किन, कैलेब विले और वॉकर जिमरमैन। मिडफील्डर्स : जियानलुका बुसियो, बेंजामिन क्रेमास्ची, जैक मैकग्लिन, जोर्डजे मिहैलोविक और टान्नर टेसमैन। फॉरवर्ड : पैक्सटन आरोनसन, टेलर बूथ, डंकन मैकगायर, केविन पेरेडेस और ग्रिफिन यो। वैकल्पिक : जोश, जैकब, जोहान गोमेज और जॉन पल्सकैम्प शामिल हैं।

### ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे चोतरानी

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले 22 वर्षीय चोतरानी ने मैक्सिको के दूसरे वरीय अल्फ्रेडो अविला वर्गारा को 11-3 9-11 11-7 11-7 से हराकर पांचवीं बार किसी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया था।

### रेहान दूसरे पेशेवर टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में

**रबात (मोरक्को)।** भारत के रेहान थॉमस ने 20 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामिंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दूसरी पेशेवर प्रतियोगिता में ही शीर्ष 10 में जगह बनाई। दुबई में रहने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चार दौर में 69-73-69-72 का स्कोर बनाया। उनका कुल योग नौ अंडर रहा जिससे वह संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में भारत के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से केवल पांच खिलाड़ी कट में जगह बना पाए थे। भारतीय खिलाड़ियों में रेहान का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। कट में जगह बनाने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में वीर अहलावत (73) संयुक्त 29वें, ओलंपिक की तैयारी में लगे गगनजीत भुल्लर (79) और वरुण चोपड़ा (74) संयुक्त 33वें तथा राशिद खान (74) संयुक्त 37वें स्थान पर रहे। न्यूजीलैंड के बेन कैंपबेल ने जॉन कैटलिन को पीछे छोड़कर खिताब जीता।

# गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी-20 में जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन की जरूरत

चेन्नई, एजेंसी



भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।

दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि श्रृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें। बल्लेबाजी के मोर्चे पर पहले मैच में भारतीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53), स्मृति मंधाना (46), हरमनप्रीत (35), शेफाली वर्मा (18) और दयालन हेमलता (14) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। टी-20 में रविवार को पदार्पण करने वाली विकेटकीपर उमा छेत्री के टीम में बने रहने की संभावना है। टीम प्रबंधन बल्ले से उनके योगदान को देखना चाहेगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार लय में होने का सबूत दिया है। ब्रिट्स के अलावा, कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मारिजान कप्प और एनेके बॉश ने भी तेजी से रन बनाए है। दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र चिंता चोट से वापसी करने वाली बल्लेबाज क्लो ट्रायोन हैं। वह दोनों मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है। बांग्लादेश में आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, ट्रायोन खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी।

**मैच : शाम 07:00 बजे**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष, दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने।

### उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर : बाली



**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। 21 वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी। बाली ने छेत्री का बचाव किया और कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में शॉर्ट लेग पर जिस तरह से क्षेत्ररक्षण किया वह सराहनीय है। बाली ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि उसे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला। टेस्ट मैच के दौरान उसने 70 से 80 ओवर तक फील्डिंग की थी। वह बहादुर लड़की है। शॉर्ट लेग पर फील्डिंग करना आसान नहीं होता है। उसे तब चोट भी लगी थी लेकिन दर्द के बावजूद भी उसने वहां पर फील्डिंग की। उसका रवैया शानदार है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। मुझे बहुत खुशी है कि उसने ब्रिट्स को स्टंप आउट किया।

# अब युवराज को मुझ पर गर्व होगा : अभिषेक

हरारे, एजेंसी



भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिंबॉब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है।

अभिषेक भारत की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे। जिंबॉब्वे ने यह मैच 13 रन से जीता। अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा मैंने कल युवराज से बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की। रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।

## मालदीव के पर्यटन निकाय ने टी-20 विश्वविजेता टीम को किया आमंत्रित

**माले।** मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी-20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने संयुक्त बयान में कहा मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी/विजिट मालदीव) ने मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है। एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने के बाद गुरुवार को भारत लौटी है। इसमें कहा गया हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा। उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण मालदीव और भारत के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सांस्कृतिक और खेल संबंधों को दर्शाता है। शिउरी ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करना और उनकी जीत की खुशी का हिस्सा बनना मालदीव के लिए बहुत सम्मान की बात होगी।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंची जैस्मीन

लंदन, एजेंसी




- अल्कराज ने हम्बर्ट को हराकर बनाई जगह
- पाओलिनी पहली बार क्वार्टरफाइनल में
- सिनर ने बेन शेल्टर को दी शिकस्त

जीत के बाद जश्न मनातीं जैस्मीन पाओलिनी।

गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन में उगो हम्बर्ट को हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली वहीं महिला वर्ग में फ्रेंच ओपन उप विजेता इटली की जैस्मीन पाओलिनी भी अपने पहले विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। अल्काराज ने हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

क्वार्टर फाइनल में अल्काराज का सामना टॉमी पॉल और रोबर्टो बतिस्ता ऑगुट के बीच होने वाले मुकाबला होने पर आगे का रास्ता तय करेगा। वही महिलाओं के वर्ग में फ्रेंच ओपन उप विजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने पहले विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। चौथे दौर के तीसरे सेट में मेडिसन कीज पैर की चोट के कारण रिटायर हो गईं, तब स्कोर 5-5 था। इटली की खिलाड़ी जैस्मीन ने पहला सेट 6-3 से जीता था जबकि मेडिसन कीज ने दूसरा सेट 7-6 से अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

# फाइनल के लिए स्पेन को भेदना होगा फ्रांस का रक्षा कवच

यूरो कप 2024

म्यूनिख, एजेंसी



- फाइल फोटो

यूरो कप 2024 टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रही स्पेन की फुटबॉल टीम को मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अपना विजय क्रम जारी रखते हुए फाइनल में पहुंचने के लिए फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदना होगा।

टूर्नामेंट में अब तक स्पेन की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा है, उसने अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं और 11 गोल दागकर वहीं शीर्ष पर बनी हुई है जोकि उनके कौशल को दर्शाता है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। दूसरी ओर फ्रांस को अपनी मजबूत रक्षापंक्ति पर भरोसा है, जो पूरे टूर्नामेंट में लगभग अभेद्य रही है। हालांकि उसका अभी तक आक्रामक प्रदर्शन सामने नहीं आया है। केवल उनकी रक्षापंक्ति उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखा है। फ्रांस ने अभी तक केवल एक ही गोल खाया है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स का भी मानना है कि सेमीफाइनल में बेहतर आक्रामक खेल की आवश्यकता होगी। यह सेमीफाइनल पिछले चार प्रमुख टूर्नामेंटों में फ्रांस की तीसरी उपस्थिति है, जो उनकी स्थायी गुणवत्ता और जीतने की मानसिकता का प्रमाण है। हालांकि, इस तरह के शानदार फॉर्म में चल रही स्पेनिश टीम का सामना करना उनकी अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी। लेकिन उनकी रक्षापंक्ति निर्णायक साबित हो सकती है।

## दोस्ताना मैच में म्यांमार पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमार टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमार के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है। चार मैच हारे और एक ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर में हुआ था जो 3-3 से ड्रॉ रहा। संध्या रंगनाथन, संजू और एन रतनबाला देवी सभी उस टीम का हिस्सा थी और मौजूदा टीम में भी हैं। इन्होंने उस मैच में गोल दागे थे। इससे पहले भारतीय टीम चार बार एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में म्यांमार से हारी है। भारतीय कप्तान एल आशालता देवी ने कहा हमने उनके खिलाफ पहले भी खेला है तो हमें उनके बारे में पता है। म्यांमार की टीम शारीरिक रूप से काफी मजबूत है और उनकी रफ्तार भी अच्छी है। हम बेहतर प्रदर्शन करके उन्हें हरा सकते हैं।



अभ्यास सत्र में दौड़ लगातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको काम पर लौटेंगे

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको कृषि मंत्री के साथ एक कार्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह मई के मध्य में एक हत्या के प्रयास में बच गए थे। फिको और कृषि मंत्री रिचर्ड स्लोवेन्स्का नोवा वेस गांव में कृषि संघ एग्रो वोडेराडी का दौरा करेंगे, जहां वह कृषि और खाद्य चैंबर और स्थानीय किसानों के प्रतिनिधियों के साथ फसल की प्रगति की जानकारी लेंगे। मई के मध्य में हत्या के प्रयास के बाद शुक्रवार शाम को प्रधानमंत्री पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए थे।

### यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन प्रदर्शित करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी में इस सप्ताह आयोजित होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन प्रदर्शित करने की संभावना है। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में यूक्रेन को सैन्य, राजनीतिक और वित्तीय सहायता देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जा सकती हैं।
अधिकारियों के मुताबिक, सम्मेलन में यूरोपीय संघ और हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ अमेरिका के सहयोग को और मजबूत करने के लिए एक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

### पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज की इमारत में लगी आग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची स्थित पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) की इमारत में सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान आग लग गयी, जिसे कुछ समय बाद बुझा दिया गया। पुलिस और दमकलकर्मियों ने मीडिया को बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब आठ बजे आग लगने की सूचना मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग चौथी मंजिल पर लगी थी। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। आग से कुछ वस्तुओं को नुकसान पहुंचा है लेकिन किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

### नाइजीरियाई राष्ट्रपति टीनूबू बने इकोवास के अध्यक्ष

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू को पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। टीनुबू को पहली बार 9 जुलाई 2023 को गिनी-बिसाऊ में इस पद के लिए चुना गया था। समाचार एजेंसी ने टीनुबू के हवाले से कहा मैंने बुर्किना फासो, माली और नाइजर गणराज्य के लिए हमारे विशेष दूत बनने के लिए सेनेगल के राष्ट्रपति बस्सिरौ दियोमाये फेय को नियुक्त किया है, साथ ही टोगो के राष्ट्रपति फॉरे ग्नसिंगबे को माली में नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में बुर्किना फासो, नाइजर और माली ने समुदाय से अपनी वापसी की घोषणा की।

### कराची में हुए आतंकी हमले में अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में हुए एक आतंकवादी हमले में आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) का एक अधिकारी मारा गया। सीटीडी के उप महानिरीक्षक आसिफ ऐजाज शेख ने कहा कि मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात आतंकवादियों ने सीटीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी पर उस समय गोलियां बरसा दीं, जब वह कराची के करीमाबाद इलाके में अपने दोस्त से मिलने गए थे, जिससे वह और एक सुरक्षा गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ईवी की जगह हाइब्रिड कारें बन रहीं पहली पसंद

**अमृत विचार नेटवर्क।** बढ़ती डिमांड के कारण कार निर्माता कंपनियां हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की ओर तेजी से स्विच कर रही हैं। यह कारें इलेक्ट्रिक कारों का विकल्प साबित हो रही हैं। पिछले कुछ महीनों में हाइब्रिड कार खरीदारों के बीच नई पसंद बनकर उभरी हैं। इसमें पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर दोनों होती हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें फ्यूल की खपत कम होती है। वर्तमान में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार हाइब्रिड कारों की तुलना में कहीं अधिक है। फिर भी हाइब्रिड कारें तेजी से मार्केट को कैप्चर कर रही हैं। वर्ष 1999 में ने अमेरिका में पहली हाइब्रिड कार (एचईवी) का प्रोडक्शन किया था। आज के दौर में कार खरीदने वालों के पास एसयूवी, पिकअप जैसे हाइब्रिड वाहनों में बहुत अधिक विकल्प हैं।

## रफ्तार के हिसाब से पेट्रोल और इलेक्ट्रिक मोड होते हैं चेंज

हाईब्रिड कार की बैटरी पैक को रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम या आईसीई द्वारा संचालित जनरेटर के जरिए चार्ज किया जाता है। इलेक्ट्रिक मोटर के जरिए उत्पन्न अतिरिक्त बिजली आईसीई को वाहन की एफिशिएंसी में सुधार करने में मदद करती है। इलेक्ट्रिक बैटरी कार में मौजूद लाइट को भी चार्ज करने में सहायता करती है। हाइब्रिड वाहन फ्यूल एफिशिएंट होते हैं। वे फ्यूल इंजन का इस्तेमाल तभी करते हैं, जब पहाड़ या किसी ऊंचाई वाली जगह पर चढ़ रहे हों या कार की स्पीड बढ़ रही हो। गाड़ी जब धीमी रफ्तार पर होती है तो बैटरी पर चलती है और जैसे ही स्पीड बढ़ती है कार ऑटोमेटिक पेट्रोल पर शिफ्ट हो जाती है।

### कौन सी कार खरीदें

हर व्यक्ति की अपनी जरूरत पर निर्भर करता है कि आप रोज कितना गाड़ी चलाते हैं। अगर आप रोज 50 किलोमीटर से ज्यादा ड्राइव कर रहे हैं तो लंबे समय में हाइब्रिड कार आपको सस्ती पड़ेगी। आज भारत में कई बहुराष्ट्रीय कार निर्माता कंपनियों के अलावा स्वदेशी कंपनियां हाईब्रिड कारों का निर्माण कर रहीं हैं।

### इंटर्नल सिस्टम से चार्ज होती है बैटरी

हाइब्रिड वाहन (एचईवी) एक से अधिक ईंधन के विकल्प के साथ आते हैं। पहला कार में पेट्रोल या डीजल इंजन और दूसरा इलेक्ट्रिक इंजन। यानी कार को दोनों इंजन पावर सप्लाई देते हैं। खास बात यह है कि इसमें इंटर्नल सिस्टम के जरिए ही बैटरी चार्ज हो जाती है। बैटरी को अलग से चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके अलावा जब गाड़ी को बैटरी ऑपरेट करती है तो उस समय फ्यूल की भी बचत होती है। लंबी दूरी तय करने वालों के लिए यह कार फ्यूल सेवर साहित हो रही हैं।

## अन्य कारों से इस तरह अलग

इलेक्ट्रिक पावर कार इंजन के चालू या बंद होने पर ईंधन बचाती है, जबकि इंजन के पास इस्तेमाल न होने पर बंद करने के लिए एक ऑटोमेटिक कमांड होती है। जब ड्राइवर थ्रॉटल पेडल दबाता है तो यह अपने आप चालू हो जाती हैं। हाइब्रिड को किसी बाहरी चार्जर में प्लग करने की जरूरत नहीं होती। हाइब्रिड कार लोगों को नॉर्मल कारों की तुलना में बेहतर ईंधन एफिशिएंसी देती हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कारें चलने के लिए एक ही सोर्स यानी इलेक्ट्रिक मोटर से पावर लेती हैं। हाइब्रिड वाहनों में नियमित कारों की तुलना में ज्यादा मशीनरी होती है।



## कुछ महत्वपूर्ण तथ्य, जो आपके लिए जानना जरूरी

- हाइब्रिड का पेट्रोल इंजन छोटा और हल्का होता है क्योंकि वे कार को पावर देने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार नहीं होता। कार को पावर और सपोर्ट देने के लिए एक इलेक्ट्रिक मोटर होती है।
- यह कारें इलेक्ट्रिक मोटर पर निर्भर रहती हैं। इससे कार के फ्यूल की बचत होती है। जहां नॉर्मल एसयूवी 10 से 12 किलोमीटर का माइलेज देती हैं, वहीं हाइब्रिड कार 22 से 28 किलोमीटर का माइलेज देती है।
- हाइब्रिड कारों की बैटरी को सीएनजी या सामान्य कारों की तुलना में कम रख-रखाव की जरूरत होती है इसकी बैटरी को लंबे समय तक बेहतर चलने के लिए डिजाइन किया जाता है।
- यह कारें हल्के मटेरियल से बनी होती हैं और इनका इंजन काफी छोटा और हल्का होता है। इस वजह से वाहन को चलाने के लिए कम एनर्जी की जरूरत होती है।
- हाइब्रिड कारों की रीसेल कीमत अक्सर पेट्रोल या डीजल कारों की तुलना में अधिक होती है ।
- पेट्रोल कार के मुकाबले हाइब्रिड कारों की रनिंग कॉस्ट कम होती है क्योंकि इनमें ईंधन की खपत कम होती है।

# रूस से अच्छे संबंधों से भारत को होगा फायदा

## मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री का हुआ भव्य स्वागत, राष्ट्रपति पुतिन ने दिया प्राइवेट डिनर

- आर्थिक संबंधों व प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर केंद्रित होगी वार्ता
- 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे हैं रूस
- यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद यह मोदी की पहली यात्रा

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार से अपनी दो दिवसीय रूस यात्रा शुरू की जिसमें वह व्यापार, ऊर्जा एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान देते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। मॉस्को पहुंचते ही मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को गहन बनाने को लेकर आशान्वित हैं और भारत तथा रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। रूस के उपप्रधानमंत्री डेनिस ने वनुकोवो-2 हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की।

यह पिछले पांच साल में मोदी की रूस की पहली यात्रा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद उनकी पहली मॉस्को यात्रा है। पुतिन ने मॉस्को में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन के तहत मंगलवार को होने वाली वार्ता से पहले सोमवार रात को मोदी को प्राइवेट डिनर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मॉस्को पहुंचने पर भारतीय प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। शहर में कार्लटन होटल में भारतीय मूल के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और कुछ रूसी कलाकारों ने हिंदी गीतों की धुन पर नृत्य कर उनका स्वागत किया। मोदी ने भारत से रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा कि भारत एक शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहायक की भूमिका निभाना चाहता है।



मास्को हवाई अड्डे पर भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

### रूस यात्रा के बाद जाएंगे आस्ट्रिया

**मॉस्को।** रूस में नौ जुलाई को अपनी यात्रा पूरी करने के बाद मोदी ऑस्ट्रिया के लिए रवाना होंगे। यह, विगत 40 साल से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वहां की पहली यात्रा होगी। रूस के साथ अपनी मजबूत दोस्ती को इंगित करते हुए भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा नहीं की है। भारत यह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

### मोदी सरकार को सराहने को फिर मजबूर हुआ चीन

**बीजिंग।** चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की विदेश नीति की जमकर तारीफ की है। उसने कहा कि भारत ने अमेरिका की परेशान करने वाली हरकतों के बावजूद रूस के साथ संबंधों को मजबूत किया है। अखबार ने लिखा यह काफी आश्चर्यजनक है कि अमेरिका का दुनिया भर में इतना प्रभाव है, जबकि वह वैश्विक आबादी का 5 प्रतिशत से भी कम प्रतिनिधित्व करता है।

### भारतीय समुदाय मंदिर के निर्माण की मांग करेगा

**मॉस्को।** रूस में भारतीय समुदाय के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी से देश में एक हिंदू मंदिर, एक नई भारतीय स्कूल इमारत का निर्माण करने तथा भारत तक अधिक सीधी उड़ान सेवाओं की उपलब्धता के लिए उनसे सहयोग देने का अनुरोध करेंगे। रूस में रह रहे पटना के राकेश कुमार ने कहा कुछ चीजें हैं जो समाज में अब भी नदारद हैं। हम मोदी से एक हिंदू मंदिर के निर्माण की मांग करेंगे। एअर इंडिया जैसी कोई अन्य एयरलाइन रूस तक उड़ानों का संचालन करती है तो सीटों की उपलब्धता के साथ ही उड़ानों की संख्या भी बढ़ेगी।

# बाइडेन का राष्ट्रपति पद की दावेदारी छोड़ने से इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

- डेमोक्रेट सांसदों को नाटक समाप्त करने को कहा

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डेमोक्रेट सांसदों को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने से इनकार किया। साथ ही पार्टी के भीतर चल रहे उस नाटक को समाप्त करने का आह्वान किया, जिसने डेमोक्रेट नेताओं को इस बात पर विभाजित कर दिया है कि बाइडेन को दौड़ में बने रहना चाहिए या नहीं। बाइडेन ने सोमवार को दो पन्नों के पत्र में लिखा आगे कैसे बढ़ना है, यह सवाल पिछले एक सप्ताह से खूब चर्चा में है और अब इसे खत्म करने का समय आ गया है।

उन्होंने जोर दिया कि पार्टी का एक ही काम है कि नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराया जाए। बाइडेन ने पत्र में कहा कि आम चुनाव में 119 दिन बाकी हैं। कमजोर संकल्प या आगे के अभियान के बारे में स्पष्टता की कमी से सिर्फ ट्रंप को मदद मिलेगी और हमें नुकसान होगा। अब समय आ गया है कि हम एक साथ आएं, एक एकीकृत पार्टी के तौर पर आगे बढ़ें और डोनाल्ड ट्रंप को हराएं। राष्ट्रपति जो बाइडेन की उम्मीदवारी को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में मतभेद गहरे हो रहे हैं तथा इस बात को लेकर कई सांसद मुखर हो रहे हैं।



### बाइडेन को पद के विरोध में डेमोक्रेटिक के पांच सांसद

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के पांच सांसदों ने रविवार को अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडेन को बाहर हो जाना चाहिए। अटलांटा में 27 जून को हुई बहस में रिपब्लिकन पार्टी से अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बाइडेन के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा फोन कॉल पर की गई चर्चा के दौरान सांसदों- जेरी नाडलर, मार्क ताकानो, जो मोरेल, टेड लियू और एडम स्मिथ ने अपने विचार व्यक्त किए।

# देश की स्थिरता के लिए नहीं बदला पीएम

पेरिस, एजेंसी

- फ्रांस चुनाव से 20 दिन पहले बने गठबंधन ने जीतीं सर्वाधिक सीटें
- मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चुनाव परिणाम के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अटल के इस्तीफे से इनकार करते हुए उन्हें अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए कहा। इस चुनाव परिणाम के बाद सरकार का भविष्य अधर में है। फ्रांस में कोई भी पार्टी (वाम, मध्यमार्ग या दक्षिणपंथ समर्थक) सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत के नजदीक भी नहीं पहुंच पाई है।

रविवार को हुए मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप होने का खतरा बढ़ गया है। मैक्रों ने दांव खेला था कि समय पूर्व चुनाव कराने के उनके फैसले से फ्रांस को एक स्पष्ट दिशा मिलेगी, लेकिन परिणाम बिल्कुल विपरीत आया। पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में तीन हफ्ते से कम समय बचा है जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहेगा। मैक्रों के शीर्ष राजनीतिक सहयोगी राष्ट्रपति भवन में अटल के साथ बैठक में शामिल हुए। अटल ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह अचानक चुनाव कराने के मैक्रों के फैसले से असहमत थे। दो दौर के मतदान के बाद आए नतीजों में पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन, दूसरे स्थान पर रहे मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन या धुर दक्षिणपंथी गठबंधन में से किसी को भी सरकार बनाने का कोई स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। फ्रांस में राजनीतिक गतिरोध का यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक कूटनीति और यूरोप की आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।



### गठबंधन के लिए जरूरी 289 सीट के आंकड़े से बहुत दूर

सोमवार को जारी किए गए आधिकारिक चुनाव परिणाम के अनुसार, फ्रांस की दो सदन वाली विधायिका में से सर्वाधिक शक्तिशाली 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। तीनों ही गठबंधन बहुमत के लिए जरूरी 289 सीट के आंकड़े से बहुत दूर हैं। चुनाव परिणाम के मुताबिक, पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट को 180 से कुछ अधिक सीट मिली हैं, जबकि मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन को 160 से अधिक सीट प्राप्त हुई हैं। मरीन ले पेन की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली और उसके सहयोगी तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें 140 से अधिक सीट पर विजय मिली।

**बीएमडब्ल्यू हादसा मामला**

## शिवसेना नेता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में शिवसेना नेता राजेश शाह को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में उनका बेटा भी आरोपी है और इस समय फरार है।

पुलिस ने बताया कि शिवसेना नेता का बेटा मिहिर शाह (24) कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू कार चला रहा था, जिसने रविवार सुबह मुंबई के वर्ली इलाके में एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और इस हादसे में बाइक पर सवार कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई, वहीं उनके पति प्रदीप घायल हो गए। मामले में शाह का ड्राइवर राजर्षि बिदावत भी आरोपी है। उसे मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सीवरी अदालत) एसपी भोसले ने मंगलवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# 737 मैक्स विमान हादसों में आरोप स्वीकार करेगा बोइंग

वाशिंगटन, एजेंसी

- न्याय विभाग ने दी जानकारी, 2 घटनाओं में 346 की मौत पर भी सेफ्टी का नहीं रखा ध्यान

अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग उसके 737 मैक्स विमानों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं संबंधी आपराधिक धोखाधड़ी के मामले में आरोपों को स्वीकार करेगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने रविवार रात को यह जानकारी दी। इससे पहले अमेरिकी सरकार ने कहा था कि कंपनी ने उस समझौते का उल्लंघन किया है जिसने उसे अभियोग से तीन साल से अधिक समय तक बचाए रखा। संघीय अभियोजकों ने इस सप्ताह बोइंग को विकल्प दिया था कि वह अपनी सजा के तहत या तो अपने आरोप स्वीकार कर जुर्माना भरे या अमेरिका के साथ धोखाधड़ी के षड्यंत्र के आपराधिक आरोपों को लेकर मुकदमे का सामना करे। अभियोजकों ने अमेरिकी कंपनी पर उन नियामकों को धोखा देने का आरोप लगाया जिन्होंने विमान और पायलट-प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को मंजूरी दी थी। अमेरिकी सरकार और बोइंग के बीच समझौते को अभी किसी संघीय न्यायाधीश की मंजूरी मिलनी बाकी है। इस समझौते के तहत बोइंग को 24 करोड़ 36 लाख डॉलर का अतिरिक्त जुर्माना भरना होगा। बोइंग ने 2021 में हुए समझौते के तहत इतनी ही राशि का भुगतान किया था। अमेरिकी न्याय मंत्रालय का कहना है कि कंपनी ने इस समझौते का उल्लंघन किया था।




## रूस-यूक्रेन के बीच सीधा संवाद शुरू कराने में मदद का आह्वान

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से मुलाकात के दौरान वैश्विक महाशक्तियों से सीधा संवाद बहाल करने में रूस और यूक्रेन की मदद करने का आह्वान किया। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। ओरबान पिछले सप्ताह रूस और यूक्रेन की यात्रा करने के बाद अचानक चीन पहुंचे। वह यूक्रेन में शांति समझौते की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए ये यात्राएं कर रहे हैं। ओरबान ने शांति के लिए चीन की पहल की तारीफ करते हुए उसे सकारात्मक और महत्वपूर्ण बताया तथा उसे वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत करार दिया। ओरबान ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि रूस और यूक्रेन के अलावा युद्ध खत्म होना तीन वैश्विक महाशक्तियों... अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन के निर्णय पर निर्भर करता है।

## बॉलीवुड हलचल

### इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक'' फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। बताया जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे और इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है और इसे बदला भी जा सकता है। आदित्य इस फिल्म को अपने भाई लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस करने वाले हैं।



### फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में वापसी करेंगी नोरा फतेही

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही है। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म मटका में नोरा फतेही, वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली : द बिगिनिंग, किक 2 और ऊपरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा, मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया।



### सुनील शेट्टी बोले क्या बेटा अपने पिता के लिए चुनौती हो सकता है

**इंदौर।** सिनेमा बनाम ओटीटी मंचों की बहस को लेकर अभिनेता सुनील शेट्टी ने सोमवार को कहा कि सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने हालांकि कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच नये और प्रतिभाशाली अभिनेताओं के लिए सिनेमा के बड़े माध्यम में प्रवेश की राह जरूर तैयार करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ओटीटी मंचों को सिनेमा के लिए चुनौती मानते हैं, जिसपर शेट्टी ने कहा बिल्कुल नहीं। क्या एक पिता के लिए उसका बेटा चुनौती हो सकता है? सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब वीडियो कैसेट के बारे में कहा गया था कि इनके कारण सिनेमा जगत में उथल-पुथल मच जाएगी लेकिन ये कैसेट सिनेमा माध्यम का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाईं।

**बदलाव** — अत्यधिक सौर सक्रियता को लेकर भी लगने लगे हैं कयास

# पहले प्रचंड गर्मी अब भीषण बारिश जलवायु परिवर्तन के संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पहले बियावान सूखा, फिर प्रचंड गर्मी के बाद अब भीषण बरसात जलवायु भविष्य के लिए अच्छे संकेत नही हैं। इसके पीछे की वजह ग्लोबल वार्मिंग तो मुख्य वजह मानी जाती रही है, वहीं इस बार सूर्य के रिकॉर्ड तोड़ सक्रिय होने के कयास भी लगाए जाने लगे हैं। बहरहाल इसका हमारी जलवायु पर असर डालने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नही है।

मौसम की दुश्वारियां इस बार सिर चढ़कर बोली हैं। शरदकाल सूखे की भेंट चढ़ गया और मई जून की भीषण गर्मी ने देश में सैंकड़ों जाने लेली। इसके बाद मानसून ने शुरुआत में ही तांडव दिखाना शुरू कर दिया है। इसकदर तबाही मचाने वाले मानसून पहले कम ही देखने को मिला है। 2013 में आए मानसून ने केदार जैसी भयानक आपदा को जन्म दिया था। उसका कारण मानसून के साथ पश्चिमी विक्षोभ का शामिल होना था। उत्तराखंड में वह मानसून शुरुआती चरण का था और इस बार भी मानसून का प्रारंभ अच्छे लक्षण नही हैं। पिछले सप्ताहभर से बरस रहा मानसून जारी है। मौसम की बिगड़ी फितरत को लेकर मौसम के जानकारों का कहना है कि वैश्विक ताप इसकी प्रमुख वजह है। मगर दूसरी ओर लोग सौर सक्रियता भी इसकी वजह होने के कयास लगाने लगे हैं। दरअसल सूर्य पिछले करीब एक वर्ष से जबर्दस्त सक्रिय है। जिसने एक्स क्लास समेत एम व सी श्रेणी की सैकड़ों ज्वालाएं उगली हैं, जो अपनेआप में ऐतिहासिक रही हैं। जिसे लेकर कयास लगाने स्वाभाविक भी है, लेकिन इनकी वैज्ञानिक प्रमाणिकता नही होने के कारण कुछ नही कहा जा सकता है। मगर इस तथ्य से इंकार भी नही किया जा सकता है।



### जलवायु परिवर्तन के दूसरे कारणों से भी इनकार नही किया जा सकता

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि इसमें दोराय नही कि ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण है। मगर दूसरे कारण भी हो सकते हैं। जिनके बारे में हम अंजान हों। इस दिशा में व्यापक शोध की जरुरत है। सूर्य की गतिविधियों पर अधिक शोध किए जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। हमारे सौरमंडल के अन्य ग्रहों पर भी पर्यवारण संबंधी शोध कर कुछ नए परिणाम आ सकते हैं। जिनसे पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन को नई दिशा भी मिल सकती है।